* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 मार्च, 2023
चैत्र, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 145

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में दिशोम गुरु शिबू सोरेन पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके सहयोगी मंत्रिगण और विधायकों ने उनसे मुलाकात की और आशीर्वाद लिया।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

बजट के मुख्य बिंदु

कृषि

- झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत 4.5 लाख से अधिक किसानों के ₹1,727 करोड़ के ऋण माफ
- सुखाड़ राहत हेतु 13 लाख किसानों के खाते में ₹461 करोड़ हस्तांतरित। शेष को शीघ्र राहत
- 5 एकड़ से कम क्षेत्र वाले तालाबों का गाद हटाने एवं डीप बोरिंग हेतु ₹500 करोड़
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना से जुड़ेंगे लाखों किसान। ₹300 करोड़ का बजटीय उपबंध
- गिरिडीह और जमशेदपुर में नया डेयरी प्लांट तथा रांची में मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की होगी स्थापना
- लाखों दुग्ध उत्पादकों को अब ₹3 प्रति लीटर की दर से मिलेगी प्रोत्साहन राशि
- मिलेट उत्पादन के प्रोत्साहन हेतु झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन होगा शुरू

ग्रामीण विकास

- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन अंतर्गत 1 लाख किसानों की व्यक्तिगत भूमि पर सिंचाई कूप का निर्माण
- पीएम आवास – ग्रामीण इलाकों में घरों के निर्माण हेतु ₹3,542 करोड़ प्रस्तावित

ग्रामीण कार्य

- पीएम ग्राम सड़क अंतर्गत 3,100 किमी सड़क तथा 143 पुल निर्माण की योजना
- सीएम ग्राम सड़क अंतर्गत सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र, बाजार-हाट, पंचायत कार्यालय, मध्य/उच्च विद्यालय, पोस्ट ऑफिस/बैंक को पक्की सड़क से जोड़ने की योजना
- पुरानी सड़कों को चरणबद्ध तरीके से जीर्णोद्धार करने हेतु सतह नवीकरण-सह-विशेष मरम्मती योजना होगी शुरू

स्कूली शिक्षा एवं उच्च शिक्षा

- 80 उत्कृष्ट विद्यालय तथा 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूलों के साथ-साथ 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालयों पर कार्य जारी
- नेतरहाट स्कूल की तर्ज पर चाईबासा, दुमका तथा बोकारो में आवासीय विद्यालय का होगा निर्माण
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना एवं एकलव्य प्रशिक्षण योजना अंतर्गत करीब 37,000 छात्र-छात्राओं को लाभ देने का लक्ष्य

झारखण्ड सरकार

हमीन कर बजट 2023-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग

- मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत 1,40,000 युवक-युवतियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण। प्रशिक्षण उपरांत रोजगार न मिलने पर 6 माह तक पुरुषों को ₹1,000 तथा महिलाओं और दिव्यांगजनों को ₹1,500 प्रतिमाह दिया जायेगा

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण

- वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों को ₹462 करोड़ से अधिक भुगतान
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (CMEGP) अंतर्गत 5,600 युवाओं को अब तक मिला लाभ। 2023-24 में योजना अंतर्गत 2 लाख युवाओं को लाभ देने का लक्ष्य
- सभी छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क भोजन एवं हॉस्टल में रसोईया तथा अन्य कर्मी होंगे उपलब्ध
- हॉस्टल में मॉडल लाइब्रेरी की स्थापना का लक्ष्य
- जनजातीय संस्कृति एवं कला केंद्रों में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति का प्रस्ताव
- मानकी, मुंडा, डकुआ आदि को न्यायिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य हेतु दोपहिया वाहन सुलभ कराने का प्रस्ताव

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण

- बोकारो एवं रांची में मेडिकल कॉलेज की होगी स्थापना
- पलामू, चाईबासा एवं दुमका में मनोचिकित्सा केंद्र की स्थापना प्रस्तावित
- मोबाइल ग्राम क्लिनिक का होगा संचालन और प्रबंधन
- नए नर्सिंग और फार्मेसी कॉलेज की होगी स्थापना

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा

- सर्वजन पेन्शन योजना हेतु ₹2,131 करोड़ प्रस्तावित
- महिला एवं किशोरी कल्याण योजना होगी शुरू
- 800 नए आंगनबाड़ी भवन का होगा निर्माण

जल संसाधन

- पटमदा तथा पलामू में मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएं प्रस्तावित। दुमका में मसलिया-रानेश्वर तथा देवघर-जामताड़ा में सिकटिया में मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना पर चल रहा काम

पथ निर्माण

- रांची में सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक तक फ्लाईओवर, कांटाटोली फ्लाईओवर तथा विकास विद्यालय से नामकुम तक फोरलेन पर काम जारी
- सड़कें बनेंगी फोरलेन
  1. साहेबगंज-बरहेट-जामताड़ा- दुमका-गोविंदपुर सड़क
  2. कोडरमा-जमुआ-गिरिडीह-टुंडी-गोविंदपुर (SH-13) सड़क
  3. सतसंग-भिरखीबाद सड़क

ऊर्जा

- 100 यूनिट नि:शुल्क बिजली योजना का 18 लाख उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ। वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना हेतु ₹2,300 करोड़ का बजट

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य

- खेलकूद को बढ़ावा देने हेतु ग्रास रूट ट्रेनिंग सेंटर एवं सिद्धो-कान्हू युवा क्लब की होगी स्थापना

नगर विकास एवं आवास

- रामगढ़ एवं सिमडेगा शहरी जलापूर्ति तथा 45 तालाबों का होगा जीर्णोद्धार
- झुमरीतिलैया तथा मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना एवं राँची इन्टेक वर्क्स का होगा निर्माण
- Jharkhand Municipal Development Project (JMDP) अंतर्गत लोहरदगा, गुमला एवं कपाली नगर निकायों में शहरी जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण कार्य होगा प्रारंभ

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन

- लघु वन उत्पादों की प्रसंस्करण इकाइयाँ होंगी प्रोत्साहित
- जंगल के बीच अवस्थित गांव, जहां अबतक पक्की सड़क नहीं बनी, उन सभी गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने का लक्ष्य

P.R. 292713 (IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,500 रु./10 ग्राम
चांदी 71,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in

'मिशन माइनॉरिटी' के तहत 60 सीटों को साधने में जुटी भारतीय जनता पार्टी

14 राज्यों की इन सीटों पर 30 फीसदी से अधिक हैं मुस्लिम मतदाता

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने देश की सत्ता में लगातार तीसरी बार वापस आने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। अगले साल की पहली छमाही में होनेवाले आम चुनावों के लिए पार्टी ने खास रणनीति तैयार की है और इस पर अमल भी शुरू कर दिया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ग्राउंड वर्क और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश के बाद पार्टी ने अल्पसंख्यक समुदाय में पहुंच बनाने का मेगा प्लान बनाया है। इसके लिए भाजपा ने 14 राज्यों में 64 जिलों के 60 लोकसभा क्षेत्रों की पहचान की है, जहां अल्पसंख्यक आबादी 30 फीसदी से ज्यादा है। इन सीटों के लिए भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने खास प्लान बनाया है। यह आउटरीच प्लान चार महीने का होगा। भाजपा के इस प्लान के दायरे में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सीट वायनाड भी आती है। मतलब साफ है कि राहुल गांधी से अमेठी छीनने के बाद भाजपा अब उन्हें वायनाड में भी हराने की तैयारी कर रही है। प्लान के अनुसार पार्टी कार्यकर्ता इन 60 सीटों में पांच हजार ऐसे लोगों की पहचान करेंगे, जो पीएम मोदी और उनकी कल्याणकारी योजनाओं की तारीफ करते हैं। इनके जरिये ही उस समाज में पकड़ मजबूत की जायेगी। होली के बाद 10 मार्च से इस प्लान की शुरुआत हो चुकी है। कुछ दिन पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मुसलमानों को करीब लाने की कोशिश के तहत मेल-मुलाकातों का सिलसिला शुरू किया गया था, जिसके बाद भाजपा की ओर से यह अभियान शुरू किया गया है। इस मेगा प्लान का चुनाव परिणाम पर क्या असर पड़ेगा, यह अभी तो कहा नहीं जा सकता है, लेकिन इसने विपक्षी खेमे में हलचल जरूर मचा दी है। भाजपा के इस मेगा प्लान के बारे में बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा ने 10 मार्च से देशभर में मुस्लिमों के साथ जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। यह अभियान कई चरणों में लागू होगा, लेकिन पहले चरण में 14 राज्यों में इसकी शुरुआत की गयी है, जिसमें 64 जिले शामिल हैं। इन राज्यों में जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, गोवा, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, लद्दाख, महाराष्ट्र, केरल और बिहार शामिल हैं। इन 60 लोकसभा सीटों की खास बात यह है कि यहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 30 फीसदी से अधिक है। इनमें केरल की वायनाड सीट भी है और बंगाल की 13 सीटें भी। बिहार की अररिया और किशनगंज भी है। 2014 और 2019 में इनमें से महज सात सीटें ही भाजपा की झोली में आयी थीं। पिछले कुछ समय से आरएसएस भी लगातार मुसलमानों से संवाद कर रहा है। भाजपा इसी कड़ी को आगे बढ़ा रही है।

क्यों शुरू किया गया है अभियान

जनवरी में हुई भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय और खासकर पसमांदा मुसलमानों तक पहुंचने की बात कही थी। इसी को लेकर अब पार्टी की तरफ से संवाद अभियान शुरू किया गया है, जबकि संघ और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच पहले से ऐसे संवाद कार्यक्रम कर रहे हैं।

आरएसएस के ग्राउंड वर्क के बाद अब भाजपा ने शुरू किया संपर्क अभियान

क्या है इस अभियान का मकसद

दरअसल, विपक्षी दल भाजपा पर मुस्लिम विरोधी पार्टी होने का आरोप लगाते हैं। विभिन्न चुनावों के वोटिंग पैटर्न पर नजर डालने से पता चलता है कि अल्पसंख्यक समाज भाजपा को वोट देने से कतराता रहा है। उसका मानना है कि भाजपा एक हिंदूवादी पार्टी है। ऐसे में पार्टी को लगता है कि अगर उसे लंबे समय तक सत्ता में रहना है, तो सभी समुदायों को साथ लेकर चलना होगा। इसके लिए संघ भी मुस्लिमों से संवाद स्थापित कर उन्हें भरोसे में लेने का प्रयास कर रहा है।

भाजपा का क्या प्लान है

2024 में भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि वह मुस्लिम विरोधी नहीं है। वह खुले मन से इस समाज को गले लगाने के लिए तैयार है। यह सही है कि लोकसभा और विधानसभाओं में भाजपा का एक भी मुसलमान सांसद और विधायक नहीं है। इसको लेकर पार्टी की खासी आलोचना होती रही है। भाजपा पर अक्सर चुनावों में मुस्लिमों को टिकट नहीं देने का आरोप लगता रहा है। ऐसे में पार्टी अब इस नैरेटिव को बदलना चाहती है। इसी के तहत पार्टी ने त्रिपुरा में दो मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया। जाहिर है इस दिशा में पार्टी को काफी काम करना बाकी है। पार्टी अति पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के बाद अब मुस्लिम वोटर विशेषकर पसमांदा मुस्लिमों को अपने पाले में लाने की कोशिश में है।

आरएसएस की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की जो परिकल्पना है, वह उसको वृहद करना चाहता है और उसी क्रम में इस तरह की पहल की जा रही है। वास्तव में आरएसएस अब नयी दिशा में काम कर रहा है। मुसलमानों के बारे में जो उसका विचार है, उसको मोहन भागवत बदल रहे हैं। इसका कितना फायदा भाजपा को मिलेगा, यह अभी कहना मुश्किल है, लेकिन इतना जरूर है कि आपसी नफरत जरूर मिटेगी। भाजपा नेता बार-बार कहते हैं कि पार्टी की फिलॉसफी सर्व धर्म समभाव की है। हम समावेशी विकास कर रहे हैं और हमने तय किया है कि हम सबके के पास जायेंगे। विपक्ष भाजपा का भय दिखा कर तुष्टीकरण की राजनीति करता रहा है। 70 साल तक कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को वोट बैंक समझा है। लेकिन हम उनके हक की बात कर रहे हैं। हम उस समाज के भ्रम को दूर करने के लिए पहल कर रहे हैं और निश्चित तौर पर हमें सफलता मिलेगी।

महज आठ फीसदी वोट ही मिले थे भाजपा को

जहां तक वोट की बात है, तो देश में मुस्लिमों की आबादी 30 फीसदी के करीब है। 2014 और 2019 के चुनावों में इनमें से महज आठ फीसदी वोट ही भाजपा को मिले थे। इन 60 सीटों में से सात पर भाजपा को जीत हासिल हुई थी। इस बार पार्टी इस संख्या को 40 तक ले जाने की योजना पर काम कर रही है। ऐसा नहीं है कि भाजपा को मुस्लिमों का वोट नहीं मिलता। चुनाव बाद के सर्वे में देखा गया है कि मुसलमानों ने भी भाजपा को वोट दिया है। 2002 में गोधरा कांड होने के बाद भी भाजपा गुजरात की सत्ता में लंबे समय से काबिज है। भाजपा ने 2022 में गुजरात चुनाव में जो जीत हासिल की है, वह उसकी सफलता की कहानी बयां करती हैं

क्या अल्पसंख्यकों का भरोसा जीत पायेगी भाजपा

भाजपा का यह अभियान आखिर में कितना सफल होगा, यह अभी नहीं कहा जा सकता है, लेकिन इसने माहौल जरूर बदला है। अब मुस्लिम समाज कह रहा है कि उसे भाजपा-आरएसएस से कोई दुश्मनी नहीं है। अगर वे करीब आने की कोशिश करते हैं, तो स्वागत है, लेकिन नफरत का माहौल खत्म होना चाहिए और संविधान के मुताबिक काम होना चाहिए। मुसलमान कहते हैं कि बोलने से काम नहीं चलेगा, एक्शन होना चाहिए। भाजपा और संघ अगर पसमांदा के लिए कुछ बेहतर करना चाहते हैं, तो अच्छा है। उन्हें उनका हक मिलना चाहिए।

पसमांदा मुसलमानों में भाजपा को क्यों दिख रहा अवसर

पसमांदा पिछड़े और दलित मुसलमान को कहते हैं। वे गरीब हैं। देश के मुसलमानों में 80 फीसदी आबादी पसमांदाओं की है। भाजपा इसे अवसर के रूप में देख रही है। पसमांदा मुसलमानों को कम राजनीतिक दलों ने ही तवज्जो दी है। भाजपा-आरएसएस की सोच है कि अगर उसमें से 15 से 20 फीसदी भी साथ आ गये, तो उनका काम हो जायेगा। मुस्लिम आदतन भाजपा विरोधियों को वोट देते हैं। ऐसे में भाजपा अगर किसी मुस्लिम नेता को प्रमोट कर दे, तो यह समाज पार्टी के साथ आ सकता है।

भाजपा को कितना मिलेगा फायदा

यह बात शीशे की तरह साफ है कि संघ को अपर कास्ट का संगठन माना जाता है, लेकिन उसने पिछड़ी जाति से आनेवाले नरेंद्र मोदी को आगे किया और आज वह प्रधानमंत्री हैं। भाजपा और आरएसएस उसी सोच के तहत काम कर रहे हैं। उन्हें पता है कि अगर 2024 में सत्ता बरकरार रखनी है, तो मुस्लिम मतदाताओं के कुछ वोट हासिल करने होंगे।

भाजपा के सामने क्या है चुनौती

दरअसल, भाजपा और संघ अल्पसंख्यकों का विश्वास जीतने के लिए पहल तो कर रहे हैं, लेकिन हेट स्पीच, मॉब लिंचिंग और गौ-तस्करी के नाम पर हत्या जैसे कई उदाहरण हैं, जो पार्टी पर सवाल उठाते रहे हैं। भाजपा और आरएसएस मुसलमानों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए मुहिम चला रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ उससे जुड़े संगठन हेट स्पीच दे रहे हैं, जो विरोधाभास पैदा करता है। अगर भाजपा वाकई चाहती है कि उसके प्रति मुसलमानों का नजरिया बदले, तो उसे ऐसे संगठनों पर कड़ी कार्रवाई करनी होगी, तभी मुसलमानों में अच्छा संदेश जायेगा।

किसको होगा नुकसान

भाजपा अगर थोड़ा बहुत पसमांदा मुसलमानों को अपने पाले में करने में सफल होती है, तो उसका सीधा असर कांग्रेस के अलावा क्षेत्रीय दलों पर पड़ेगा। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राजद, जदयू और टीएमसी जैसे दलों को भारी नुकसान हो सकता है।

विपक्ष का बहिष्कार, ग्रामीण विकास विभाग के लिए 8165 करोड़ रुपये की अनुदान मांग पारित

हम घोषणा पर नहीं धरातल पर काम करने में विश्वास करते हैं : आलमगीर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद स्पीकर ने ग्रामीण विकास मंत्री को वक्तव्य देने के लिए आमंत्रित किया। इसका भाजपा के विधायकों ने विरोध किया और हंगामा करते हुए सदन का बहिष्कार किया। विपक्ष के बहिष्कार के बाद ग्रामीण विकास विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 8165 करोड़ रुपये की अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित हुई। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि हम घोषणा पर नहीं, काम पर विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के

तहत 1700 किमी सड़क को आवागमन योग्य बनाया गया है। गांव के बच्चों के हुनर को निखारने के लिए पंचायतों में खेल का मैदान तैयार करवाया है। खेल सामग्री का वितरण किया जा रहा है। पंचायत सशक्तिकरण के लिए योजना बनायी जा रही है। पंचायत सचिवालय का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी के मामले में आज झारखंड देश मे नंबर एक है। मंत्री के जवाब के बीच विधायक मथुरा महतो, राजेश कच्छप और सरफराज अहमद ने कहा कि संवेदक विधायकों को शिलान्यास के समय नहीं बुलाते, यह विधायकों की अवमानना है।

मुआवजा मांगने तीर-कमान और डुगडुगी लेकर सड़क पर उतरे सैकड़ों ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बुधवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में विस्थापित ग्रामीण लाठी-डंडा, तीर-कमान और डुगडुगी के साथ सड़क पर उतर आये। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों में महिला और पुरुष समान रूप से शामिल थे। चार घंटे बाद लोग हटे। जामताड़ा-करमाटांड़ लहरजोड़ी पथ के सैकड़ों विस्थापित बुधवार को मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर उतरे। बुधवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में विस्थापित ग्रामीण लाठी-डंडा, तीर-कमान और डुगडुगी के साथ सड़क पर उतर आये। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों में महिला और पुरुष समान रूप से शामिल थे। विस्थापितों का आरोप है कि वर्ष 2014 में सड़क निर्माण का काम शुरू हुआ था। सड़क के लिए उनकी जमीनें अधिग्रहित की गयीं। मुआवजे का वादा किया गया था, लेकिन आठ वर्ष बीतने के बावजूद मुआवजा नहीं दिया गया।

प्रशासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मुआवजे की मांग को लेकर वे लोग भू-अर्जन कार्यालय से लेकर उपायुक्त ऑफिस तक का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन मुआवजा भुगतान की दिशा में कोई पहल नहीं की गयी। मजबूरन उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा। गौरतलब है कि बुधवार को सुबह 8 बजे से ही ग्रामीण सड़क पर जुटने लगे थे।

अध्यक्ष महोदय, मुझे लगता है आपका आसन थोड़ा दाहिनी ओर झुका हुआ है : सुदेश महतो

आजसू के अध्यक्ष और सिल्ली के विधायक सुदेश महतो ने सदन में ऐसा कुछ कह दिया, जिससे थोड़ी देर के लिए सन्नाटा पसर गया।

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बुधवार को झारखंड विधानसभा के सत्र की कार्यवाही हंगामे के बीच चल रही थी। एक तरफ प्रश्न काल चल रहा था, तो दूसरी तरफ बीजेपी के विधायक नियोजन नीति के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर रहे थे। इस बीच आजसू के अध्यक्ष और सिल्ली के विधायक सुदेश महतो ने सदन में ऐसा कुछ कह दिया, जिससे थोड़ी देर के लिए सन्नाटा पसर गया।

विधानसभा अध्यक्ष पर पक्षपात का लगाया आरोप

सुदेश महतो ने कहा कि अध्यक्ष महोदय, आप बिल्कुल सही कह रहे हैं कि सदन सुचारू रूप से चले, इसकी जिम्मेदारी पक्ष और विपक्ष दोनों की है। लेकिन अध्यक्ष महोदय, आप नियोजन नीति के मामले में सरकार से जवाब क्यों नहीं मांगते। जब विपक्ष इस मसले पर मुख्यमंत्री और सरकार से जवाब मांग रहा है, तो आप जवाब क्यों नहीं मांगते। सुदेश महतो ने कहा कि अध्यक्ष महोदय, मुझे लगता है कि आपकी कुर्सी दाहिनी तरफ झुकी हुई है। मतलब पक्ष की तरफ आपका झुकाव है।

मेरा मुंह मत खुलवाइए : अध्यक्ष

सुदेश महतो की बात पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि यह आपके मन की बात है। आप मेरा मुंह मत खुलवाइए। हम बोलेंगे तो आप लोग चुप हो जाइयेगा। इसलिए कुर्सी की गरिमा बनी रहने दीजिए।

अमानवीय पुलिसिया कार्रवाई किसी भी स्तर पर न्यायसंगत नहीं, दोषी पुलिसकर्मियों पर हो ठोस कार्रवाई : डॉ रणधीर

सुधीर सिन्हा

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। बीती रात 9 मार्च को गिरिडीह के बिरनी थाना अंतर्गत जनता जरीडीह में हुई अमानवीय पुलिसिया कार्रवाई पर संज्ञान लेते हुए नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो (एन एच आर सी सी बी) राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार ने निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार, मुख्यमंत्री झारखंड, राष्ट्रीय मानवधिकार एवं महिला आयोग भारत सरकार नयी दिल्ली को पत्र लिखा है। उपरोक्त पत्र में डॉ रणधीर कुमार ने उल्लेख किया है कि 9 मार्च को पुलिस के द्वारा जनता जरीडीह में ग्रामीणों के साथ पुलिसिया कार्रवाई का वीभत्स चेहरा देखने को मिला, जो किसी भी रूप में न्यायसंगत नहीं है। जिस प्रकार से पुलिस द्वारा देर रात मुखिया समेत सैकड़ों ग्रामीणों, बच्चों एवं महिलाओं पर बेरहमी से पुलसिया कार्रवाई थाना प्रभारी की मौजूदगी में हुई यह प्रशासन को कतई शोभा नहीं देता है । देर रात बिना महिला पुलिस बल के महिलाओं के साथ बुरा बर्ताव एवं घरों में उत्पात मचाया, जो बेहद ही शर्मनाक है। घटना घटित होने के छह दिनों के बाद भी ग्रामीणों का जनजीवन सामान्य नहीं हो पाया है। ग्रामीण भय के माहौल में जीवन यापन कर रहे हैं। गिरफ्तार छात्रों में दो ऐसे छात्र हैं, जिनकी परीक्षा आगामी माह में संभावित है। पुलिस ने 48 निर्दोष ग्रामीणों को नामजद अपराधी बनाया है एवं 150 ग्रामीणों को अज्ञात अभियुक्त बनाया है, जो कई सवालों को उत्पन्न करता है। डॉ रणधीर कुमार ने उपरोक्त पत्र में मांग करते हुए लिखा कि आम जनमानस की भावनाएं एवं अधिकारों की रक्षा का ध्यान रखते हुए इस अमानवीय पुलिसिया कार्रवाई में गिरफ्तार निर्दोष ग्रामीणों को तत्काल रिहा किया जाये, एवं इस संपूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच केंद्रीय जांच एजेंसी से कराते हुए दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों पर उचित कठोर कार्रवाई करें ताकि ऐसी घटना पुनः ना हो।

पीएम ने एक मित्र पूंजीपति को विश्व के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बनाने में मदद क्यों की ?

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ के पीएम से सवाल

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ के पीएम से सवाल देशवासी जानना चाहते हैं कि कैसे एक संदिग्ध साख वाला समूह, जिस पर टैक्स हेवन देशों से संचालित विदेशी शेल कंपनियों से संबंधों का आरोप है, भारत की संपत्तियों पर एकाधिपत्य स्थापित कर रहा है। इस सब पर सरकारी एजेंसियां या तो कोई कार्यवाही नहीं कर रही हैं या इन सब संदिग्ध गतिविधियों को ही सुगम बनाने में जुटी हैं। देश जानना चाहता है कि प्रधानमंत्री ने एक मित्र पूंजीपति को विश्व के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बनाने में मदद क्यों की और वे इस गंभीर अंतरराष्ट्रीय खुलासे पर चुप क्यों हैं? रांची आए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. गौरव वल्लभ ने पीएम को लेकर उक्त सवाल खड़े किए।

संयुक्त संसदीय समिति बनाने से क्यों डर रही है मोदी सरकार

उन्होंने कहा कि हम किसी व्यक्ति के दुनिया के अमीरों की सूची में 609वें से दूसरे स्थान पर पहुंचने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हम निस्संदेह सरकार द्वारा प्रायोजित निजी एकाधिकारों के खिलाफ है क्योंकि वे जनता के हितों के विरुद्ध होते हैं। हम जानना चाहते हैं कि मोदी सरकार इस मुद्दे पर जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) बनाने से क्यों डर रही है जबकि संसद के दोनों सदनों में उसका अच्छा बहुमत है। उन्होंने बताया कि स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक में 2021 में स्विस बैंकों में जमा भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों का पैसा 14 वर्षों के उच्चतम स्तर 3.83 बिलियन स्विस फ्रैंक्स यानी 30,500 करोड़ रु. से अधिक है।

धोखाधड़ी हो रही थी तो सेबी क्या कर रहा था?

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि अडानी समूह के खिलाफ स्टॉक में हेरफेर के आरोपों के सार्वजनिक होने के बाद शेयरों की कीमतों में गिरावट हुई। लाखों निवेशकों को नुकसान हुआ। 24 जनवरी और 15 फरवरी 2023 के बीच अडानी समूह के शेयरों के मूल्य में 10,50,000 करोड़ रुपये की गिरावट हुई। 19 जुलाई 2021 को वित्त मंत्रालय ने संसद में स्वीकार किया था कि अडानी समूह सेबी के नियमों का उल्लंघन करने के लिए जांच के दायरे में है। फिर भी अडानी समूह के शेयरों की कीमतों में उछाल क्यों आने दिया गया।

एलआइसी को अडानी में निवेश करने पर मजबूर किया

गौरव वल्लभ ने कहा कि एलआईसी द्वारा खरीदे गए अडानी समूह के शेयरों का मूल्य 30 दिसंबर 2022 को 83 हजार करोड़ रुपए था जो 15 फरवरी को घटकर 39,000 करोड़ रुपये रह गया।

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 मार्च, 2023
चैत्र, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 145

इमरान को गिरफ्तार किये बगैर लौटी पुलिसः कहा- लाहौर में 19 मार्च तक क्रिकेट मैच, हम नहीं चाहते कि दिक्कत हो

कैबिनेट : सरकार ने 40 प्रस्तावों को दी मंजूरी

मेडिकल प्रोटेक्शन बिल को कैबिनेट ने दी मंजूरी

- शर्तों के साथ शैक्षणिक संस्थानों को 75 प्रतिशत की छूट
- जिलावार नियुक्ति के लिए आरक्षण के संशोधन को स्वीकृति। इसमें इडब्ल्यूएस को 10 फीसदी आरक्षण दिया जायेगा।

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बुधवार को हुई हेमंत कैबिनेट की बैठक में डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गयी। कैबिनेट ने झारखंड व्यक्ति, चिकित्सा सेवा संस्थान हिंसा निवारण विधेयक 2023 की मंजूरी दे दी। इस प्रस्ताव के पारित होने के बाद चिकित्सकों और संस्थानों की सुरक्षा को लेकर इसे बड़ा निर्णय माना जा रहा है। अब कोई व्यक्ति डॉक्टर या अस्पतालों पर हमला करेगा तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। झारखंड के डॉक्टर कई वर्षों से इसकी मांग कर रहे थे। प्रस्ताव के पारित होने से सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों व डॉक्टरों को इसका लाभ मिलेगा। वहीं निकाय चुनाव 2000-23 को स्थगित करने की मंजूरी दी गयी। सरकार ने होल्डिंग टैक्स में बदलाव किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में झारखंड नगर पालिका संपत्ति कर निर्धारण संग्रहण एवं वसूली संशोधन नियमावली 2022 के नियमों में बदलाव को स्वीकृति दी गयी। वहीं, यह भी निर्णय हुआ कि शैक्षणिक संस्थानों से मात्र 25 प्रतिशत होल्डिंग टैक्स लिया जायेगा और 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके तहत वैसे शैक्षणिक संस्थान, जो ट्रस्ट या नन प्रॉफिट शैक्षणिक संस्थानों के रूप में रजिस्टर्ड हैं, उन्हें ही इस छूट का लाभ मिलेगा। वहीं, कोचिंग संस्थानों को यह सुविधा नहीं मिलेगी। इसके अलावा सरकार ने राज्य के श्रेष्ठ और वृद्ध कलाकारों के मासिक मानदेय में बढ़ोत्तरी की है। पहले जिन्हें 1000 मिलता था, अब 4000 मिलेगा। जिन्हें 4000 मिलता था, अब उन्हें 8000 मिलेगा। कैबिनेट ने कुल 40 प्रस्तावों को मंजूरी दी। **घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत :** कैबिनेट ने जेबीवीएनएल के ग्रामीण और शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने का निर्णय लिया है। इसके तहत जिन उपभोक्ताओं की बिजली खपत 5 किलोवाट तक है, उन्हें डिलेड पेमेंट में लगने वाले ब्याज को वन टाइम माफ कर दिया गया है। **एक साल में एक लाख कूप बनाने का लक्ष्य :** कैबिनेट ने मनरेगा मद से बिरसा सिंचाई उपसंवर्धन योजना शुरू करने की स्वीकृति दी। इसके तहत एक साल में एक लाख कूप बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, रांची सीवरेज परियोजना (जोन-1) के बचे कार्यों को राज्य मद से कराने संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। वहीं निजी कृषि उपभोक्ताओं को भी वन टाइम सेटेलमेंट योजना का लाभ मिलेगा। **दो आवासीय विद्यालय खोलने की मंजूरी :** झारखंड राज्य अंतर्गत नेतरहाट आवासीय विद्यालय और इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग की तर्ज पर कोल्हान प्रमंडल (चाइबासा) और संताल प्रमंडल (दुमका) में दो आवासीय विद्यालय की स्थापना के लिए 195.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

कैबिनेट के अन्य फैसले

- राज्य के विश्वविद्यालयों के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को छठा वेतनमान का लाभ 1.1.2006 की तिथि से दिया जायेगा।
- राज्य के सेवा संवर्ग के कर्मचारियोंकी प्रोन्नति की स्वीकृति।
- पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र और लाइब्रेरी खोलने की मंजूरी।
- झारखंड पुलिस के लिए 3179 इंसास राइफल और 4767 51एमएम मोर्टार खरीदने की स्वीकृति।
- जिलावार नियुक्ति के लिए आरक्षण के संशोधन को स्वीकृति। इसमें इडब्ल्यूएस को 10 फीसदी आरक्षण दिया जायेगा।
- 1000 प्राथमिक केंद्रों में टेलीमेडिसिन सेवा उपलब्ध कराने के लिए अपोलो के चयन की मंजूरी।
- रांची के पंडरा से कांके तक 5.5 किलोमीटर सड़क को फोर लेन करने की मंजूरी।

नियोजन नीति : सरकार से जवाब पर अड़ा विपक्ष

विधानसभा की सीढ़ियों से सदन के अंदर तक विरोध

- पहली पाली में सदन बाधित, दूसरी पाली में विपक्ष ने किया बहिष्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा में बुधवार को भी नियोजन नीति को लेकर विपक्षी पार्टी के विधायकों ने सदन शुरू होने से पहले प्रवेश द्वार की सीढ़ियों पर हंगामा किया। विधानसभा के भीतर भी विधायक लगातार वेल में आकर हंगामा करते रहे। वे नियोजन नीति पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सदन में जवाब की मांग पर अड़े रहे।

वेल में पहुंचे विपक्ष के सदस्य

इससे पहले विधानसभा में विपक्ष के हंगामे की वजह से विधानसभा टीवी पर सदन की कार्यवाही का लाइव प्रसारण बंद कर दिया गया था। उस समय जेएमएम विधायक लोबिन हेंब्रम सवाल रख रहे थे। इस पर उन्होंने कहा कि मेरे सवाल पूछते समय टीवी क्यों बंद किया गया। यह मेरे साथ अन्याय है। स्पीकर ने कहा कि हंगामा के कारण प्रसारण बंद किया गया है। लोबिन ने कहा कि जब तक प्रसारण शुरू नहीं होगा, वह सवाल नहीं पूछेंगे। सदन की कार्यवाही 12.30 बजे दोबारा शुरू होने के बाद भी भाजपा विधायकों का हंगामा जारी रहा। दूसरी पाली में बजट ग्रामीण विकास विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा हुई। सरकार का जवाब देने के लिए विभागीय मंत्री आलमगीर आलम जब उठे तो विपक्ष के विधायकसदन बहिष्कार कर बाहर निकल गये। उनकी अनुपस्थिति में ग्रामीण विकास विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 8165 करोड़ रुपये की अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित हो गया। सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने नियोजन नीति के विरोध में विधानसभा मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।

स्लोगन युक्त परिधान बाहर त्याग कर प्रवेश करें: स्पीकर

विपक्ष द्वारा स्लोगन युक्त परिधान पहन कर सदन के अंदर आने को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने गलत ठहराया है। उन्होंने कहा है कि कि विधायिका की गरिमा माननीय सदस्यों के व्यवहार और उनके विधायी कार्यों से ही बनती है। विधायिका की गरिमा के लिए सभा में सदस्यों का आचरण सर्वोपरि है, क्योंकि राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता बहुत उम्मीद से विधायिका और विधायक की ओर देखती है। बहुत सारे विषय नियम-कानून में नहीं होते हैं, वे हमारे व्यवहार, लोकाचार और संसदीय परम्परा से नियंत्रित होते हैं। मैं विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध करता हूँ कि वे अपना सलोगनयुक्त परिधान सभा से बाहर त्याग कर सभा में प्रवेश करेंगे और सभा कार्य के निष्पादन में सहयोग करें। इस पर भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा है कि यह नियम उस समय कहां चला गया था, जब 1932 खतियान को पारित कराने के लिए बुलाये गये विशेष सत्र में सत्ता पक्ष के सभी विधायक 1932 लिखा वस्त्र पहन कर आये थे। मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्री और सत्ता पक्ष के विधायक 1932 लिखा पट्टा लटकाये हुए थे। कहा कि सत्ता पक्ष को अब 1932 से चिढ़ क्यों है।

सरयू राय ने आम्रपाली खदान से ओवरलोडिंग और कोयला चोरी का मामला उठाया

रांची। तीसरे दिन बुधवार को विपक्ष के हंगामे के बीच अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से निर्दलीय विधायक सरयू राय ने आम्रपाली खदान से ओवरलोडिंग के माध्यम से कोयला चोरी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर, 2021 को खान निदेशक के आदेश से आम्रपाली खदान से शिवपुरी रेल साइडिंग तक कोयला परिवहन में अनियमितता की जांच के लिए त्रिस्तरीय समिति का गठन किया गया था। समिति ने जांच में कहा था कि सात दिनों के भीतर इस पर रोक लग जायेगी, लेकिन साल भर बाद भी ओवरलोडिंग और कोयले की चोरी जारी है। उन्होंने पूरे मामले की जांच विधानसभा की कमेटी से कराने की मांग की। जवाब में परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि ओवरलोडिंग और कोयले की चोरी के खिलाफ कार्रवाई हुई है। ओवरलोडिंग रोकने के लिए जिला प्रशासन, परिवहन और खान विभाग संयुक्त रूप से काम कर रहा है।

लैंड फॉर जॉब्स स्कैम में लालू-राबड़ी और बेटी को जमानत

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। रेलवे में लैंड फॉर जॉब्स यानी जमीन के बदले नौकरी देने के कथित भ्रष्टाचार के केस में लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती को जमानत मिल गयी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके पर तीनों को जमानत दी है। इस मामले में अब 29 मार्च को अगली सुनवाई होगी। लालू को व्हीलचेयर पर लेकर पत्नी राबड़ी देवी और बेटी राज्यसभा सांसद मीसा भारती कोर्ट के अंदर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से दूरी बनाये रखी। कोर्ट ने 27 फरवरी को लालू की पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती समेत 14 अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। समन जारी होने से पहले सीबीआइ लालू से दिल्ली में और राबड़ी से पटना में पूछताछ कर चुकी है। यहां बता दें कि कोर्ट में सीबीआइ ने जमानत का विरोध नहीं किया।

जूनियर इंजीनियर के आवास से 2.5 करोड़ रुपये बरामदगी मामले में इडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

- खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 21 अप्रैल निर्धारित की है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। ग्रामीण कार्य विभाग, सरायकेला- खरसावां के तत्कालीन जूनियर इंजीनियर के जमशेदपुर स्थित आवास से करीब ढाई करोड़ रुपये कैश की बरामदगी मामले की सीबीआइ जांच कराने का आग्रह करनेवाली पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई।

मामले में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 21 अप्रैल निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर आवास से नवंबर 2019 में करीब ढाई करोड़ कैश बरामद हुए थे, लेकिन यह किसका है, यह पता नहीं चल पाया था। एसीबी ने इस मामले में सिर्फ सुरेश प्रसाद को जेल भेज दिया, बाकी के खिलाफ किसी तरह की न तो जांच की गयी और न ही कोई कार्रवाई की गयी। सुरेश प्रसाद ने एसीबी को बरामद राशि के बारे में किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी और कहा था कि यह किसका है पता नहीं। अधिवक्ता ने कहा कि इतनी बड़ी राशि बरामद हुई थी, इस संबंध में आयकर विभाग को भी सूचित करना चाहिए था, लेकिन इस मामले में एसीबी ने आगे की किसी तरह की कार्रवाई नहीं की। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के आवास से बरामद करीब ढाई करोड़ रुपये मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की भी सहभागिता है। हाल ही में इडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि इस मामले की जांच इडी कर रही है। इसलिए अलग से कोई जांच कराने की जरूरत नहीं है।

दरअसल, नवंबर 2019 को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने जमशेदपुर में बड़ी कार्रवाई की थी। एसीबी के तत्कालीन डीएसपी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में मानगो स्थित ग्रामीण कार्य विभाग के जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद वर्मा के घर में छापेमारी की गयी थी। इस दौरान जूनियर इंजीनियर के घर से दो करोड़ 44 लाख रुपये बरामद हुए थे।



चमत्कार : एम्स के डॉक्टरों ने सूई की मदद से अंगूर जितने दिल का वॉल्व खोला

गर्भ में बच्चे की हार्ट सर्जरी, 90 सेकेंड में हुआ ऑपरेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली एम्स के डॉक्टरों ने मां के गर्भ में पल रहे बच्चे के अंगूर जितने छोटे दिल की सफल सर्जरी की। डॉक्टरों ने बैलून डाइलेशन सर्जरी करके बच्चे के दिल का बंद वाल्व खोला। इस सर्जरी को डॉक्टरों ने सिर्फ 90 सेकेंड में पूरा किया। मां और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। ऑपरेशन एम्स के कार्डियोथोरासिक साइंस सेंटर में किया गया। एम्स के डॉक्टरों की टीम ने यह प्रोसिजर पूरा किया। अब टीम बच्चे के हार्ट चैंबर्स की ग्रोथ को मॉनिटर कर रही है। प्राप्त

जानकारी के अनुसार 28 साल की महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला की पिछली तीन प्रेग्नेंसी लॉस हो गयी थी। डॉक्टरों ने महिला को बच्चे की हार्ट कंडीशन के बारे में बताया था और इसे सुधारने के लिए ऑपरेशन की सलाह दी थी, जिसे महिला और उसके पति ने मान लिया। टीम ने बताया कि जब बच्चा मां के गर्भ में होता है, तब भी कुछ गंभीर तरीकों के हार्ट डिजीज का पता लगाया जा सकता है। अगर इन्हें गर्भ में ही ठीक कर दिया जाये, तो जन्म के बाद बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर रहने की संभावना बढ़ जाती है और बच्चे का सामान्य विकास होता है। एम्स के डिपार्टमेंट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड कार्डियक एनेस्थीसिया और डिपार्टमेंट ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी (फीटल मेडिसिन) की टीम ने की सर्जरी।

सर्जरी करनेवाले डॉक्टर ने बताया कि बच्चे पर की गयी सर्जरी का नाम बैलून डाइलेशन है। यह प्रोसिजर अल्ट्रासाउंड गाइडेंस में किया जाता है। इसके लिए हमने मां के पेट से बच्चे के दिल में एक सुई डाली। फिर बैलून कैथेटर की मदद से हमने बंद वॉल्व को खोला, ताकि ब्लड फ्लो बेहतर हो सके। हम उम्मीद करते हैं कि सर्जरी के बाद बच्चे का दिल बेहतर तरीके से विकसित हो पायेगा और जन्म के समय दिल की बीमारियों का खतरा कम रहेगा। कार्डियोथॉरासिक साइंसेस सेंटर की टीम के सीनियर डॉक्टर ने बताया कि ऐसा ऑपरेशन गर्भ में पल रहे बच्चे की जान के लिए खतरनाक भी हो सकता है, इसलिए इसे बहुत संभल कर परफॉर्म करना होता है। ज्यादातर हम जब ऐसे प्रोसिजर करते हैं, तो वे एंजियोप्लास्टी के तहत होते हैं, लेकिन इसे एंजियोप्लास्टी के तहत नहीं किया जा सकता था। ये पूरा प्रोसिजर अल्ट्रासाउंड गाइडेंस के तहत किया जाता है और इसे बहुत जल्दी करना होता है, क्योंकि इसमें हार्ट चेंबर को पंक्चर किया जाता है। अगर इसमें कोई चूक हुई या समय अधिक लगा, तो बच्चे की जान भी जा सकती है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in

इएसआइ अस्पताल नामकुम में छह माह से खाली है मेडिकल सुपरिटेंडेंट का पद

- सात साल से एक ही पद पर कार्यरत हैं कई अधिकारी और कर्मचारी
- सरकारी योजनाओं के तहत गरीब मरीजों का इलाज करनेवाले रांची के आधा दर्जन से अधिक प्राइवेट अस्पतालों का करोड़ों रुपये बकाया
- वित्त विभाग के अफसर कुंडली मारे बैठे हैं, नहीं हो रहा भुगतान
- भुगतान नहीं हुआ, तो कर्मचारियों का इलाज नहीं करेंगे प्राइवेट अस्पताल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल (इएसआइ) नामकुम में बीते छह महीने से मेडिकल सुपरिटेंडेंट का पद खाली है। वहीं दूसरी ओर अस्पताल में कई अधिकारी और कर्मचारी ऐसे है, जो पिछले सात वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत हैं। यहां के वित्त विभाग के अधिकारियों की कृपा से इस अस्पताल पर कई अन्य अस्पतालों का करोड़ों रुपये का बकाया है। सरकारी योजनाओं के तहत गरीब कर्मचारियों का इलाज करनेवाले अस्पतालों का भुगतान नहीं होने के कारण उनकी वित्तीय स्थिति चरमरा गयी है। भुगतान की फाइलों पर वित्त विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कुंडली मारे बैठे हैं। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि फाइल पर कुंडली मार कर बैठने के पीछे मंशा क्या है। भुगतान नहीं होने के कारण कुछ अस्पतालों ने एमएसएमइ के तहत केस भी किया है। भुगतान नहीं होने का इससे सबसे ज्यादा नुकसान सरकारी कर्मचारियों को होनेवाला है। भुगतान नहीं होने के कारण प्राइवेट अस्पताल मरीजों को अपने यहां भर्ती नहीं करेंगे। अगर स्वास्थ्य विभाग और मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो सरकारी गरीब कर्मचारियों को बहुत परेशानी होगी। दूसरी तरफ इएसआइ अस्पताल की स्थिति भी बहुत खराब हो गयी है। आनेवाले मरीजों को घंटों इंतजार के बाद चिकित्सक नसीब होते हैं। पंजीयन की प्रक्रिया एवं चिकित्सक कक्ष तक पहुंचने में तीन से चार घंटे का समय लगना मामूली बात है। इतने समय तक मरीज तकलीफ झेलता रहता है। दवा के लिए भी मरीजों को एक से दो घंटे तक लाइन में लगा रहना होता है, जिसके बाद भी यहां उन्हें दवाइयां नसीब नहीं होती हैं, जिससे मरीजों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

हाइवा ने आर्मी के हवलदार की बेटी को कुचला, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के दीपाटोली के आर्मी कैंट के नजदीक हाइवा ने स्कूटी में जोरदार धक्का मार दी, जिसमें परीक्षा देने जा रही छात्रा की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक छात्रा का नाम सिमरन है और उसके पिता आर्मी में हवलदार हैं। सिमरन अपने नाना के साथ परीक्षा देने जा रही थी। उसी समय यह हादसा हुआ। छात्रा के पिता की पोस्टिंग हिमाचल प्रदेश में है। हिमाचल में पोस्टिंग होने की वजह से पूरा परिवार रांची के दीपाटोली आर्मी कैंप के पास ही रह रहा था। सिमरन के नाना उसे हर रोज स्कूटी से एग्जाम सेंटर छोड़ कर आते थे। इस सड़क हादसे की सूचना मिलते ही खेलगांव और सदर थाने की टीम दोनों ही एक साथ मौके पर पहुंची। हालांकि सिमरन की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि उसके नाना सड़क पर घायल पड़े हुए थे। उन्हें आनन-फानन में पुलिस के द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं, मौके से पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है और हाइवा को जब्त कर थाने ले गयी है।

झारखंड में अब 24 मार्च को होगी सरहुल की छुट्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में सरहुल की छुट्टी अब 24 मार्च शुक्रवार को होगी। यानि इस दिन अब राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश होगा। पहले एनआइ एक्ट के तहत 23 अप्रैल रविवार को अवकाश था, लेकिन रामदयाल मुंडा जनजाति केंद्र से सरकार को यह जानकारी मिली कि पूरे राज्य में 24 मार्च दिन शुक्रवार को ही सरहुल मनाया जा रहा है। कार्मिक विभाग ने अवकाश संबंधित आदेश में संशोधन किया है।

कार्रवाई : माओवादी के सक्रिय सदस्य हैं सभी आरोपी

नक्सलियों के आठ ठिकानों पर एनआइए ने मारा छापा

- भाजपा के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हुए हमले को लेकर आठ आरोपियों के घरों की तलाशी, सभी का माओवादी कनेक्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एआइए) ने भाजपा के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हुए हमले से संबंधित मामले में आठ आरोपियों के घरों की तलाशी ली। एनआइए के अधिकारियों के मुताबिक सभी आरोपियों के भाकपा माओवादी से कनेक्शन मिले हैं। एनआइए के मुताबिक तलाशी के दौरान उनके घरों से भाकपा (माओवादी) के कई पोस्टर, अवैध कोल्हान राज्य से जुड़े दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये गये हैं। एनआइए ने इन्हें माओवादी का सक्रिय सदस्य माना है।

पश्चिमी सिंहभूम के खेल मैदान में हुआ था हमला

पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर 4 जनवरी 2022 को पश्चिमी सिंहभूम जिले के झिलरुआ स्कूल के खेल के मैदान में इन पर हमला किया गया था। यह हमला माओवादियों की ओर से हुआ था। भाजपा के पूर्व विधायक की सुरक्षा में तैनात जवानों के हथियार भी भाकपा माओवादियों ने लूट लिये थे। इस हमले में दो पुलिसकर्मियों मारे गये थे। साल 2022 के जुलाई महीने से इस मामले की जांच एनआइए कर रही थी।

इन पर दर्ज किया गया था मामला

एनआइए की रांची शाखा में साल 2022 में मिसिर बेसरा (एक करोड़ का इनामी), रघु, अश्विन, चंदन, मोछू, सुशांत, सागेन, कांडे होनहागा व सोनाराम होनहागा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बताया गया कि सभी आरोपित पश्चिम सिंहभूम के गोइलकेरा के रहनेवाले हैं।

भीड़ में छिप कर बचायी थी जान

बताते चलें कि जांच में पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर कुख्यात नक्सली मोछू के दस्ते का हाथ बताया गया। झिलरुआ स्कूल के खेल के मैदान में कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान उन पर माओवादियों ने हमला किया था। हमले में पूर्व विधायक ने भीड़ में छिप कर अपनी जान बचायी थी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

डीआइजी अनूप बिरथरे से मिला महावीर मंडल का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बुधवार को श्री रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए श्री महावीर मंडल रांची और श्री महावीर मंडल डोरंडा के पदाधिकारियों और नेतृत्वकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीआइजी रांची अनूप बिरथरे के साथ एक बैठक की। बैठक में सभी अखाड़ाधारियों ने वर्तमान में श्री रामनवमी महोत्सव में होनेवाली समस्याओं से डीआइजी को अवगत कराया। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सभी अखाड़ों एवं मंदिरों में साफ-सफाई एवं बिजली व्यवस्था की जाये। शोभायात्रा के मुख्य मार्ग में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त एवं बैरिकेडिंग की जाये। अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता के आयोजन में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों के लिए सुरक्षा का इंतजाम किया जाये। वहीं डीआइजी रांची ने सभी अखाड़ाधारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समस्याओं के समाधान का विश्वास दिलाया। बैठक में राजीव रंजन मिश्रा, रामधन बर्मन, ललित ओझा, अशोक पुरोहित, संजय पोद्दार, राज किशोर, अर्जुन गिरि, नकुल तिर्की, गोपाल पारीक, राज किशोर, कैलाश केसरी, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, डॉ जीवधन प्रसाद, सुनील सहाय, प्रकाश चंद्र सिन्हा, मुन्ना अगरवाल, सुरेश यादव, युवराज पासवान, ज्योति शंकर साहू, बजरंग वर्मा, अमरदीप साहू, प्रकाश साहू, प्रदीप साहू, पप्पू सिंह सहित दर्जनों अखाड़ाधारी उपस्थित थे।

आदर्श वनवासी विवाह उत्सव 17 मार्च को

- एकल अभियान श्री हरि सत्संग समिति की ओर से आदर्श वनवासी विवाह उत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एकल अभियान श्री हरि सत्संग समिति की ओर से 17 मार्च को बरियातू रोड स्थित आरोग्य भवन परिसर में आदर्श वनवासी विवाह उत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसमें 27 वनवासी जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। आयोजन आदर्श विवाह संगठन के संस्थापक श्याम गुप्त की देखरेख में होगा। संयोजक सतीश तुलस्यान ने बताया कि विवाह उत्सव में रांची के अलावा दस जिलों के विवाह योग्य युवक और युवती शामिल होंगे। 17 मार्च को दिन के 11:30 बजे बारात प्रस्थान होगा। इसके बाद बारात का स्वागत और द्वार पूजन होगा। वरमाला एवं विवाह संस्कार के बाद सहभोज का आयोजन होगा।

शाम में नव विवाहित जोड़ों को घरेलू उपयोग का सामान देकर विदा किया जायेगा। मौके पर पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार, चिन्मय मिशन के आचार्य स्वामी परिपूर्णानंद महाराणा समेत अन्य लोग शामिल होंगे।

बताया गया कि कमेटी की ओर से पूर्व में दो बार आदर्श वनवासी विवाह उत्सव का आयोजन किया जा चुका है। इसमें 76 जोड़ों की शादी करायी जा चुकी है। इस आयोजन को लेकर स्वागत और संचालन कमेटी बनायी गयी है। इसमें सतीश कुमार तुलस्यान, मुकेश कुमार अग्रवाल और जितू पाहन शामिल है।

बैठक : 27 मार्च को आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक गिरिडीह में

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव एक राजनीतिक संदेशः सुदेश महतो

- पहचान, सम्मान, रोजगार और अधिकार के लिए आजसू पार्टी करेगी व्यापक आंदोलन
- नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी को पार्टी पदाधिकारियों ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरकार झारखंड एवं झारखंडियों के वर्तमान और भविष्य दोनों के साथ खिलवाड़ कर रही है। स्थानीयता झारखंड की भावनाओं से जुड़ा विषय है और इस पहचान के आधार पर नियोजन यहां की स्वाभाविक मांग है। आजसू पार्टी नियोजन के विषय पर हर प्लेटफार्म के माध्यम से सरकार से जवाब मांग रही है, लेकिन ना ही सदन और ना ही मीडिया या अन्य पब्लिक डोमेन में सरकार की ओर से कोई जवाब आ रहा। यह अफसोसजनक है। उक्त बातें बुधवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि समाज का हर वर्ग हताश-निराश है। झामुमो-कांग्रेस की सरकार ने सबसे ज्यादा युवाओं को ठगा है। झारखंड एवं झारखंडियों की पहचान, सम्मान, रोजगार और अधिकार के लिए आजसू पार्टी व्यापक आंदोलन करेगी।

इस मौके पर रामगढ़ विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी को पार्टी पदाधिकारियों ने सम्मानित किया तथा जीत की शुभकामनाएं दी।

सुदेश महतो ने सभी पदाधिकारियों को रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव की जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीत की जिद के साथ हम आगे बढ़ते गये। प्रतिकूल परिस्थितियों में हमने नया इतिहास रचने का काम किया। जनता और कार्यकर्ता के अलावा हमारे पास कोई और सहारा नहीं था। हमारी लड़ाई सरकार से थी, सरकारी तंत्र से थी, हमने सभी को परास्त किया। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक 27 मार्च को गिरिडीह में होगी। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विधानसभा में आजसू पार्टी जनपंचायत लगायेगी और सरकार के वादों और उनके कार्यों का लेखा जोखा जनता के समक्ष रख कर सरकार को आइना दिखायेगी। बैठक में मुख्य रूप से अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष प्रो यूसी मेहता, आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, राजेंद्र मेहता, केंद्रीय महासचिव डॉ लंबोदर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष रोशन लाल चौधरी, हसन अंसारी, सपन सिंह देव, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह, प्रो विनय भरत, अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी, विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, यशोदा देवी, रामदुर्लभ सिंह मुंडा, अनूप पांडेय, तिवारी महतो, रामधन बेदिया, भरत काशी साहू, जिला प्रभारी रविशंकर मौर्या, गोपीनाथ सिंह, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, तरुण गुप्ता, अनुशासन समिति प्रमुख सुबोध प्रसाद सहित सभी विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष और अनुषंगी इकाई के प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश संयोजक मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

कांके थाना में पदस्थापित पूर्व दारोगा से इडी करेगी पूछताछ

रांची (आजाद सिपाही)। कांके थाना में पदस्थापित पूर्व दारोगा प्रयाग दास से ईडी पूछताछ करेगी। ईडी ने प्रयाग दास को समन जारी कर 20 मार्च की सुबह 11:00 बजे ईडी कार्यालय बुलाया है। रिम्स में न्यायिक हिरासत के दौरान करोड़ो के घोटाले के आरोपी पंकज मिश्रा से मुलाकात किया था। इस संबंध में ईडी दरोगा प्रयाग दास से पूछताछ करेगी।

नितिन गडकरी से मिले सांसद संजय सेठ

दिल्ली/रांची(आजाद सिपाही)। रांची के सांसद संजय सेठ ने नयी दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के क्रम में सांसद ने उन्हें रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण की गति प्रगति से संबंधित विषय से अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को आश्वस्त किया कि एक साल के अंदर उसका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। इस दौरान सांसद ने केंद्रीय मंत्री से तीन हजार करोड़ की लागत वाले ओरमांझी, गोला, बोकारो तक बननेवाले एक्सप्रेस हाइवे और तीन हजार करोड़ की लागतवाले रांची, कुडू, विंढमगंज एक्सप्रेस हाइवे के शिलान्यास से संबंधित मुद्दे पर चर्चा की। इन दोनों ही परियोजनाओं की लागत तीन-तीन हजार करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को बताया कि अगले महीने इन दोनों योजनाओं का शिलान्यास होगा। इसके अलावा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्थित जैनियों के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देवलटांड़ में सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। अगले महीने इस कार्य का भी शिलान्यास कर लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त सांसद ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ही चांडिल में प्रस्तावित निर्माणाधीन अंडरपास से पित्तकी रेलवे फाटक तक चार किलोमीटर नए बाईपास के निर्माण और चांडिल गोल चक्कर एनएच32 से पित्तकी फाटक तक सड़क मरम्मत कार्य के संबंध में भी केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय मंत्री ने इन दोनों ही योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन किये जाने पर अपनी सहमति जतायी। सांसद ने मंत्री से मुलाकात के बाद बताया कि केंद्रीय मंत्री ने रांची लोकसभा क्षेत्र को कई सौगातें दी हैं। अगले महीने 6 हजार करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास किया जायेगा।

रमेश घोलप बने ग्रामीण कार्य विभाग के संयुक्त सचिव

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत रमेश घोलप को संयुक्त सचिव ग्रामीण कार्य विभाग के पद पर नियुक्ति और पदस्थापित किया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

श्रीरामनवमी महासमिति के अध्यक्ष चुने गये छोटू वर्मा

रांची (आजाद सिपाही)। श्रीरामनवमी महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष छोटू वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार अपराह्न किला मंदिर के प्रांगण में महासमिति के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में महासमिति के अध्यक्ष पद के लिए नामों पर चर्चा के साथ रामनवमी को भव्यता और धूमधाम से मानने पर चर्चा हुई। उक्त बातों की जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से महासमिति के मिडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने जारी करते हुए कहा कि नए अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु आयोजित इस बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एकमत होकर अध्यक्ष पद के लिए छोटू वर्मा के नाम का मनोनयन किया था। जिसपर सभी ने एक स्वर में अपनी सहमती जताते इसका स्वागत किया। इस प्रकार छोटू वर्मा को महासमिति का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, जिनका स्वागत बैठक में उपस्थित प्रो.संजय सिंह,छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह,दीपक मिश्रा,रविंद्र शर्मा,धर्मेंद्र साव भोपाली,विशाल जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से लालू शर्मा,प्रवीण सोनू,तुलेश पासवान,रवि चंद्रवंशी,अमन राजा, गौतम महतो, धीरज साहू, विक्की बाबा, धीरज साहू, अभय वर्मा, यश वर्मा, ब्रजेश पाठक, राहुल पासवान, गोलू गुप्ता, सुमित कुमार, प्रिंस कुमार, देवराज, राजेंद्र अग्रवाल, आशीष वर्मा, विकाश गुप्ता, जय सिंह के अला कई लोग उपस्थित थे।

रांची विवि में नये डीएसडब्ल्यू का स्वागत

रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को रांची विश्विद्यालय के नये डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुदेश कुमार साहू का स्वागत छात्र नेता अमन अहमद, हुसैन अंसारी, पवन कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर किया। बता दें कि डॉ सुदेश साहू पूर्व में एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य और रांची विश्वविद्यालय कॉमर्स के विभागाध्यक्ष और डीन के साथ साथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट स्टडीस के निर्देशक भी रहे हैं। वर्तमान में वो एचआरडीसी के निर्देशक भी हैं। इस अवसर पर अमन अहमद ने कहा कि नये डीएसडब्ल्यू के आने से नये तरीके से विश्विद्यालय-कॉलेज और छात्र-छात्राओं का विकास होगा। इस पर डीएसडब्ल्यू ने कहा कि वह छात्रहित के लिए यथा संभव प्रयास करेंगे। जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

पत्रकार को पितृशोक

रांची (आजाद सिपाही)। दैनिक शुभम संदेश के मुख्य उप संपादक नीरज सिसोदिया के पिता चंदन सिंह सिसोदिया का बुधवार को निधन हो गया। वह 75 साल के थे। वह किडनी की समस्या से पीड़ित थे। उन्होंने अंतिम सांस बरेली में ली। वहीं उनका इलाज चल रहा था। स्वर्गीय चंदन सिंह सिसोदिया के दो बेटे और एक बेटी हैं। नीरज की माता जी का किडनी रोग से ही कुछ वर्ष पहले देहांत हो चुका है।

बीस सूत्री मांगों को लेकर प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने किया विधानसभा मार्च

रांची (आजाद सिपाही)। प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने बुधवार को विधानसभा मार्च किया। मार्च के साथ ही मुख्यमंत्री के नाम बीस सूत्री ज्ञापन ऑन ड्यूटी दंडाधिकारी को सौंपा। मार्च प्रभात तारा मैदान से शुरू होकर विधानसभा तक गया। प्रदर्शन का नेतृत्व अध्यक्ष रामरेख यादव ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनहित की सभी ऑन लाइन योजना का कार्यान्वयन प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से होता है। डिजिटल युग मे प्रज्ञा केंद्रों का महत्व और उसकी उपयोगिता से कोई इंकार नहीं कर सकता, लेकिन वहां काम करनेवाले दक्ष लोग शोषित होते हैं। वे सभी तरह के आनलाइन प्रमाण पत्र बनाने का करते हैं। लेकिन उनके काम की कोई नियमावली नहीं रहने से तय मानदेय का भुगतान नहीं होता है। सीएसई की लगातार दखलअंदाजी से भह स्थिति दयनीय होती जा रही है। एक ओर प्रज्ञा केंद्र राज्य और केंद्र सरकार के सरकारी और गैर सरकारी कामों को अंजाम देते हैं, दूसरी ओर उनके काम का सही मूल्यांकन नहीं होता है, जिससे उनकी जीविका के समक्ष संकट पैदा हो गया है। इसलिए विधानसभा सत्र के दौरान हम मुख्यमंत्री से हमारे मामले में हस्तक्षेप किये जाने की मांग करते हैं। प्रदर्शन में 23 जिलों की भागीदारी हुई। इस दौरान हजारों की संख्या में प्रज्ञा केंद्र संचालक मौजूद रहे।

योजनाओं का लाभ हर घर तक ससमय पहुंचे: जोबा मांझी

रांची (आजाद सिपाही)। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ ससमय लाभुकों तक पहुंचे, ये पदाधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जो भी समस्याएं या शिकायतें आ रही हैं उन सभी प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। ताकि, लाभुकों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। मंत्री जोबा मांझी आज अपने विभागीय पदाधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रही थीं। मौके पर उन्होंने विभाग की ओर से पहली ई-पत्रिका पोषण धारा का लोकार्पण भी किया गया। इस पत्रिका को यूनिसेफ द्वारा तकनीकी सहयोग से संपादित किया गया है। इस पत्रिका का मुख्य उद्देश्य झारखंड के सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों से कुपोषण के दुष्चक्र से महिलाओं व बच्चों को बाहर निकालना है। इस पत्रिका के जरिये क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों, सहयोगियों व लाभार्थियों, किशोरी बालिकाओं व बच्चों को एक साझा मंच देने का भी प्रयास है। मौके पर विभाग के सचिव कृपानंद झा, निदेशक छविरंजन, राज्य बाल संरक्षण संस्था की निदेशक बी राजेश्वरी, संयुक्त सचिव अभय नंदन अम्बष्ट, अर्चना मेहता, राजेश प्रजापति समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। पूर्वी सिंहभूम को मिला पहला स्थान पिछले वर्ष मार्च में आयोजित पोषण पखवाड़ा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिला पूर्वी सिंहभूम को पहला स्थान मिला। वहीं, सितंबर 2022 में आयोजित पोषण माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाला गुमला जिला को पहला स्थान मिला है। मंत्री जोबा मांझी की ओर से दोनों जिलों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

चिंता में खराब हो गयी जगरनाथ महतो की तबीयत : बाबूलाल मरांडी

रांची। झारखंड के शिक्षा और मद्य निषेध विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो की तबीयत चिंता की वजह से खराब हुई है। उन्हें पता है कि शराब घोटाले मामले में अधिकारी को बुलाने के बाद भी वह मंत्री के समक्ष नहीं आ रहे। इस चिंता में उनकी तबीयत पर असर पड़ा है। बाबूलाल मरांडी ने उपरोक्त बातें ट्वीट करते हुए कहीं। मंत्री जगरनाथ महतो की तबीयत खराब है। चेन्नई में मंत्री जी का इलाज चल रहा है। दूसरी तरफ राज्य में राजनीति तेज है। बाबूलाल मरांडी ने जगरनाथ महतो के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट करते हुए लिखा: मैं झारखंड के शिक्षा एवं शराब वाले विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो जी के शीघ्र स्वस्थ होकर चेन्नई से लौटने की ईश्वर से कामना करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से जानना चाहता हूं। इस ट्वीट के के माध्यम से बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन से सात सवाल किये हैं।

छात्रवृत्ति पोर्टल में कोर्स का ऑप्शन नहीं आने को लेकर विवि अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची में छात्रवृति फार्म भरने में हो रही समस्याओं को लेकर रजिस्ट्रार महोदया और छात्र संकाध्यक्ष महोदय के साथ छात्र- छात्रों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में छात्र प्रतिनिधि बबलू महतो, ऋषभ कुमार और कमलेश महतो के द्वारा छात्रवृत्ति संबंधित निम्नलिखित समस्याओं को सुधार करने का प्रस्ताव रखा गया। ई - कल्याण पोर्टल में कोर्स का ऑप्शन नहीं आ रहा है, जिसे जल्द से जल्द रजिस्टर कराया जाये। विश्विद्यालय द्वारा बोनाफाइड में संशोधन करते हुए 1 साल में पूरे 2 सेमेस्टर की छात्रवृति का बोनाफाइड बनाया जाये। जिससे छात्र-छात्राओं को 2 सेमेस्टर का छात्रवृत्ति मिल सके। उपरोक्त विषयों को गंभीरता से लेते हुए रजिस्ट्रार डॉ. नमिता सिंह और डीएसडब्ल्यू डॉ. एस.एम अब्बास ने अविलंब समस्याओं का समाधान करने की बात कही। मौके पर पंकज, अभय, हेमंत, सुकुमार, अमृत, ज्योतिष, कैलाश, दीप, रोशन, प्रणव, मगली आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

जिला समाहरणालय के निकट चोरों ने उड़ायी एटीएम मशीन

बीस लाख नगद के साथ एटीएम मशीन ले उड़े चोर

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। एसपी- डीसी कार्यालय से महज दो सौ मीटर की दूरी पर चोरों ने बड़ा हाथ मारा है। बेखौफ चोरों ने करीब 20 लाख रुपया नगद के साथ एटीएम मशीन को भी उखाड़ कर साथ ले गया। घटना की सूचना बैंक प्रबंधन और पुलिस को 6 दिन बाद लगी। सूचना मिलने के बाद एटीएम संचालित करने में लगी कंपनी के कर्मी ने आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। इधर जिला समाहरणालय के निकट से बड़ी वारदात होने के कारण जिला पुलिस प्रशासन की कलयी खुल गयी है। पूरे क्षेत्र में घटना चर्चा का विषय बना हुआ है।

क्या है मामला : जानकारी अनुसार जिला में एटीएम संचालित करने वाली कंपनी फाइनेंसियल सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के कर्मी कृष्ण कुमार साहू ने 11 मार्च को लिखित आवेदन देकर करीब 20 लाख नगद और एटीएम मशीन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि अज्ञात चोरों ने 11 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने समाहरणालय मोड़ छत्तरमांडू एचडीएफसी बैंक का पैसे से भरा एटीएम को चुरा लिया। एटीएम में कुल राशि 16 लाख 11 हजार तीन सौ था। जबकि एटीएम के कैसेट में लगभग तीन लाख पांच सौ था। घटना का अंजाम 5 मार्च को दिया गया है।

सीसीटीवी फुटेज में कैद हुयी चोरों की हरकत

इधर चोरों की सभी गतिविधि फुटेज में कैद हो गया है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि दो युवक एटीएम मशीन में घुसे और अंदर से कैसे भरा एटीएम मशीन लेकर बाहर निकल रहे हैं। दोनों युवक मुंह को कपड़े से ढका हुआ है। चोरी की घटना को देखने से लगता है कि चोरों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है। वे आराम से एटीएम मशीन को ले जाते दिख रहे हैं। हालांकि पुलिस का दावा है कि अपराधी और रुपए जल्द पकड़े जायेगे।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मिला ओजस और प्रवाह अवार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के परिसर में छात्रों को सम्मानित करने के लिए ओजस, और प्रवाह वार्षिक अवार्ड समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 2200 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रवाह अवार्ड से उन छात्रों को पुरस्कृत किया गया, जो अपनी मजबूत इच्छा और दृढ़ संकल्प के बल पर सभी बाधाओं के बावजूद हर दिन विद्यालय पहुंचे। उन्हें ट्रॉफी, बैज और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शैक्षिक क्षेत्र में शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए ट्राफियां, पदक, ब्लेजर्स, बैज और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने हैट्रिक की अर्थात लगातार तीन साल तक शानदार प्रदर्शन किया, उन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार वे विद्यार्थी जिन्होंने क्वाड्रा अर्थात लगातार चार साल तक, पेंटा अर्थात लगातार पांच साल और हेक्सा अर्थात लगातार छह साल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और परफेक्ट सेंचुरी होल्डर्स को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विजेताओं की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उन्हें अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने और भविष्य में भी और अधिक पुरस्कार जीतने के लिए प्रेरित किया।

प्रेम की भावना ही पूरे विश्व को बचा सकती है : डॉ चक्रधर त्रिपाठी

कोरापुट (आजाद सिपाही)। हिन्दी की भावना प्रेम की भावना है और प्रेम की भावना ही पूरे विश्व को बचा सकती है। बुधवार को ये बातें ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय कोरापुट के कुलपति डॉ चक्रधर त्रिपाठी ने कहीं। वे अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर हिन्दी की दशा और दिशा विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदी में भक्ति काव्य के माध्यम से प्रेम की भावना का दिन-प्रतिदिन प्रचार हो रहा है। कार्यक्रम में संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ जंगबहादुपर पांडेय ने कहा कि हिन्दी भारत मां की बिन्दी है और यह भारत के जन-जन की भाषा है। हिन्दी आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी विजय पताका लहरा रही है।

श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति ने निकाली भव्य झंडा शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रथम मंगलवार को श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा धूम धाम से झंडा शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व चैती दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की गई। श्री चेती दुर्गा मंदिर री ढ़ोल, ताशा के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा और इसमें 101 कीलों लाडू का भक्त अपने माथे पर लेकर अस्त्र- शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए महावीरी झंडे के साथ महावीर चौक हनुमान मंदिर पहुंचे जहां पर राम भक्तों नें हनुमना जी को 101 कीलों बुंदिया का लड्डू अर्पित कर झंडा पूजा की गई।मंगलवारी शोभायात्रा में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, वरिष्ठ संरक्षक उदय साहू, राजकुमार गुप्ता, कुमार राजा, अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह(लल्लू सिंह), प्रवक्ता नमन भारतीय, मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, राहुल सिंह, शुभम वर्मा, करण सिंह, मोहित रजक, आशीष रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, सौरव रजक, आकाश रजक, यश वर्मा सैकड़ों कार्यकर्त्ता सामिल हुए।

अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय बसंत मेले का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। महिलाओं को आर्थिक रुप से अधिक स्वाबलंबी जागरुक बनाने के लिए मारवाड़ी महिला मंच रांची बसंत मेले का आयोजन करेगी। अग्रसेन भवन में 16 से 18 मार्च तक तीन दिवसीय बसंत मेला लगाया जा रहा है। अपने हाथों से हैंडीक्राफ्ट आइटम बनाकर घर के उपयोग में आने वाले सामानों को बनाकर लघु उद्योग को बढ़ावा दे रही है। ऐसी सभी उद्यमी महिलाओं के उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं बिक्री के लिए ही 15 वर्षो से बसंत मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह हमारा 139वां बसंत मेला है। कोरोना की वजह से पिछले दो साल मेले का आयोजन संभव नहीं हो सका था।

झारखंड इमेजिंग एक्सपो के पोस्टर का विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 6 से 8 अप्रैल तक चलने वाले झारखंड इमेजिंग एक्सपो का पोस्ट रांची के होटल राज रेसिडेंसी में लांच किया गया। पोस्टर का लॉन्चिंग मुख्य अतिथि जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य एवं झारखंड फोटोग्राफीक एसोसिएशन सेंट्रल के तमाम पदाअधिकारी के द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता रांची के वरीय फोटोग्राफर रांची जेपीएफ अध्यक्ष शिव राम गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जेएमएम महासचिव श्री भट्टाचार्य ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि जेपीएसी द्वारा आयोजित चौथा फोटो वीडियो एक्सपो फोटोग्राफरों के लिए एक बेहतर प्लेटफॉर्म साबित होगा। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफरों का इस संगठन ने सभी फोटोग्राफरों को एक सूत्र व एक मंच पर लाकर बड़ा काम किया है। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी एक ऐसा हुनर है जो बगैर शब्दों की कहानी तस्वीर के माध्यम से बताता है। आने वाले दिनों में झारखंड सरकार द्वारा इन हुनरमंद फोटोग्राफरों को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इसके पूर्व जेपीएससी से जुड़े 15 जिले से पहुंचे सदस्यों के साथ बैठक कर चौथे झारखंड इमेजिंग को सफल संचालन के लिए विभागों का बंटवारा किया गया। मौके पर जेपीएससी के अध्यक्ष चंदेश्वर पंडित उर्फ गब्बर भाई ने कहा कि दो वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जेपीएसी के तत्वाधान में चौथे झारखंड इमेजिंग एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न फोटोग्राफी से संबंधित मल्टीनेशनल कंपनियां इस एक्सपो में पहुंचकर अपने उत्पाद का प्रदर्शन करेगी। साथ ही एक्सपो के दौरान दुनिया के प्रशिक्षित फोटोग्राफरों द्वारा कार्यशाला का आयोजन होगा। जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष सह संरक्षक वापी घोषाल ने कहा कि इस बार एक्सपो के दौरान फोटाग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी की भी व्यवस्था की गई है। इससे फोटोग्राफरों में फोटोग्राफी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

कार्यक्रम में ये हुए शामिल

कार्यक्रम में रांची, धनबाद, जमशेदपुर, देवघर, बोकारो, लोहरदग्गा, गिरिडिह, चतरा, कोडरमा, गुमला, सरायकेला, रामगढ़, गोड्डा, दुमका व हजारीबाग जिलों से चयनित जेपीएससी के सदस्य व अधिकारी शामिल हुए। उक्त जानकारी जेपीएसी मीडिया प्रभारी अनुज कुमार पांडेय ने दी।

अनुदीप फाउंडेशन ने किया ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। करियर पावर लालपुर रांची के प्रांगण में अनुदीप फाउंडेशन के बैनर तले बुधवार को ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रंजीत कुमार मंडल, एनसीएस के एसआरई अफसर एवं ओपी उपाध्याय, करियर पावर के मैनेजिंग डायरेक्टर उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन दिया। वहीं, अनुदीप फाउंडेशन के द्वारा डिजिटल एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम के उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। साथ ही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर अनुदीप झारखंड के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार, उनकी टीम में धर्मवीर कुमार, मंगल कुमार, पंकज कुमार, सत्यजित रॉय, रंजन कुमार सिंह एवं अमित कुमार उपस्थित थे।

विधानसभा में राज्य के 20 लाख ग्रीन राशन कार्डधारियों का मामला उठा

रांची (आजाद सिपाही)। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने विधानसभा में कार्यस्थगन सूचना के माध्यम से राज्य में सात महीनों से राज्य के बीस लाख ग्रीन राशन कार्ड धारक को नहीं मिल रहे राशन का मामला उठाया। जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को पढ़कर सुनाया। उन्होंने ने कहा कि राज्य अंतर्गत 20 लाख हरा कार्डधारियों को विगत सात (7) माह से राशन नहीं मिल रहा है, जबकि राज्य सरकार ने जनवरी 2021 से झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना लागू किया है। इस योजनांतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़े लाखों लाभुकों को एक रुपये प्रति किलो चावल प्रतिमाह उपलब्ध कराया जा रहा था, जो बंद हो गया, जिस कारण उनके समक्ष खाद्यान्न की समस्या उत्पन्न हो गयी। राज्य की वर्तमान महागठबंधन वाली सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों के प्रति संवेदनहीन हो चुकी है, जिससे वे लोग आक्रोशित हैं तथा योजना की पुनः प्रारंभ होने के प्रत्याशा में बार-बार पीडीएस डीलरों के यहां चक्कर लगाना पड़ रहा है। बार-बार सरकार द्वारा लाभुकों को यह कहा जा रहा है कि उन्हें अनुदानित दर पर खाद्यान्न (चावल) उपलब्ध कराने के लिए निविदा के माध्यम से आपूर्तिकर्ता का चयन कर अतिशीघ्र लाभुकों को चावल की आपूर्ति करायी जायेगी, परंतु आजतक उन लाभुकों को लाभ प्राप्त नहीं हो सका। वर्तमान सरकार की ओर से चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में गरीबों को प्रति परिवार अनुदानित दर पर एक किग्रा दाल देने की योजना शुरू करने का बजट में प्रावधान किया गया था, लेकिन 11 माह बीत जाने के बावजूद दाल वितरण योजना प्रारंभ नहीं हो पायी है।

डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने दिवंगत शिक्षक संजय मिंज के परिवार को सहयोग राशि का चेक प्रदान किया

रांची (आजाद सिपाही)। विगत दिनों दिवंगत हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के बीएड विभाग के शिक्षक संजय मिंज की पत्नी आशा कुमारी को बुधवार को विश्वविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षककेतर कर्मियों की ओर से चार लाख इकतीस हजार नौ सौ बावन रुपये की राशि एकत्रित कर सहयोग राशि के तौर पर चेक के माध्यम से दी गयी। यह राशि कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने दिवंगत संजय मिंज की पत्नी आशा कुमारी को प्रदान की। इस अवसर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन हर संकट की घड़ी में अपने शिक्षक और कर्मी के साथ खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सहयोग राशि एक आंशिक योगदान है, जो हम उनके सम्मानस्वरूप दे रहे हैं। इस अवसर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, शिक्षक संघ के महासचिव अशोक नाग सहित अन्य सभी शिक्षक और कर्मी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

सरहुल पूजा धूमधाम एवं शांतिपूर्वक मनाने को लेकर की गयी मांग

रांची (आजाद सिपाही)। सरहुल पूजा धूमधाम एवं शांतिपूर्वक मनाने को लेकर केंद्रीय सरना समिति 13 आरआइटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची के द्वारा उपायुक्त कार्यालय में आवेदन देकर निम्नलिखित मांग की गयी। 1. केंद्रीय शांति समिति की बैठक करायी जाये। 2. महिला एवं पुरुष सुरक्षाबलों की तैनाती करायी जाए। 3. चलंत शौचालय की व्यवस्था की जाये। 4. चलंत चिकित्सा यान की व्यवस्था की जाये। 5. सरहुल शोभायात्रा के दिन शहर में बड़े छोटे वाहनों का प्रवेश निषेध किया जाये। 6. सरहुल शोभायात्रा के दिन शराबबंदी की जाये। 7. शहरों की साफ-सफाई कर आकर्षक विद्युत सज्जा की जाये। सरहुल को लेकर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से बात की। उपायुक्त ने बताया कि 17 मार्च को सरहुल को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों के साथ बैठक होगी। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के महासचिव विमल कच्छप, केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुनेश्वर लोहरा, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, बाना मुंडा, बिनय उरांव,सहाय तिर्की, निरा टोप्प, धर्म कुमार, दीपक जायसवाल, गुना बाखला एवं अन्य शामिल थे।

सीएमपीडीआइ ने 194 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान किया

रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ के क्षेत्रीय संस्थान-5, बिलासपुर ने सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एल्मिको)-कानपुर के सहयोग से वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतर्गत 194 दिव्यांगजनों को बॉक्स के साथ मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-5, बिलासपुर के क्षेत्रीय निदेशक श्री आई0डी0 नारायण ने समाज के विकास में सीएसआर पहल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी सीएसआर पहल से दिव्यांग लोगों को अधिक सुगमता और स्वतंत्र जीवन जीने में मददगार साबित होगा। एलिम्बो के प्रबंधक (सीएसआर) नितिन महोर ने सीएमपीडीआइ द्वारा सीएसआर के तहत निधि उपलब्ध कराने के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि यह कार्य विशेषकर दिव्यांग लोगों के लिए सामाजिक कल्याण के प्रति संगठनों की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। मौके पर प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री आलोक श्रीवास्तव द्वारा सीएमपीडीआई की समाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और दिव्यांग व्यक्तियों की सहायता के प्रयासों पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष (कार्मिक/प्रशासन) संजीव सिंह ने आने वाले वर्षों में भी सीएमपीडीआई द्वारा सीएसआर की इस भावना को जारी रखने की इच्छा प्रकट किया।

आम सूचना

स्वर्ण वर्षा मिचुअल बेनिफीट निधी लिमिटेड का ऑफिस पहले C/o Rajesh Kumar Sharma DC Office Road Chatra, PS Chatra, Dist. Chatra, Jharkhand में जो सिफ्ट होकर, सीता साव वार्ड नंबर 8 चतरा-चौपारण मुख्य मार्ग जराहीबाग चतरा IPS Chatra, Dist. Chatra, Jharkhand हो गया है। PIN Cord 825401

हंगामे का सदन

ऐसी अपेक्षा की जाती है कि संसद में जरूरी मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा होगी और समस्याओं के समाधान की दिशा में व्यावहारिक नतीजे निकाले जा सकेंगे। मगर पिछले कुछ सालों से संसद के दोनों सदन जैसे राजनीतिक दलों के लिए जोर-आजमाइश की जगहों में बदलते गए हैं। हर संसद सत्र में पक्ष और विपक्ष के बीच किसी न किसी मुद्दे को लेकर शुरू से लेकर आखिर तक हंगामा चलता रहता है। उसी में कुछ सांसदों को निलंबित करने की कार्रवाई भी की जाती है और फिर उसे लेकर अलग से हंगामा शुरू हो जाता है। अक्सर यह भी देखा जाने लगा है कि संसद सत्र अवधि से पहले ही स्थगित कर दिया जाता है। बजट सत्र में भी वही रुझान बना हुआ है। इसका पहला चरण हंगामे की भेंट चढ़ गया। दूसरे चरण में भी पहले ही दिन से हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष ने पहले से तय कर रखा था कि वह अडाणी प्रकरण पर सत्तापक्ष को घेरेगा। यह बात सरकार को पता थी, इसलिए उसने अपने बचाव में तैयारियां कर रखी थी। विपक्ष अड़ा हुआ है कि अडाणी की कंपनियों को दिए गए कर्ज के मामले में सरकार अपना पक्ष रखे, मगर सत्तापक्ष उस पर कोई बात करने को तैयार नहीं है। अब सत्तापक्ष को राहुल गांधी के ब्रिटेन में दिए भाषण को लेकर कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया है। उसका कहना है कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर भारतीय लोकतंत्र का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए। फिर वे जिस सदन के सदस्य हैं, उसी सदन का अपमान करने का मामला दंडात्मक कार्रवाई का बनता है। उनकी सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए। स्पष्ट है कि सरकार अडाणी प्रकरण को दबाने के लिए राहुल गांधी के भाषण को तूल देती रहेगी और संसद में किसी विषय पर कोई सार्थक बहस संभव नहीं हो पाएगी। यह पहला मौका नहीं है, जब सत्तापक्ष और विपक्ष रणनीतिक रूप से संसद में हंगामा कर रहे हैं। पिछले कई सालों से यह प्रवृत्ति बनी हुई है। तीन कृषि कानूनों को लेकर भी इसी तरह हंगामा हुआ और फिर स्थिति यहां तक पहुंच गई थी कि कुछ विपक्षी नेताओं को पूरे सत्र के लिए संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने से रोक दिया गया। बाकी विपक्षी सदस्यों को सदन से बाहर निकालने के लिए सुरक्षाबलों का प्रयोग करना पड़ा था। कई बार ऐसा देखा जा चुका है कि विपक्ष संसद से बाहर निकल कर मीडिया के सामने अपनी बातें रखता रहा है। दरअसल, संसद की मयार्दाएं दोनों पक्ष तोड़ते देखे जा रहे हैं। सरकार जानबूझ कर उन असहज करने वाले सवालों से बचने का प्रयास करती है, जिनसे उसकी कमजोरी जाहिर हो सकती है। इसलिए वह हर बार कोई न किसी ऐसे मामले को तूल देती देखी जाती है, जिसके जरिए वह विपक्ष की गलतियां रेखांकित कर सके। हालांकि विपक्ष भी स्वस्थ इरादे से किसी मुद्दे पर बहस करने की इच्छा रखता हो, ऐसा नहीं कहा जा सकता। इस तरह संसद में चर्चाओं का मूल मकसद ही कहीं खो गया है। इसका नतीजा यह निकलता है कि जिन कानूनों पर चर्चा के बाद सहमति बननी चाहिए, वे भी एकतरफा सहमति से पारित कर दिए जाते हैं। इस प्रवृत्ति से लोकतंत्र का नुकसान ही हो रहा है।

हर संसद सत्र में पक्ष और विपक्ष के बीच किसी न किसी मुद्दे को लेकर शुरू से लेकर आखिर तक हंगामा चलता रहता है। इस प्रवृत्ति से लोकतंत्र का नुकसान ही हो रहा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

हिंद-प्रशांत क्षेत्र से नजदीकी के कारण पूर्वोत्तर राज्यों की रणनीतिक और भौगोलिक स्थिति देश के लिए काफी अहम है। दक्षिण पूर्व एशिया से भारत के जुड़ाव के एजेंडे को मजबूती के लिए संपूर्ण पूर्वोत्तर के विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर के विकास को नया आयाम देने के लिए 'लुक ईस्ट' की नीति में संशोधन कर 'एक्ट ईस्ट' की नीति अपनायी है।

पूर्वोत्तर बना भारतीय समृद्धि का द्वार

मृत्युंजय शर्मा

हाल ही में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'चुनाव जीतने से ज्यादा मुझे संतोष इस बात का है कि प्रधानमंत्रित्व काल में मुझे बार-बार नॉर्थ ईस्ट जाने का मौका मिला और हमने लोगों के दिलों को जीता। कांग्रेस शासनकाल में जीर्ण-शीर्ण और उपेक्षित अवस्था में रहने वाले हमारे पूर्वोत्तर राज्य मोदी युग में देश की विकास का केंद्र बन चुके हैं।' हिंद-प्रशांत क्षेत्र से नजदीकी के कारण पूर्वोत्तर राज्यों की रणनीतिक और भौगोलिक स्थिति देश के लिए काफी अहम है। दक्षिण पूर्व एशिया से भारत के जुड़ाव के एजेंडे को मजबूती के लिए संपूर्ण पूर्वोत्तर के विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर के विकास को नया आयाम देने के लिए 'लुक ईस्ट' की नीति में संशोधन कर 'एक्ट ईस्ट' की नीति अपनायी है।

लगभग छह दशकों तक शासन के दौरान कांग्रेस के किसी भी प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। कांग्रेस इस बदहाली के लिए तर्क देती थी कि पूर्वोत्तर क्षेत्रों के विकास ना होने से हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित रहेंगी। अटल बिहारी वाजपेयी कांग्रेस की इस अवधारणा को तोड़ पूर्वोत्तर में एक रात बिताने वाले पहले प्रधानमंत्री थे। इसके पीछे अटल जी का उद्देश्य आधारभूत संरचनाओं को विकसित कर उत्तर पूर्वी भारत को जोड़ना था। इसके लिए वर्ष 2001 में एक अलग पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास मंत्रालय बनाया गया। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए धन हेतु नॉन-लैप्सेबल पूल और सिक्किम को उत्तर-पूर्वी परिषद के सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

आजादी के बाद से ही पूर्वोत्तर के विकास की संभावना को सीमा पार के साथ-साथ आंतरिक उग्रवाद ने प्रभावित किया।

प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व और केंद्रीय मंत्रिमंडल के सकारात्मक रवैया और सहयोग के कारण यह क्षेत्र घरेलू प्राथमिकता के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग के एक जोन के रूप में उभरकर सामने आया है। पूर्वोत्तर के स्थानीय लोगों में मोदी सरकार के प्रति स्वीकार्यता बढ़ी है। यह क्षेत्र अब देश की मुख्यधारा में पूर्णतः शामिल हो चुका है।

पूर्वोत्तर के 7 राज्य चीन, बांग्लादेश, म्यांमार और भूटान के साथ सीमा साझा करते हैं। चीन और बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद होने के कारण इन दो देशों से हमारे संबंध मधुर नहीं हैं। इसलिए सामरिक दृष्टिकोण से भी पूर्वोत्तर के राज्य देश के लिए काफी महत्वपूर्ण और संवेदनशील हैं।

लिहाजा मोदी मानते हैं कि पूर्वोत्तर देश का भारत की सुरक्षा और समृद्धि का गेट-वे है। पूर्वोत्तर न केवल भारत की एक्ट ईस्ट नीति के लिए एक अहम केंद्र बिंदु है बल्कि यह पश्चिम और पूरब दोनों के साथ भारत की साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक पुल के तौर पर काम कर सकता है। इन क्षेत्रों में विकास कार्यों का उचित क्रियान्वयन और निरीक्षण के लिए सुनिश्चित किया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री हर 15 दिन में पूर्वोत्तर राज्यों में जाएं। इसके अलावा केंद्रीय एवं राज्य के मंत्रालयों के बीच परस्पर समन्वय के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है।

पूर्वोत्तर के विकास को नया आयाम देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी अब तक इन राज्यों के 50 से अधिक दौरे कर चुके हैं। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 15वें वित्त आयोग की शेष अवधि के लिए लगभग 13 हजार करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनियर) की योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दी है। इसके तहत पूरे पूर्वोत्तर में जारी तमाम विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा। आत्मनिर्भर भारत अभियान को इसके माध्यम से बढ़ावा मिलेगा। रेल सेवाओं में सुधार एवं विस्तार के लिए 2014 से अब तक लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं एवं दर्जनों नयी परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। वहीं सड़क संपर्क में सुधार के लिए लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की 375 परियोजनाएं का काम चल रहा है। 2014 तक सिर्फ एक जलमार्ग था लेकिन आज 18 जलमार्ग बन गए हैं, इसी तरह पूर्वोत्तर के अलग-अलग राज्यों में कुल मिलाकर इस वक्त 16 हवाई अड्डे हैं। 2014 से पहले तक पूर्वोत्तर में सिर्फ 9 हवाई अड्डे थे, पहली बार पूर्वोत्तर के 5 राज्यों की राजधानियां एयरवेज से जुड़ चुकी हैं। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में चीन के साथ सीमा को सशक्त बनाया जा रहा है। मणिपुर से म्यांमार, थाइलैंड के बीच अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहा है। असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर देश का सबसे बड़ा ढोल सदिया पुल बना है। आजादी के बाद से ही पूर्वोत्तर के विकास की संभावना को सीमा पार के साथ-साथ आंतरिक उग्रवाद ने प्रभावित किया।

पूर्वोत्तर राज्य लंबे समय तक प्रायः अलगाववाद और उग्रवाद की चपेट में रहे, लेकिन पिछले आठ वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में क्षेत्र में शांति स्थापित हुई है। उग्रवाद की घटनाओं में 74 प्रतिशत की कमी आयी है, सुरक्षा बलों पर हमलों, और नागरिकों की मौत में 60 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गयी है। हजारों युवाओं ने आत्मसमर्पण किया है तथा अपने और अपने परिवारों के लिए बेहतर भविष्य का स्वागत करते हुए मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा, 2019 में त्रिपुरा के राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चे, 2020 में बीआरयू और बोडो समझौते और 2021 में कार्बी समझौते पर सहमति बनी। असम-मेघालय और असम-अरुणाचल सीमा विवाद भी लगभग समाप्त हो चुके हैं और शांति बहाली के साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास के पथ पर अग्रसर हो गया है। बोडो लैंड क्षेत्रीय परिषद, दीमा हसाओ स्वायत्त क्षेत्रीय परिषद और कार्बी आंगलोंग स्वायत्त क्षेत्रीय परिषद के लिए 1540 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज दिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व और केंद्रीय मंत्रिमंडल के सकारात्मक रवैया और सहयोग के कारण यह क्षेत्र घरेलू प्राथमिकता के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग के एक जोन के रूप में उभरकर सामने आया है। पूर्वोत्तर के स्थानीय लोगों में मोदी सरकार के प्रति स्वीकार्यता बढ़ी है। यह क्षेत्र अब देश की मुख्यधारा में पूर्णतः शामिल हो चुका है। राजनीति, खेल जगत से लेकर कला संस्कृति सहित अन्य क्षेत्रों में पूर्वोत्तर की भागीदारी देखी जा सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में कहें तो 'पूर्वोत्तर अब ना दिल्ली से दूर रहा ना दिल से दूर'। विकास के बहुआयामी को छूता पूर्वोत्तर आज देश की समृद्धि का नया द्वार बनता जा रहा है।

(लेखक, झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं)

जमशेदपुर की खबरें

स्वस्थ वाहन, स्वस्थ चालक के तहत निःशुल्क जांच शिविर में सैकड़ों ऑटो चालकों ने करायी जांच

बजाज ऑटो के डीलर कृष्णा बजाज एवं रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी ने किया शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। साकची आमबागान मैदान में बजाज ऑटो के डीलर कृष्णा बजाज व रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को जमशेदपुर में पहली बार ऑटो चालकों के लिए दो दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप 'स्वस्थ वाहन स्वस्थ चालक' शिविर का उदघाटन मुख्य अथिति पूर्व विधायक सह झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी व विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी की अध्यक्ष निकिता मेहता, सम्मानित अथिति कृष्णा बजाज के संस्थापक विवेक रूंगटा, बजाज के रीजनल सेल्स हेड गिरीश पति,अमीश मेहता,गर्विता टोंग, नंदिनी रूंगटा, जितेश कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। दो दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप की विशेषता कंपनी के बेहतरीन,कुशल सर्विस इंजीनियर और मैकेनिकों द्वारा वाहनों की निशुल्क जांच की गई। शिविर में वाहनों के पूरी जांच के अलावा पाट्र्स और इंजन ऑयल लेने पर वाहन चालकों को आकर्षक छूट प्रदान की गई। मौके पर आरोग्यम पैथोलॉजी द्वारा ऑटो चालकों का शुगर, बीपी एवं वजन, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मेगा हेल्थ कैंप के दौरान हर 2 घंटे में लकी ड्रॉ के जरिए पुरस्कार का वितरण किया गया। शिविर में पूर्णिमा नेत्रालय द्वारा सभी वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई। जिनके आंखों में दोष पाया गया, उन्हें पावर चश्मा भी प्रदान किया गया। मौके पर 107 से अधिक ऑटो चालकों ने शिविर का लाभ उठाया। मौके पर निर्मल कुमार, प्रतीक चौरसिया, आदित्य, अफीफा जन्नत, समीक्षा, साहबाज,शाहनवाज, रौशन समेत अन्य उपस्थित रहे।

पोटका विधायक ने बिजली बिल में जनता की समस्या को सदन में उठाया

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पोटका विधायक संजीव सरदार ने क्षेत्र के ग्रामीण जरूरतमंद उपभोक्ताओं को बिजली मीटर लगने से पूर्व बिल में वृद्धि करने के मामले को सदन में उठाया। बुधवार को सत्र के दौरान विधायक ने बताया ऊर्जा विभाग के पदाधिकारियों की मिलीभगत से ग्रामीण उपभोक्ताओं को बिजली बिल में वृद्धि कर देने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सदन में इस मामले का सुधार के लिए मांग की।

जुगसलाई विधायक ने क्षेत्र की सभी पंचायतों में प्रज्ञा केंद्र खोलने का मामला सदन में उठाया

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा सत्र के शून्यकाल में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सदन में विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में प्रज्ञा केंद्र खोलने का मामला उठाया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बोड़ाम, पटमदा व जमशेदपुर प्रखण्ड में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या काफी कम है। जिससे छात्र-छात्राओं व क्षेत्र के जरूरतमंद ग्रामीणों को आधार,जाति प्रमाण पत्र, आवासीय,आय प्रमाण सहित अन्य दस्तावेजो के आवेदन के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विधायक मंगल कालिंदी ने सदन में माध्यम से जनहित में प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में प्रज्ञा केंद्र खोलने के लिए सरकार से अपील की।

एआइडीएसओ ने स्नातक सत्र में त्रुटि के सुधार की मांग को लेकर कुलपति के नाम सौंपा ज्ञापन

स्नातक सत्र 2019-22 के अंक पत्र में अधिकतर विद्यार्थियों का भारी गड़बड़ी है : मुस्कान

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। स्नातक सत्र में त्रुटि सुधार की मांग को लेकर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन के पहल शुरू कर दी। बुधवार को एआईडीएसओ जमशेदपुर नगर कमिटी का एक प्रतिनिधिमंडल द ग्रैजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेंस के प्राचार्य से मुलाकात की।

मौके पर प्रतिनिधि मंडल ने प्राचार्य को कुलपति के नाम ज्ञापन सौप कर त्रुटि में सुधार की मांग की। एआईडीएसओ के जमशेदपुर नगर सचिव मंडल सदस्या मुस्कान ने कहा कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से जारी किया गया स्नातक सत्र 2019-22 के अंक पत्र में अधिकतर विद्यार्थियों का भारी गड़बड़ी है। सेमेस्टर-3 और सेमेस्टर-4 में सेक्शन-1 व सेक्शन-2 के जगह पर सेक्शन-3 व सेक्शन-4 कर दिया गया है। सेमेस्टर-5 के एसजीपीए का सभी में गलत किया गया। बहुत सारे विद्यार्थियों का अंक के आधार पर ग्रेड अंक गलत दिया गया। उन्होंने कहा कोल्हान विश्वविद्यालय में शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की भारी कमी व अवैज्ञानिक सीबीसीएस-सेमेस्टर सिस्टम के चलते छात्र-छात्राओं को इस तरह के तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छात्र-छात्राओं की परेशानी को देखते हुए एआईडीएसओ छात्र संघ कुलपति से मांग करता है कि अंकपत्र में जो त्रुटि हुई है उसे अविलंब सुधार किया जाए अन्यथा छात्र समुदाय आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर एआईडीएसओ के नगर सचिव सविता सोरेन,निशा, सोनी, सूचिता, गुलनाज, स्वेता सहित अन्य उपस्थित रहे।

बीएसएफ जवान का पार्थिव शरीर पंहुचा धर्मसाई गांव, तिरंगे के साथ दी गयी अंतिम सलामी

बीएसएफ इंस्पेक्टर बुधलाल जोंको का कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक होने से हो गया निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

चक्रधरपुर। पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर स्थित धर्मसाई गांव के रहने वाले बीएसएफ इंस्पेक्टर बुधलाल जोंको का कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक होने से निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को बीएसएफ के अधिकारियों व जवानों द्वारा धर्मसाई गांव लाया गया। बुधवार को तिरंगे में लिपटा शव जैसे ही गांव लाया गया उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर चक्रधरपुर के पूर्व विधायक शशिभूषण सामड, भाजपा नेता विजय मेलगांडी, विधायक सुखराम उरांव के पुत्र सन्नी उरांव समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे। मौके पर परिजन व स्थानीय लोगो ने पार्थिव शरीर के दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बीएसएफ जवानों ने भी अपने दिवंगत जवान को अंतिम सलामी दी।

पुलिस ने हथियार एवं कारतूस के साथ अपराधी को किया गिरफ्तार

चांडिल (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत डांगरडीह निवासी 24 वर्षीय सद्दाम हुसैन को कपाली पुलिस ने एक देसी कट्टा,एक खोखा समेत दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को चांडिल एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने बताया बीते रात करीब 9 बजे डांगरडीह मैदान के पास फायरिंग होने की सूचना मिली पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही कपाली ओपी प्रभारी सुनील कुमार भोक्ता व शस्त्र बल के द्वारा छापेमारी करते हुए सद्दाम हुसैन को एक देसी कट्टा, एक खोखा समेत दो जिंदा कारतूस के साथ कपाली समुदायिक भवन के पास से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया फायरिंग से किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पूछताछ के बाद आरोपी सद्दाम हुसैन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

मानगो के उलीडीह स्थित सनराइज टाइल्स शोरूम पर आयकर का छापा

शोरूम के दस्तावेज खंगालने में जुटे आयकर हैं अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को मानगो के उलीडीह स्थित सनराइज टाइल्स शोरूम में छापामारी किये जाने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. समाचार लिखे जाने तक आयकर विभाग की टीम की कार्रवाई जारी है, जबकि शोरूम के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गयी है। आयकर विभाग की टीम बुधवार दोपहर मानगो उलीडीह स्थित सनराइज टाइल्स शोरूम पहुंची, जिसके बाद से वहां विभागीय अधिकारी कार्रवाई में लगे हुए हैं. शोरूम के बाहर बड़ी संख्या में तैनात पुलिस कर्मियों की सुरक्षा में विभाग की कार्रवाई चल रही है एवं शोरूम में किसी को आने-जाने नहीं दिया जा रहा है।

बताते चलें कि सनराइज टाइल्स जमशेदपुर का नामी ब्रांड है, जिसमें कई बड़े नेताओं के करोड़ों रुपये लगे होने की बात कही जा रही है।

बताते हैं कि आयकर विभाग ने सरकार के निर्देश पर यह कार्रवाई शुरू की है. आयकर विभाग की टीमें शोरूम के कागजात खंगाल रही हैं तथा कार्रवाई अभी लंबी चलने की संभावना जतायी जा रही है।

महत्वपूर्ण न्यूज

वार्ड सदस्यों ने बीडीओ को आवेदन देकर रोजगार सेवक पर लगाया पैसे मांगने का आरोप, पंचायत से हटाने की मांग

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हुलहुला खुर्द पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर ग्राम रोजगार सेवक श्रवण राम पर हर काम के लिये पैसे मांगने का आरोप लगाते हुये रोजगार सेवक को पंचायत से हटाने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि रोजगार सेवक श्रवण राम हर काम के लिये पैसे की मांग करते हैं। वार्ड सदस्यों की बात भी नहीं सुनते हैं, इसलिये ऐसे रोजगार सेवक को अविलंब पंचायत से हटाते हुये दूसरे रोजगार सेवक को पंचायत में भेजने की मांग की है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में पंचायत समिति सदस्य राधा देवी, उपमुखिया प्रदीप राम, बसंत प्रसाद, फूलकुमारी देवी, मुन्ना मेहता, गयासुद्दीन अंसारी, सविता देवी, मंजू देवी के नाम शामिल हैं।

रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा ने टीबी मरीजों के बीच किया पोषाहार का वितरण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। रेड क्रॉस सोसाइटी जिला गढ़वा के द्वारा लगातार तीसरा महीना टीबी से ग्रस्त मरीजों को पोषाहार वितरित किया गया। ज्ञातव्य है कि तीन माह पूर्व टीबी वार्ड के प्रभारी डॉक्टर कमलेश कुमार के आग्रह पर रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा 12 टीबी मरीजों को गोद लिया गया था। जिन्हें लगातार छह महीने तक पोषाहार देने का जिम्मा रेडक्रॉस ने लिया था। उसी क्रम में कल मंगलवार को अपराह्न में सभी टीबी मरीज को पोषाहार दिया गया। जिन्होंने टीबी मरीज को गोद लिया है। उनमें रेड क्रॉस चेयरमैन डॉक्टर एमपी गुप्ता, सचिव डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सह सचिव नंद कुमार गुप्ता, मनोज केसरी रूपा गंजी, अवधेश कुशवाहा, ज्ञान प्रकाश केसरी, डॉ पातंजलि केशरी एवं संतोष मेहता (पीयूष मेडिकल) का नाम शामिल है। इस मौके पर गढ़वा अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह, रेडक्रॉस गढ़वा के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सह सचिव नंदकुमार गुप्ता, डॉ पातंजलि केशरी, मनोज केशरी रूपा गंजी, डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, डॉ पुरषेस्वर मिश्र, वीरेन्द्र प्रसाद एवं रौशन कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

जीएन कॉन्वेंट स्कूल में आरटीई वाले 10 बच्चों का होगा निःशुल्क नामांकन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (सी.) के अंतर्गत कक्षा प्रथम में दस बच्चों का नामांकन के लिए सीट खाली है। इच्छुक अभिभावकों से अनुरोध है कि यदि आप अभिवंचित और कमजोर आय अथवा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं तो सक्षम पदाधिकारी द्वारा 72000 रुपये का प्रमाण पत्र, दो रंगीन फोटो, जन्मप्रमाण पत्र की सच्ची प्रतिलिपि स्कूल कार्यालय में जमा करा कर सत्र 2023-24 के लिए निःशुल्क पढ़ाई क्लास आठवीं कक्षा तक पूरी करा सकते हैं। यह सरकार की बहुआयामी योजना है, कृपया इसका लाभ उठा सकते हैं।

9वीं राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर शुरू

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। 69वीं राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ नगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद केसरी और कबड्डी संघ के अनुमंडल अध्यक्ष गौरव पांडे के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। प्रशिक्षण शिविर बंशीधर नगर के अधौरा ग्राम में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में झारखंड के विभिन्न जिलों से 15 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कबड्डी कोच अजय कुमार गुप्ता एवं बेबी कुमारी के देख रेख में करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद केसरी ने कहा कि बंशीधर नगर के लिए गौरव की बात है कि यहां पर राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर लगा हुआ है। इसके लिए गढ़वा जिला कबड्डी संघ का मैं आभार प्रकट करता हूं। कबड्डी संघ के अनुमंडल अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं। खासकर कबड्डी कोच अजय कुमार गुप्ता को जिनकी बदौलत गढ़वा जिला के महिला खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर खेल रही हैं। यह बहुत ही गौरव की बात है मैं हर समय हर तरह की मदद में करूंगा। मौके पर गढ़वा जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष अनुमंडल अध्यक्ष गौरव पांडे, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, भानु सिंह, हरिंदर पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

बैठक : भाजपा नगर मंडल बूथ सत्यापन एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम में किसलय तिवारी ने कहा

कार्यकर्ता योजनाबद्ध तरीके से बूथ को सशक्त बनाने का करें कार्य

हर चुनौती को स्वीकार करते हुए हमें 2024 में विजय पताका लहरानी है : ओम प्रकाश केसरी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढवा। भाजपा नगर मंडल बूथ सत्यापन एवं सशक्तिकरण हेतु राम लला मंदिर एवं मोदनवाल मैरिज हॉल ऊंचरी में नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी एवं जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी उपस्थित थे। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रितेश चौबे एवं नगर मंडल के प्रभारी पुष्प रंजन उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य विषय बूथ सत्यापन हेतु रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि ने शक्ति केंद्र के प्रभारी, सह प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं सचिव को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी 2024 के चुनाव के निमित्त बूथ जीतो अभियान चला रही है। बूथ सशक्तिकरण एवं सबल बनाने के लिए हम सभी योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। जिसमें हमारे केंद्रीय नेतृत्व का कहना है कि हमें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना है। हमें पन्ना प्रमुख के साथ पन्ना समिति का भी गठन करना होगा ताकि हमारा बूथ सबसे मजबूत हो सके और हम मजबूती के साथ चुनाव में खड़ा हो सकें, हर चुनौती को हर एक कार्यकर्ता को स्वीकार करते हुए कठिन मेहनत करना है। तब जाकर हम 2024 में विजय पताका लहरा सकते हैं।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा हमारे शक्ति केंद्र के सभी सचिव और सह सचिव मिशन 2024 को पूरी निष्ठा से करेंगे और करते भी हैं क्योंकि कार्यकर्ता ही हमारे पूंजी हैं और भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की फौज है। नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि हमारे सभी शक्ति केंद्र के सचिव, सह सचिव, पन्ना प्रमुख पूरी निष्ठा और समर्पित भाव से कार्य करते हैं। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि आगामी 2024 लोकसभा के चुनाव में हम सभी एक ऐतिहासिक विजय दिलाएंगे और अपने बूथ को एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। हमारे सभी साथी अपने-अपने बूथ पर ज्यादा से ज्यादा वोटर वोट दें इसके निमित्त हमारे सभी कार्यकर्ता प्रतिदिन मतदाताओं से संपर्क करते हैं अपनी सरकार की उपलब्धि के बारे में बताते हैं। धन्यवाद ज्ञापन नगर मंडल के प्रभारी पुष्प रंजन ने किया।

बैठक का संचालन महामंत्री यशवंत मिश्रा ने किया। मौके पर धनंजय गौड़, उपेन्दर कुमार रवि, गांधी पासवान, अजय पासवान, गौतम कुमार, भीम गौड़, सन्नी पांडे, अंकित कुमार, संजय केसरी, जितेंद्र राम सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तालाब से बीचका पंचायत की वार्ड सदस्य का शव बरामद

मृतका की बहन ने पति एवं ससुराल वालों पर हत्या का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। भंडरिया थाना क्षेत्र के सिंजो गांव के बड़की दोहर मुडसेरी तालाब में बुधवार की अहले सुबह ग्रामीणों के द्वारा एक महिला का शव पानी में तैरता देखा गया। जिसके बाद यह सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गयी तथा तालाब के पास लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों के द्वारा तत्काल इसकी सूचना भंडरिया थाने को दी गई। भंडरिया थाने के सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार महतो के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पहुंच शव को तालाब से बाहर निकाला। जिसकी पहचान सिंजो गांव के ही कामेश्वर सिंह की 28 वर्षीय पत्नी करमी देवी के रूप में की गयी। करमी देवी बीचका पंचायत के वार्ड 1 की वार्ड सदस्य थी। पुलिस शव को अपने कब्जे में कर अन्त्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। शव के गला व चेहरे पर कई जगह गहरे चोट के निशान को देखकर ग्रामीणों के द्वारा हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के नियत से तालाब में फेके जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। घटनास्थल पर पहुंची करमी की बहन पूनम कुमारी ने रोते बिलखते हुए मृतक के पति व उसके ससुराल वालों पर ही हत्या का आरोप लगा रही थी। सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख रुकमीणी देवी, बिजका पंचायत के मुखिया पति महेश्वर सिंह घटना स्थल पर पहुंच चुके थे। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार महतो ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जाएगा। अभी तक किसी तरह का कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होते ही अनुसंधान जारी कर दिया जाएगा। प्रथमदृष्टया हत्या लग रहा है। मृतका के पति के अनुसार मृतका बुधवार की पांच बजे सुबह महुआ चुनने जाने की बात कह कर घर से निकली थी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ (जिला नजारत शाखा)

-:: आम सूचना ::-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 23–रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के निमित्त चुनाव कार्य हेतु विभिन्न प्रकार के सामग्री आपूर्ति एवं अन्य कार्य यथा– स्टेशनरी, टेन्ट, लाईट, साउण्ड, अल्पहार, भोजन, मजदूरी, विडियोग्राफी, सी०सी०टी०वी, प्रिटिंग सामग्री/प्रिटिंग/फोटोकॉपी तथा अन्य किसी प्रकार का कार्य निर्वाचन के निमित आपके द्वारा किया गया हो तो उससे संबंधित सभी आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपना–अपना अभिश्रव तैयार कर सूचना प्रकाशन की तिथि से 02 (दो) दिनों के अन्दर जिला नजारत शाखा, रामगढ़ में निश्चित रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। ताकि भुगतान हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

ह०/–
नजारत उपसमाहर्त्ता,
रामगढ़।

PR.NO.292652 District(22-23):D

चिनिया मंडल भाजपा के बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम में संगठन को मजबूत बनाने पर की गयी चर्चा

दो दर्जन से अधिक लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। चिनिया मंडल के बेता पंचायत में विजय सिंह की अध्यक्षता में चिनिया मंडल भाजपा के द्वारा आयोजित बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पाण्डेय और गढ़वा भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी उपस्थित हुए। बूथ सशक्तिकरण की बैठक में अलखनाथ पांडे ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के अभिभाषण का अंश को पढ़कर लोगों के बीच सुनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा रक्षा के क्षेत्र में आर्थिक क्षेत्र में मेडिकल एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की चर्चा अलखनाथ पांडे ने विस्तार से की। उन्होंने कहा कि अगले 25 साल तक मोदी जी का लक्ष्य है विकसित भारत बनाना। सशक्तिकरण की बैठक में अलखनाथ पांडे ने सभी लोगों से कर्म ही पूजा है यह संकल्प लेकर पार्टी के हित में कार्य करने की अपील की।

जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने बूथ सशक्तिकरण के बारे में लोगों से विस्तार से चर्चा की एवं यथाशीघ्र गाइडलाइन के अनुसार बूथ कमेटी बनाकर जमा करने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने संगठन को मजबूत कैसे करें इसके बारे में लोगों से विस्तार से चर्चा की। बैठक में बंशीधर सिंह, मुनीलाल सिंह, सहादय सिंह, जितेंद्र सिंह सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीण भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। जिनको अलखनाथ पांडेय और ओम प्रकाश केसरी ने माला पहना कर पार्टी में उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन उमेश यादव ने किया। साथ में एससी मोर्चा के जिला महामंत्री सुरेंद्र राम, एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि विजय सिंह, शिवलाल सिंह, पूर्व मुखिया सरिता देवी, कपिल, ताहिर सहित चिनिया मंडल के बेता पंचायत के अन्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पत्नी को मारपीट कर घायल करने का आरापी पति गिरफ्तार, जेल

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने अपनी पत्नी को मारपीट कर घायल करने का आरोपी पति को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बाना गांव निवासी गुड्डू पासवान ने मंगलवार को अपनी पत्नी रीना देवी को मारपीट कर घायल कर दिया था। बाद में उसकी पत्नी थाना पहुंचकर आपबीती बताते हुए अपने पति पर ही मारपीट करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उक्त मामले में मेराल थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार को गुड्डू पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। रीना के लिखित आवेदन पर मेराल थाना में धारा 307, 324, 498ए 504/34 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। रीना का आरोप है कि गुड्डू उसके साथ हमेशा मारपीट, प्रताड़ना तथा दुर्व्यवहार करते रहता है।

झारखण्ड सरकार
आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय, झारखण्ड मंत्रालय, कल्याण कॉम्प्लेक्स, मोराबादी, राँची।

सूचना
PR. No.-292519
शुद्धि–पत्र
मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृति योजना

झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष–2023–24 हेतु **मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृति योजना, 2020 (संशोधित, 2022)** अन्तर्गत पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (**PR. No.-292519**) में आवेदन संबंधी अंकित तिथियों को निम्नवत संशोधित किया जाता है :–

ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि–17 मार्च, 2023
आवेदन की अंतिम तिथि–15 मई, 2023
ऑनलाईन आवेदन निम्न लिंक पर किया जा सकता है :–
www.mgos.jharkhand.gov.in

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृति की विशेष जानकारी हेतु उपर्युक्त विभागीय साईट का अवलोकन किया जा सकता है।
2. पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन की शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

आदिवासी कल्याण आयुक्त,
झारखण्ड, राँची।

PR 292685 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 22-23 (D)

आइजी राजकुमार लकड़ा ने भंडरिया थाना का किया निरीक्षण

पुलिस अधिकारियों एवं जवानों से मिल कर बढ़ाया हौसला

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। आईजी राजकुमार लकड़ा ने बुधवार को भंडरिया थाना का दौरा कर पुलिस अधिकारियों से मिले तथा पुलिस जवानों की हौसला अफजाई की। भंडरिया आने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भंडरिया में मेरा लगातार विजिट होते रहता है। इसी क्रम में आज भंडरिया आये हुए हैं। ऐसे इलाकों में विजिट करने से पुलिसकर्मियों और पुलिस पदाधिकारियों का हौसला बढ़ता है। अभियान एसपी विवेकान्द कुमार, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी संजय कुमार खाखा, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 26/2022–23

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय:–20.03.2023 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–22.03.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :–22.03.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल सं0–2, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

क्र0	कार्य का नाम	नलकूप की अनुमानित संख्या	प्राक्कलित राषि	अग्रधन की राषि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Supplying Labour, Vehicle With Fuel & Lubricants With All Tools & Plants for The Repair & Maintainance of Drilled Tube Wells in The Rural Areas for District Gumla for The Year 2022-23 & 2023-24 Major Repai –1100 & Minor Repair 550 Nos Total Nos - 1650 T/Well	1650	12,36,950	25,000	2500	03 माह

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 292633 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

कार्यक्रम : स्वच्छ उत्सव 2023 मनाने को लेकर महिला एवं स्वयं सहायता समूहों को दिया गया प्रशिक्षण

30 मार्च 2023 तक चलाया जायेगा स्वच्छ उत्सव अभियान

स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को मजबूत करने के लिए नगर प्रबंधक ने दिया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

मझिआंव। स्वच्छ उत्सव 2023 को सफल बनाने को लेकर मंझिआंव नगर पंचायत कार्यालय में महिला एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को नगर प्रबंधक के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

मझिआंव नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छ उत्सव 2023 मनाने को लेकर आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को मजबूत करने के लिए नगर प्रबंधक राकेश कुमार पाठक के द्वारा दर्जनों की संख्याओं में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

बताते चलें कि केंद्रीय मंत्री आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा यह कार्यक्रम 7 मार्च 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर स्वच्छ उत्सव 2023 का आरंभ किया गया है जो पिछले 8 वर्षों से महिलाएं जन आंदोलन में आगे रही हैं। वूमेन इन सैनिटेशन से लेकर वूमेन लेड सैनिटेशन में हुए परिवर्तन के उत्सव को मनाने और महिलाओं को प्रेरित करने हेतु यह अभियान 7 मार्च 2023 से 30 मार्च 2023 तक चलाया जायेगा। जिसमें स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में महिला चैंपियन को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिए विनर्स अवार्ड 2023, स्वच्छता यात्रा एसबीएमयू 2.0 और डे एनयूएलएम द्वारा संयुक्त रूप से महिला समूह के सदस्यों द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेज के अंतर राज्य क्रॉस लर्निंग को बढ़ावा देना, संयुक्त राष्ट्र महासभा 30 मार्च को इंटरनेशनल डे फॉर जीरो वेस्ट दिवस घोषित करना और इस दिन महिलाओं के नेतृत्व में वार्ड स्तरीय जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वच्छ मशाल मार्च का आयोजन करना, गार्बेज फ्री सिटीज को बढ़ावा एवं जन आंदोलन को आगे ले जाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को मुख्यधारा में लाने हेतु एयरवेज फ्री सिटी इनफॉरमेशन नेटवर्क की शुरूआत करना है शामिल किया गया है।

वहीं इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर प्रबंधक राकेश कुमार पाठक, नगर स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सहित दर्जनों की संख्या में महिला एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य शामिल थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,एन०आर०ई०पी०,खूंटी

ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या& NREP/KHUNTI/F2-10/2022-23 दिनांक–15.3.2023

कार्य का नामः–

ग्रुप सं०	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	5	6	7
1.	ग्राम–तारो में पं०–सिलादोन,प्रखंड–खूँटी में कॉची नदी पर सोलर आधारित उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण	21.89	0.05	180 दिन
2.	ग्राम–गनालोया,पं०–गनालोया,प्रखंड–मुरहू में सोलर आधारित उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण	21.89	0.05	180 दिन

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–20.03.2023
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–27.03.2023 अपराहन 5:00 बजे तक
4. एन०आर०ई०पी०,खूँटी कार्यालय में निविदा शुल्क,अग्रधन की राशि,शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किए गए योग्यता दस्तावेज इत्यादि की एक प्रति जमा करने की तिथिः–28.03.2023 को अपराहन 3:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथिः–29.03.2023 को अपराहन 1:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं./ई–मेल :–कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०,खूँटी /8252722844 /divisionnrep@gmail.com
7. परिमाण विपत्र का मूल्य(जो लौटाया नहीं जाएगा)राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से लिया जाएगा,जो कार्यपालक अभियनता एन०आर०ई०पी०,खूँटी के पदनाम से निर्गत होगा एवं खूँटी में भुगतेय होगा।
8. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन०आर०ई०पी०,खूँटी

PR 292683 (Minor Irrigation)22-23*D

तमाड़ में वाहन के धक्के से दो लोगों की मौत

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची-टाटा पथ पर रूगड़ी और मरधान के बीच एनएच-33 पर वाहन की चपेट में आने से दो लोगों की मौके पर ही घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मरने वालों की पहचान पूर्ण चंद्र मुंडा (65) और जया मुंडा (62) के रूप में हुई है। पूर्ण चंद्र मुंडा तमाड़ थाना क्षेत्र के सिंदवारी टोला का रहने वाला था, जबकि जया मुंडा तोड़ांग गांव की रहने वाली है। दोनों रूगडी जोरोबाडे गांव से भोज खा कर लौटने के क्रम में सड़क किनारे से पैदल ही घर जा रहे थे। तभी किसी वाहन ने धक्का मार दिया. जिससे मौके पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार की शाम 6.30 बजे की बताई जा रही है। दोनों आपस में गोतिया हैं। उधर, घटना से नाराज लोगों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर विरोध किया। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझा कर शांत कराकर सड़क जाम खत्म करवाया। साथ ही दोनों शव को कब्जे में लेकर तमाड़ थाना ले गई। शवों को रांची के रिम्स अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा

दो बाइक की भिड़ंत में एक ही गांव के दो युवकों की मौत

कर्रा (आजाद सिपाही)। कर्रा थाना क्षेत्र के कर्रा-खूंटी मुख्य पथ पर कसिरा गांव के समीप दो बाइक में आमने-सामाने की टक्कर होने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार शाम 6.30 बजे की है। मृतकों की पहचान कुदा गांव निवासी बिरसा मुंडा (22) और कसिरा गांव निवासी बीलू हेरेंज (16) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कुदा गांव निवासी बिरसा मुंडा साप्ताहिक हाट जलटंडा से अपनी बाइक से कर्रा की ओर लौट रहा था, वहीं कर्रा रेलवे स्टेशन की ओर उसी गांव का युवक बीलू हेरेंज अपनी बाइक से गांव कसिरा लौट रहा था। कसिरा गांव के पास ही दोनों बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। इससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा कर्रा थाना की पुलिस को इसकी सूचना दी गई। खबर पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शवों को कर्रा था ले आई। दोनों शवों को गुरुवार को सदर अस्पताल खूंटी में पोस्टमार्ट कराया जाएगा। घटना की सूचना मिलने पर कर्रा पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा सहित काफी संख्या में ग्रामीण कर्रा थाना पहुंचे। एक साथ दो युवकों की मौत से गांव में मातम है।

माकपा का बुंडू में 20 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

बुंडू (आजाद सिपाही)। सीपीआईएम के तत्वाधान पर बुधवार को केंद्र की भाजपानीत सरकार के जनविरोधी केंद्रीय बजट मे रसोई के बयानों में भारी मूल्यवृद्धि के खिलाफ और जन मुद्दों को लेकर लोकल कमेटी ने धुवामौड बुंडू में एक दिवसीय धरना दिया . धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के पश्चात 22 सूत्री मांग पत्र बुंडू के सीओ राजेश कुमार डुंगडुंग व बीडीओ संध्या मुंडू से एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर उपायुक्त रांची के नाम पर ज्ञापन सौंपा . जिसमें मुख्य मांगे सुखाड़ राहत का लाभ सभी किसानों को दिया गया ऋण माफ करने,भूमि बैंक को रद्द कर गैरमजरूआ जमीन ऑनलाइन कर जमीन का रसीद निर्गत करने के अलावा अन्य मांगे शामिल है . कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश्वर अहिर संचालन रामधन मछुआ ने किया .कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव सुखनाथ लोहरा, किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ,रामधन मछुआ ,सुरेश मुंडा, दिवाकर मुंडा ,मंगल मुंडा, लक्ष्मी देवी ,रितेश वासी, बिरसा मुंडा ,देवगुण महतो, लोकना महतो ,फेकला दास, शकुंतला देवी ,मंजुला देवी ,नंदनी देवी, कमला देवी ,सुषेन कोइरी, घनश्याम मुंडा , मुंडा सोमरा मुंडा, महादेव लोहरा, मानकी ऋषिकेश मुंडा ,आदि लोग शामिल थे।

किसान सभा ने विभिन्न समस्याओं को लेकर सोनाहातू में किया आठ किलोमीटर पथ यात्रा

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय किसान सभा के देशव्यापीआह्वान पर झारखंड राज्य किसान सभा द्वारा शहीद बिरसा मुंडा चौंक सोनाहातू से शहीद द्वारिका महतो चौंक सेरेंगहातु होते हुए शहीद शशोधर मुंडा चौक जिंतू तक 8 किलोमीटर पदयात्रा किया तथा 5 अप्रैल को दिल्ली पथ यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद ने कहा 13 माह चले किसान आन्दोलन,750 किसानों की शहादत के पश्चात मोदी सरकार ने तीनों कृषि कानून तो रद्द किया,तीन माह में एमएसपी के लिए कानून बनाने के लिखित आश्वासन के साल भर बाद भी एमएसपी, का कानून नहीं बना, किसान मुद्दों पर 5 अप्रेल को 5 लाख किसान - मजदूर दिल्ली संघर्ष रैली भाग लेंगे। झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा देशव्यापी पदयात्रा 5 अप्रैल को दिल्ली चलने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरूण महतो,उमेश महतो,रतन महतो, रंगोवती देवी,घुरन पातर, बसंत मुंडा, यशोदा देवी, रामप्रसाद पातर, हृदय नाथ मुंडा, दिनेश महतो,मदन महतो, पार्वती देवी,हरिहर महतो ,यदुलाल मुंडा,निलकांत मुंडा ,अमर महली, आदि मौजूद थे।

सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें श्रीरामनवमी : एसडीओ

खूंटी (आजाद सिपाही)। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर मनाया जानेवाला श्रीरामनवमी महोत्सव को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में केंद्रीय रामनवमी महासमिति खूंटी के पदाधिकरियों के साथ विशेष बैठक कर रामनवमी के दौरान खूंटी में आयोजित होनेवाले आयोजनों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिले के अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में रामनवमी महासमिति के संरक्षक औ जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, महामंत्री जितेंद्र कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष अनूप कुमार साहू, तथा कोषाध्यक्ष जय प्रकाश भाला ने रामनवमी महोत्सव के दौरान निकलने वाली नवमी की मुख्य शोभायात्रा और उससे पूर्व निकलने वाले मंगलवारी जुलूस के लिए शुरू से निर्धारित पारंपरिक मार्गों के अलावा दसवीं और अष्टमी तिथि को होनेवाले आयोजनों के बारे में अनुमंडल पदाधिकारी को विस्तार से जानकारी दी। अनुमंडल पदाधिकारी ने समिति के पदाधिकारियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से श्रीराम जन्मोत्सव मनाने की अपील करते हुए कहा कि इस दौरान वैसी कोई आपत्तिजनक गाना या भजन न बजाया जाए, जिससे किसी की भावना आहत हो। बैठक में डीसीएलआर जितेंद्र मुंडा, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश, एसडीपीओ अमित कुमार, अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा, खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव सहित केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

तोरपा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन

स्वावलंबी बनें महिलाएं: मसीह गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं व अन्य।

खूंटी। भारत माता कल्याण मंडप तोरपा में संभव ट्रस्ट के तत्वावधान में बुधवार कों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित हुआ। जिससा उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, तोरपा प्रखंड प्रमुख रोहित सुरीन और उप प्रमुख संतोष कर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में केलो गांव की मीरा देवी ने बांस के क्रॉफ्ट का स्टॉल, तोरपा बड़ाईक टोली की अचार पापड़ यूनिट द्वारा अचार का स्टॉल लगाया गया। तोरपा शांति नगर निवासी संगीता देवी ने भी अचार का स्टॉल लगाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं विभिन्न ग्रामों से पहुंची महिलाओं ने स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान संभव ट्रस्ट के लोगो का अनावरण किया गया। संभव ट्रस्ट की मोनिका आर्या ने ट्रस्ट के उद्देश्य लोगों को अवगत कराया। कहा कि हमारा ट्रस्ट महिलाओं के स्वरोजगार, स्वावलंबन एवं स्वाभिमान के लिए कार्य करेगा। हमारे क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के प्रशिक्षित महिलाओं को चिह्नित करके उनको व्यवसाय के लिए प्रेरित करने के साथ ही हर सम्भव मदद संस्था करेगी। जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि आज के समय में महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए सरकार विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है। हम सभी को मिलकर संभव ट्रस्ट के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित कर उनको व्यवसाय के मार्ग से जोड़ना और उन्हें स्वावलंबी बनाना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। हर क्षेत्र में महिलाएं अपना योगदान दे रही हैं। संभव ट्रस्ट के माध्यम से हमारे क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार से जोड़ना बहुत ही अच्छा प्रयास है। उप प्रमुख संतोष कर ने कहा कि तोरपा की महिलाओं के लिए अब संभव के साथ कुछ भी असंभव नहीं है। महिलाएं बढ़-चढ़कर खुद के कौशल को निखारें और अपना व्यवसाय कर स्वावलंबी बनने कर प्रयास करें। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के दीपक तिग्गा ने किया। इस मौके पर बिरसा भेंगरा, राधेश्याम सिंह, द्रौपदी देवी, राजू साहू, मनोज उरांव, सुशीला देवी, संगीता ठाकुर, गंदौरी गुड़िया सहित संभव ट्रस्ट की मोनिका आर्या, प्रमिला कुमारी, अभिषेक राय, सावन महतो, रणवीर शर्मा, अनिल शर्मा आदि उपस्थित थे।

सीएसआर योजना के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन द्वारा सीएसआर योजना के तहत हैसालोंग शिव मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बचरा अस्पताल के चिकित्सक डॉ संजीव कुमार की ओर से सैकड़ों ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवाई दी। शिविर में विभिन्न प्रकार के बीमारियों से ग्रसित लोगों का इलाज कर उन्हें दवाएं के साथ-साथ कई प्रकार के महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वर्तमान समय में मौसमी बीमारी से बचने के उपाय के बारे में बताया गया।इस शिविर में स्थानीय अस्पताल के कर्मचारियों के अलावा सीसीएल अधिकारी आदि मौजूद थे।

विधायक सुदेश महतो ने किया 57 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

राहे। विधायक सुदेश महतो ने बुधवार को प्रखंड के नावागांव बजरंगबली चौक के समीप राहे-हाहे सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पथ निर्माण विभाग से 26 किलोमीटर सड़क का 57 करोड़ रुपये की लगात से मरम्मती और चौड़ीकरण किया जाना है। इस दौरान आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार गांव और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। गांव के लोग दवाई और पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं। हमारा प्रयास बेहतर शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने को लेकर है। पढ़ाई को लेकर वृहद पैमाने पर तैयारी की जा रही है। नि:शुल्क बस सेवा, कोचिंग सेवा, स्मार्ट क्लास आदि की तैयारी की गई है। केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई प्रखंड में करने की तैयारी सुनिश्चित किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधा को लेकर कई बदलाव देखने को मिलेंगे। शिलान्यास समारोह में प्रमुख लीलमनी देवी, उप प्रमुख उमेश महतो, प्रभारी संजय सिद्धार्थ, रंग बहादुर महतो, प्रकाश सिन्हा, रमापति मुंडा, मुखिया पांडू मुंडा,ग्रामप्रधान द्रोण सिंह मुंडा, रीना देवी, किरीटी महतो, जलेश्वर महतो जगन्नाथ मुखर्जी, प्रमोद सिंह,सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

कृष्णा चौहान और प्रेम कुमार बने सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन (एटक) का 13वां क्षेत्रीय सम्मेलन एनके एरिया स्थित यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन यूनियन के सीआईएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य अशोक कुमार यादव और जोनल सचिव सतीश केसरी ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद सभी सदस्यों ने श्रमिकों के आंदोलन में शहीद हुए लोगों को याद कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सम्मेलन को लेकर अध्यक्ष मण्डली में सीताराम शाही एवं कृष्णा चौहान का चुनाव किया गया। अशोक यादव ने कहा कि कोयला मजदूरों की वर्तमान स्थिति एवं उनको सुख सुविधाएं कैसे दिलाया जा सके इसको लेकर मंथन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा केंद्र सरकार कोयला उद्योग को पूंजीपतियों के हाथों में देकर देश की संप्रभुता को खतरा पहुंचा रही है। साथ ही श्रम कानूनों में संशोधन कर मजदूरों के हक और अधिकार को मिटाने की मंशा पाल रखी है। ऐसे समय में हमारे समक्ष आसींद चुनौतियां हैं हमें संघर्ष के माध्यम से मुकाबला करने की जरूरत है। साथ ही यूनियन को शाखा स्तर पर मजबूत करने पर बल दिया गया। सम्मेलन में एनके एरिया क्षेत्रीय कमेटी का पूर्ण गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष कृष्णा चौहान, कार्यकारिणी अध्यक्ष सीताराम साही, अमृत भोक्ता, उपाध्यक्ष संजय यादव, सचिव प्रेम कुमार, सहसचिव संजय प्रसाद, राम लखन गंझू, दिनेश भुईंया, अशोक राम, संगठन सचिव विभाकर प्रसाद दास, अरविंद कुमार को मनोनीत किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में मनोज कुमार, रामेश्वर साहू, रामू, अभिराम परिडा, मनोज कुमार, रामाशीष चौहान, मंजूर आलम, रवि वर्मा, अजित पांडेय, अभय कुमार सिन्हा, सुरेंद्र बैठा, मो. समीम आदि का नाम शामिल है।

बेहतर सुशासन के लिए केंद्र सरकार देती है राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

कुदलूम पंचायत बेहतर सुशासन के लिए नामांकित

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जिले के कर्रा प्रखंड की कुदलूम पंचायत को भारत सरकार द्वारा दिए जानेवाले राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के तहत बेहतर सुशासन वाली पंचायत अवार्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा विज्ञप्ति में कहा गया कि पंचायती राज व्यवस्था का प्रतिफल है कि आज कुदलूम पंचायत के गांवों से कोई पलायन नहीं करता। न ही गांवों में बेरोजगारी है। यहां के अधिकतर ग्रामीण आत्मनिर्भर बन जीवन यापन कर रहें हैं। यहां ग्राम सभा ही सर्वोपरी है। तभी तो खूंटी का यह पंचायत पुरस्कार के लिए नॉमिनेट हुई है। कर्रा प्रखंड में अवस्थित इस पंचायत में कुल 11 गांव और 13 वार्ड हैं। यहां की कुल जनसंख्या 6337 है। यह एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां अनुसूचित जनजाति की संख्या 90 फीसदी है, जबकि, अनुसूचित जाति दो प्रतिशत और अन्य समुदाय के लोगों की आबादी आठ फीसदी है। पंचायत के शिक्षा संस्थान में एक उच्च विद्यालय, चार मध्य विद्यालय और पांच प्राथमिक विद्यालय है। 13 आंगनबाड़ी केंद्र, एक स्वास्थ्य उप केन्द्र और तीन प्रज्ञा केन्द्र संचालित हैं। कुदलूम पंचायत में सुशासन की व्यवस्था स्पष्ट परिलक्षित होती है। यहां पर प्रत्येक गांव में साप्ताहिक बैठक का आयोजन ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में होती है, जिसमें गांव के प्रत्येक परिवार के सदस्यों की सहभागिता होती है। ग्राम सभा द्वारा ही सर्वसम्मति से सभी समस्याओं का निष्पादन किया जाता है। पंचायत में सर्वाधिक आबादी वाला गांव सोनमेर है। यहां की जनसंख्या एक हजार से अधिक है, लेकिन यहां की ग्राम सभा इतनी सुशासित है कि यह अपने आप में एक मिशाल है। इस ग्राम सभा की सबसे बड़ी देन सोनमेर मंदिर है।

सभी समुदाय का उपासना स्थल एक ही परिसर में

सोनमेर गांव में सभी जाति, धर्म, समुदाय के लोग रहते हैं। यहां एक ही परिसर में मंदिर, सरना स्थल और गिरजा घर अवस्थित है। यह अनेकता में एकता का एक उदाहरण है। सोनमेर मंदिर के निर्माण में सभी समुदाय के लोगों का बराबर सहयोग रहा। ग्राम सभा से ही श्रम दान कर मंदिर का निर्माण कार्य किया गया है। प्रतिदिन 15-20 ग्रामीण मंदिर की विधि व्यवस्था के संचालन मे लगे रहते है। इसकी दिनचर्या ग्राम सभा द्वारा तय की जाती है। मंदिर निर्माण के कारण आज गांव में बेरोजगारी पूर्णत: दूर हो गई है। मंदिर परिसर में पूजन सामग्री की दुकान, चाय-नास्ते एवं खिलौने की दुकान यह सब सोनमेर ग्राम वासियों की ही है। यहां के व्यवसाय में बाहरी लोगों का प्रवेश पूर्णत: वर्जित है। मंदिर में पूजा कराने के लिए गांव के पाहन की नियुक्ति ग्राम सभा द्वारा की जाती है। उन्हें प्रतिदिन 350 रुपये की दर से मानदेय दिया जाता है। आज यहां ग्राम सभा ही सर्वोपरी है। सुशासन की इस व्यवस्था के कारण आज न तो यहां से किसी का पलायन होता है और न ही कोई बेरोजगार है।

सरकार की योजनाओं का ग्रामीण लेते हैं लाभ

पंचायत को राज्य की अन्य पंचायतों की तरह ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सहायता दी जाती है। 15वें वित्त आयोग के तहत उपलब्ध राशि का उपयोग ग्राम सभा के माध्यम से उचित कार्य के लिए किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा संचालित प्राय: सभी योजनाओं का लाभ इस पंचायत को प्राप्त होता है।

महत्वपूर्ण न्यूज

विश्व उपभोक्ता दिवस पर डालसा ने खूंटी में लगाया जागरूकता शिविर

खूंटी (आजाद सिपाही)। नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्यप्रकाश के मार्गदर्शन में बुधवार को डालसा सभागार भवन खूंटी में विश्व उपभोक्ता दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देशभर में 15 मार्च को मनाया जाता है। आज ही के दिन 1962 में उपभोक्ताओं के अधिकार को लेकर यूएसए कांग्रेस ने प्रस्ताव पारित किया था। विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर डालता सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि उपभोक्ता के हितों की रक्षा करना और उन्हें अलग-अलग तरह के शोषण से बचाना है। विश्व के सभी उपभोक्ताओं को वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, प्रभाव, शुद्धता मानक और मूल्यों के बारे में जानने का अधिकार है, जिससे उपभोक्ता को गलत व्यापार व्यवस्था से बचाया जा सके। डालसा के चीफ ने कहा कि ग्राहकों को अनुचित या प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवस्था या भुगतान के अनैतिक शोषण के विरुद्ध सुनवाई का अधिकार भी है। मौके पर डालसा चीफ राजीव कमल, डिप्टी चीफ अमृता कुमारी, डालसा सहायक अवनीश भारद्वाज, पीएलवी अंजू कच्छप, नरेश कुमार, विशाल नाग, मार्शल कंडुलना आदि मौजूद थे।

कोचे मुंडा ने विधानसभा में उठाया तोरपा व रनिया प्रखंड की जर्जर सड़कों का मामला

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को विधानसभा में तारांकित प्रश्न के तहत कर्रा प्रखंड की उड़ीकेल पंचायत के गोविंदपुर-तोरपा रोड से मिटकोरा गांव जाने वाली दो किलोमीटर सड़क की जर्जर स्थिति का मामला उठाया। सरकार से पूछा कि इस सड़क का निर्माण कराने पर क्या विचार रखती है। विधायक ने रनिया खंड के तांबा-खटखुरा मुख्य पथ से हालोम वाया गायोद ग्राम तक चार किमी जर्जर सड़क का भी मामला उठाया। विधायक ने कहा कि जर्जर सड़क होने के कारण स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को स्कूल, प्रखंड मुख्यालय या स्वस्थ कारण से अस्पताल तक जाने में काफी असुविधा होती है। इस पर ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री आलमगीर आलम की ओर से बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विधायक द्वारा अनुशंसित कुल सात सड़कों जिनकी लंबाई 64.955 किलोमीटर की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। बताया गया कि विधानसभा सदस्य से प्राथमिकता आधारित अनुशंसा प्राप्त होने पर विभागीय नीति और बजटीय उपबंध के आलोक में निर्णय लिया जाएगा।

24 को सरहूल शोभा यात्रा निकालने का निर्णय

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर सरना क्लब में सरहूल पर्व मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भुनेश्वर उरांव और संचालन अरून उरांव ने किया। बैठक में इस वर्ष भी सरहुल पर्व धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से 24 मार्च को सरहुल शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। सरहुल पर्व को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष निर्मल उरांव, उपाध्यक्ष मनेश्वर भगत, संदीप टाना भगत, ललीता कुमारी,सचिव बालेश्वर उरांव, उप सचिव बालकंत उरांव, कोषाध्यक्ष अरुन उरांव,उप कोषाध्यक्ष अमित उरांव को बनाया गया। वहीं संरक्षक टण्डवा प्रमुख रीना कुमारी, विश्वनाथ टाना भगत,ईश्वर टाना भगत, शिवशंकर साव, धनेश्वर गंझू को बनाया गया इसके अलावा कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।बैठक में इसकी तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में प्रमुख रीना कुमारी,मनेश्वर भगत,बालेश्वर उरांव,निर्मल उरांव, मनिकांत उरांव,शिवशंकर साव, रामदयाल उरांव,संदीप भगत,हनी भगत,सचिन पासवान,ललीता कुमारी, बबलू उरांव,जगेश्वर टाना भगत,रंजीत उरांव,गणेश उरांव,गोविंद उरांव,संतोष उरांव,लालजी उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

बहुजन के नायक थे कांशीराम : कन्हाई

खलारी (आजाद सिपाही)। एससी एसटी ओबीसी एकता मंच की ओर से डकरा अंबेडकर पार्क में बहुजन नायक कांशीराम साहब की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम कांशीराम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन एवं श्रद्धांजलि दी गई। मंच के सदस्यों ने कांशीराम की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके विचारों को रखा। कन्हाई पासी ने कहा कि कांशीराम बहुजन नायक थे जिन्होंने देश मे दलित शोषित एव वंचित समाज को जगाने का काम किया। आज बहुजन समाज में जो राजनीतिक चेतना आयी है वह कांशीराम की देन है। कांशीराम ने अपनी नौकरी त्याग कर बहुजन मूवमेंट को आगे बढ़ाया। भजोराम सतनामी ने कहा कि कांशीराम डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष से प्रेरित होकर बहुजनों के लिए संघर्षरत रहे। वे भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने भारत में बहुजनों के राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए कार्य किया। इसके अंतर्गत उन्होंने दलित शोषित संघर्ष समिति, 1971 में अखिल भारतीय पिछड़ा और बामसेफ और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। इस मौके पर भजोराम सतनामी, कन्हाई पासी, भावेश वर्मा, सुखराम सेठ, रामू सतनामी, रंजीत रजक, विजय विष्वकर्मा, बरतु मुंडा, अमरलाल सतनामी, जगदीश गंझू आदि उपस्थित थे।

खलारी सीमेंट फैक्ट्री को पुन: सुचारू रूप से चलाने की मांग को लेकर सीएम को भेजा पत्र

खलारी (आजाद सिपाही)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर के कार्यकर्ता रविंद्रनाथ चौधरी ने बंद पड़े खलारी सीमेंट फैक्ट्री को पुन: सुचारू रूप से चलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेशित किया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि रांची जिला अन्तर्गत खलारी सीमेंट फैक्ट्री जो मृत अवस्था में जा रही है। जिसका निर्माण ए.सी.सी ने कराया था। जब तक यह फैक्ट्री आर.एस रुंगटा के हाथों में थी तब तक लगभग ठीक था जैसे ही उनके उत्तराधिकारी के हाथों में फैक्ट्री चलाने का मलिकाना अधिकार मिला तब से इस फैक्ट्री की भौतिक स्थिति कंगाल हो गई है।

प्रेम और सौहार्द्र का प्रतीक है सरहुल : सन्नी टोप्पो

लापुंग के सेमला कुसुम टोली में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

लापुंग। लापुंग प्रखंड के सेमला कुसुम टोली में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री सह कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो कार्यक्रम के दौरान शामिल हुए। मौके पर सन्नी टोप्पो व बंधु तिर्की ने सभी को प्रकृति पर्व सरहुल की शुभकामनाएं दी। बन्धु तिर्की ने कहा कि आदिवासीयो को एक मंच पर आकर एक ही दिन सरहुल मनाने को कहा। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि सरहुल पर्व जनजातियों का सबसे बड़ा त्योहार है, जो प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है।

वहीं सरहुल मिलन समारोह से पूर्व गांव के पहान के द्वारा सरना स्थल में विधिवत पूजा अर्चना की गयी। इसी दिन से नव वर्ष का शुभारंभ होने से सरना मां से गांव की खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान कोयसारा, कुसुम टोली डाड़टोली के ग्रामीणों के द्वारा पारंपरिक रूप से ढोल मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए कुसुम टोली के सरना स्थल पर पहुंच कर सभा आयोजित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

मौके पर मुखिया बिरसमनी देवी, रईमा मुंडा, पंचु उरांव अनिल मुंडा, वीर मुंडा, संजय सिंह चौहान, सीताराम बड़ाईक, शिव कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

लापुंग : ककरिया के कुसुम टोली गांव में ग्रामीणों ने निकाला सरहुल जुलूस

लापुंग (आजाद सिपाही)। प्रकृति पर्व सरहुल पर ककरिया के कुसुम टोली गांव में बुधवार की शाम जुलूस निकाला गया। इस दौरान भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। जहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ सरना स्थल में विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि सरहुल पर्व पूर्णरूप से प्रकृति का पर्व है। जो पर्यावरण का संरक्षण का संदेश देता है। यह सीधा प्रकृति को इंसानों से जोड़ता है। उन्होंने आदिवासी परपंरा के इस पर्व को जीवित रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण के हित में कार्य करने की बात कही। मौके पर महादेव उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

रामनवमी डोल मेला सुकुरहुटू कांके के अध्यक्ष बने राजकुमार महतो

कांके (आजाद सिपाही)। सुकुरहुटू कांके में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाने हेतु और ऐतिहासिक राम जन्मोत्सव डोल मेला के भव्य आयोजन हेतु राम भक्तों की बैठक हुई। जिसका संचालन दीपक कुमार ने किया। जिसमें अध्यक्ष प्रभात भूषण ने पिछले साल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। साथ ही पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन का प्रस्ताव दिया। जिसमें भगवान श्री राम और राम भक्त हनुमान के जयकारों के बीच सर्वसम्मति से नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजकुमार महतो, उपाध्यक्ष बालचंद्र मुंडा, बेनीलाल महतो, नागेश्वर महतो, दीपक महतो, सतीश कुमार, सचिव उनील महतो, सहसचिव रूपलाल महतो, मीडिया प्रभारी सचिन दास गोस्वामी, कोषाध्यक्ष मनोज महतो, सह कोषाध्यक्ष नरेश महतो, कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कुमार, पन्नालाल महतो, शिवकुमार संतोषी, रोहित राज, मुख्य संरक्षक चुनिदर महतो, अजय बैठा, अनन्तराम महतो, रामलखन मुंडा, अनिता मुंडा, प्रभात भूषण, शत्रुधन महतो, पारस नाथ महतो, रामचरण मुंडा, मनोज साहू, उमेश साहू, रीना देवी, राजू साहू, चंदन बैठा, हरिनाथ साहू, प्रदीप ठाकुर, जय प्रकाश, मुख्य संयोजक नागेंद्र महतो का चयन किया गया।

परीक्षा देने से रोकने पर मांडर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया हंगामा

मांडर (आजाद सिपाही)। मांडर कॉलेज में कई छात्र-छात्राओं परीक्षा लिखने से रोका गया। कारण पूछने से पता चला कि वह कॉलेज के ड्रेस में नहीं आये थे। इधर छात्रों का कहना है कि एग्जाम के एक दिन पूर्व नोटिस निकाला गया कि ड्रेस में सभी को आना अनिवार्य है तभी एग्जाम देने दिया जाएगा। कॉलेज प्रशासन से बात करने से पता चला है कि बहुत दिनों से विद्यार्थियों को ड्रेस कोड में आने को कहा जा रहा है और इसे लेकर पूर्व में ही नोटिस निकाला गया है। कॉलेज प्रशासन के द्वारा एक प्रेग्नेंट छात्रा को एग्जाम लिखने से रोक दिया गया। छात्रों के विरोध के बाद उस छात्रा को एग्जाम लिखने को अनुमति मिली।

रामनवमी पूजा महासमिति बेड़ो का गठन, अध्यक्ष बने जगरन्नाथ भगत

बेड़ो (आजाद सिपाही)। महादानी मंदिर बेड़ो स्थित परिसर में मंगलवार की शाम में रामनवमी महासमिति की बैठक की गयी। बैठक में रामनवमी शोभा यात्रा व झांकी को लेकर विचार विर्मश किया गया। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व की महासमिति को भंग कर पुनः नयी रामनवमी पूजा महासमिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जगन्नाथ भगत, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू गुप्ता, उपाध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक, कृष्णा यादव, सुरेंद्र महतो, बासुदेव महतो व शशि गोप, सचिव विश्वनाथ गोप, सहसचिव साधन कुमार राय, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार राय, सह कोषाध्यक्ष हरि चरण महतो, संगठन सचिव वशिष्ठ गिरी, सह संगठन सचिव आनंद साहू, मीडिया प्रभारी रवि सिंह, राजू सिंह, राजीव रंजन अधिकारी व बंटी रौनियार, संरक्षक डा. प्रवीण चंद्रा, वाणी कुमार राय, नवदीप महतो, सुदर्शन महतो, महावीर गोप, भवानी शरण सिंह, धनंजय कुमार राय, मनोज लकड़ा, खड़की महतो, राजेंद्र साहू व भीखा उरांव को बनाया गया है। वहीं कार्यकारिणी के उन्नीस सदस्य बनाए गए हैं। बैठक में समिति के पूर्व पदाधिकारी, महादानी सत्संग समिति व ग्रामीण सहित कई लोग मौजूद थे।

शांति समिति की बैठक : सरहुल एवं रामनवमी शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का लिया गया निर्णय

सभी धर्म संप्रदाय के लोग मिल जुलकर त्योहार मनायें : डीएसपी

वरिष्ठ सदस्य जैलेन्द्र कुमार ने झूलते हुए बिजली तार को ठीक कराने के लिए वे अपनी तरफ से दो बिजली पोल उपलब्ध कराने की बात कही

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। सरहुल व रामनवमी त्योहार को लेकर बुधवार को अनगड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। डीएसपी सिल्ली क्रिस्टोफर केरकेट्टा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सरहुल और रामनवमी का त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के गणमान्य सदस्यों सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों से सरहुल और रामनवमी का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अपनी राय मांगी गई। इस पर सदस्यों ने जुलूस के दौरान पेयजल की व्यवस्था करने, बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरूस्त करने, शराब बिक्री पर रोक लगाने, भारी वाहनों के रूट को डायवर्ट करने, युवाओं की तेज गति से बाइक चलाने पर रोक लगाने आदि सलाह दी गई। बैठक में सदस्यों ने बढ़ती नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर अंकुश लगाने की मांग पुलिस प्रशासन से की गई। वहीं हेसल में वर्षों से यथावत नाली की समस्या का त्वरित सामाधान करने एवं चिलदाग गांव में खतरनाक तरीके से झूलते हुए बिजली तार को ठीक करने की दिशा में कार्रवाई करने को कहा गया। इस पर वरिष्ठ सदस्य जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि झुलते हुए बिजली तार को ठीक कराने के लिए वे अपनी तरफ से दो बिजली पोल उपलब्ध कराएंगे। कई सदस्यों ने अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं विभिन्न विभागों से संबंधित पदाधिकारियों की बैठक मे अनुपस्थिति पर रोष प्रकट किया। मौके पर डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा एवं पुलिस निरीक्षक नीरज कुमार ने सदस्यों की बातों पर पहल करने का आश्वासन देते हुए कहा कि यहां की परंपरा रही है कि सभी धर्म संप्रदाय के लोग मिल-जुलकर सभी पर्व त्योहार मनाते आ रहे हैं इसे बरकारार रखने की जरूरत है। मौके पर डॉ रिझु नायक, प्रमुख दीपा उरांव, जैलेन्द्र कुमार, रामकृष्ण चौधरी, अजय महतो, मुस्तफा अंसारी, रामपोदो महतो, मनोज भट्टाचार्य, मधुसूदन मुण्डा, कामेश्वर महतो, मुमताज खान, अब्दुल इमाम अंसारी, विरेन्द्र सिंह भोगता, रामनाथ महतो, राजु कुमार, सुरेन्द्र महतो, शंकर बैठा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने तथा धन्यवाद ज्ञापन पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने किया।

बैठक में मुखिया रोशनलाल मुण्डा, कृष्णा मुण्डा, कविता देवी, सीमा देवी, पंसस संज्योति देवी, सुनील महतो, घनेनाथ महतो, हिमांशु शेखर चौधरी, प्रणय महतो, शहनवाज खान, सिदिक अंसारी, श्रीनाथ मुण्डा, महाबीर मुण्डा आदि उपस्थित थे।

विधायक राजेश कच्छप ने गुंगा नाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण को लेकर विधानसभा में मामला उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने बुधवार को विधानसभा में तारांकित प्रश्नकाल में अनगड़ा प्रखंड के हाहे से राहे पथ पर गुंगानाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कराए जाने के मामले को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने संबंधित मंत्री से जानना चाहा कि क्या रांची जिलान्तर्गत अनगड़ा प्रखण्ड के हाहे से राहे पथ का निर्माण कार्य वर्ष 2009 में 1266. 85 लाख की लागत से चालू कराया गया था। क्या यह बात सही है कि गुंगानाला में पुल का निर्माण नहीं कराये जाने से दो पंचायत बोंगईबेड़ा एवं पैका एवं राहे प्रखंड के ग्रामीणों को रांची-मुरी पथ से जुड़ने में काफी कठिनाई होती है। प्रश्न का जबाव देते हुए संबंधित मंत्री ने कहा कि अनगड़ा हाहे-राहे पथ निर्माण विभाग की पथ है जिसमे 5वें किमी में गुगांनाला पर उच्च स्तरीय पुल प्रस्तावित है। जिसके निर्माण हेतु भू अर्जन कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है तथा वर्तमान में सेक्सन 2 के तहत भू अर्जन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। पथ के मार्ग रेखांकण में रेल लाईन है इसलिए स्थलीय स्थिति के अनुसार तकनीकी रूप से उच्च सतरीय पुल सहित आरओबी निर्माण की आवश्यकता है। आरओबी निरूपण के क्रम में रेलवे से जीएडी अनुमोदन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उपर्युक्त प्रक्रिया के उपरांत प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात ही योजना का कार्यान्वयन कराया जा सकेगा।

महावीर मंडल पिठोरिया के अध्यक्ष बने कृष्णा नायक

पिठोरिया (आजाद सिपाही)। पिठोरिया महावीर मंडल का चुनाव अनिल केसरी की अध्यक्षता में हुई। महावीर मंडल पिठोरिया का अध्यक्ष कृष्णा नायक को चुना गया। बैठक में अनिल केसरी, दीपक चौरसिया, विनोद रजक, सतीश रजक, चंद्रिका प्रसाद, रामानंद प्रसाद, धनुषधारी प्रसाद, श्रवण गोप, शिवदास वर्मा, मिथिलेश प्रसाद, जितेंद्र साहू, नितेश गोप, बबलू महतो, शिव जयसवाल, नितेश ठाकुर, शिवप्रसाद गोप, ब्रजकिशोर साहू, बबलू महतो, रवि महतो, संदीप चौरसिया, सुधांशु नाथ मिश्रा, दीपक कुशवाहा उपस्थित थे।

डिमरा विवेकानंद सेवा संघ में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। रामकृष्ण मिशन आश्रम के मार्ग दर्शन से रोटरी क्लब ऑफ रांची मिड्टाउन के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डिमरा, मूनगाडीह तथा आस पास गांवों के लगभग 100 से अधिक महिला, पुरुष एवं 80 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। सभी की बीपी सहित पूर्ण शारीरिक जांच की गयी। जांचोंपरान्त सभी प्रकार की बीमारियों के लिय मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया।

शिविर में उपस्थित डॉ पीके गुप्ता ने सभी को मच्छरदानी उपयोग करने की सलाह दी तथा दूषित पानी पीने से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। ब्रह्मचारी देवात्मा चैतन्य महराज ने कहा कि सभी समस्या का हल शिक्षा है। इसलिए शिक्षा को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। इसको ध्यान में रखते हुए अखण्डानंद शिक्षा एवं संस्कार केन्द्र को नियमित रूप से चलाना है। साथ ही व्यक्तिगत स्वच्छता, खेल से कैसे निरोग रह सकते हैं आदि विषय पर जानकारी दी।

शिविर में डॉ के सहयोगी के रूप में दीपशिखा कुमारी, बबिता कुमारी, रॉटरी क्लब ऑफ रांची मिडटाउन के कोऑर्डिनेटर अनुराधा जयसवाल, सदस्य आरटीएन सरोज भगत, आरटीएन बी झा, आरटीएन राजेश प्रशांत, भूपेन्द्र योगी, जितेन्द्र कुमार महतो, बिंदेश बेदिया, सावना बेदिया, बिनेश्वरी कुमारी आदि का अहम योगदान रहा।

बातचीत : विकास की गति के साथ जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप खरा उतरने का है प्रयास : शिल्पी नेहा तिर्की

मांडर विस क्षेत्र के लिए स्वीकृत हुई हैं 50 विविध योजनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

चान्हो/मांडर। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि वह मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी पांच प्रखंडो, मांडर, चान्हो, बेड़ो, इटकी एवं लापुंग प्रखंड में रहनेवाली आम जनता एवं ग्रामीणों को अपने परिवार की सदस्य सरीखी समझती हैं। उन्होंने कहा कि, मांडर विधानसभा में गांव-गांव में और हर घर में विकास की रोशनी को पहुंचाना उनकी प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर है। श्रीमती तिर्की ने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत 50 विविध योजनाओं के लिए वे सरकार का आभार व्यक्त करती हैं क्योंकि ये जनता की बहुप्रतिक्षित मांगे हैं। उन्होंने कहा कि वह पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष के साथ ही अपने पिता बंधु तिर्की द्वारा मांडर प्रखंड के प्रत्येक गांव-टोले को विकसित करने के उनके अभियान को ही गति देने का प्रयास कर रही हैं और इसी के लिये समर्पित हैं।

विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में संबंधित ग्राम सभा, लाभुक समिति और ग्रामीणों की होगी भागीदारी

श्रीमती तिर्की ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में 8 धूमकुरिया भवन निर्माण के लिए 85 लाख 87 हजार 976 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जबकि प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के 42 गांव में सरना, जाहेरस्थान, हड़गड़ी एवं मसना के संरक्षण एवं विकास योजना के लिए जनजातीय क्षेत्रीय विकास उपयोजना के अंतर्गत 3 करोड़ 4 लाख 54 हजार 174 रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। श्रीमती तिर्की ने कहा कि मांडर के नारो, लोयो, टांगरबसली, सकरा, बूढाखुखरा, पचपदा, सकरपदा, ब्राम्बे एवं गुदगुड़जाडी में सरना स्थल सौंदर्यीकरण के अलावा बेड़ो के खरदेवरी में सरना स्थल घेराबंदी एवं मसना स्थल घेराबंदी का भी काम होगा। इसके अलावा लापुंग के डुरु, कोयसारा, उनिकेल, बेड़ो के पहाड़ कंडरिया, जरिया नहरटोली एवं भसनंदा, इटकी के सेमरा, चान्हो के चोरया व चामा, मांडर के तिगोई अम्बाटोली व सुरसा, लापुंग के लतरातू, दरंदा, तिगरा एवं दादगो, बेड़ो के मुरतो और तुतलो सहित 42 गांव में सरना, हड़गड़ी एवं मसना के संरक्षण एवं विकास योजनाओं को पूरा करने के लिये राशि स्वीकृत की गयी है।

श्रीमती तिर्की ने कहा कि चान्हो प्रखंड के चोडा, सोपारम नवाटोली, लोयो, चोरेया, सोपारम और महुआटोली में आधुनिक धूमकुड़िया भवन का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों और विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में संबंधित ग्राम सभा, लाभुक समिति और ग्रामीणों की भागीदारी होगी।

श्रीमती तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि, आनेवाले दिनों में सभी योजनाएं अपनी नियत अवधि में पूरी हो जायेंगी और इसका सीधा-सीधा फायदा आम लोगों एवं ग्रामीणों को मिलेगा। श्रीमती तिर्की ने कहा कि इन सभी योजनाओं का पूरा फायदा तभी उठाया जा सकता है जबकि आम लोगों में सौहार्द एवं एकजुटता बनी रहे और सभी लोग क्षेत्र के विकास में पूरे मन से अपना पूरा योगदान दें।

महत्वपूर्ण न्यूज

तीन दिवसीय स्वास्थ्य एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन 16 से 18 मार्च तक

नामकुम (आजाद सिपाही)। तीन दिवसीय स्वास्थ्य एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन को लेकर टाटीसिलवे निवासी सह एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड के सचिव मधुसूदन पांडे की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के द्वारा झारखंड विधानसभा एकादश बजट सत्र में 16 मार्च से 18 मार्च तक स्वास्थ्य एक्यूप्रेशर शिविर लगाया जायेगा। मधुसूदन पांडे ने बताया कि शिविर में विधायक, मंत्री, सुरक्षाकर्मी और विधानसभा कर्मी का इलाज एक्यूप्रेशर पद्धति से किया जायेगा। वहीं, शिविर के सफल आयोजन के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष एक्युप्रेशर परिषद डॉ प्रकाश बरनवाल की अगुवाई में टीम का गठन भी किया गया। जिसमें एक्यूप्रेशर चिकित्सक डॉ दिनेश सिंह, एक्यूप्रेशर परिषद प्रदेश सभापति झारखंड डॉ सरोज मिश्रा, नेशनल डायरेक्टर एक्यूप्रेशर परिषद डॉ मधुसूदन पांडे, प्रदेश सचिव एक्यूप्रेशर परिषद डॉ वंदना शर्मा, एको प्रेशर परिषद प्रभारी झारखंड डॉ निशा कुमारी सिंह, एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा कार्यालय सचिव डॉ बलराम कुमार महतो, रुक्मिणी कुमारी, सरस्वती कुमारी, नरेश महतो, प्रीति कुमारी को शामिल किया गया है। इसकी जानकारी एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे ने दी।

निशुल्क दंत चिकित्या शिविर आज

नामकुम (आजाद सिपाही)। टाटीसिलवे के सिल्वे पंचायत स्थित डोल बगीचा में गुरुवार से दो दिवसीय ऐतिहासिक डोल मेले का आयोजन किया गया है। मेले के अवसर पर अंबेडकर चौक स्थित पिया हरि डेंटल क्लिनिक की ओर से निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। क्लीनिक के डॉ शंकर महतो (बीडीएस) ने बताया कि क्लीनिक में गुरुवार सुबह 8 बजे से पंजीकरण किया जायेगा। मरीजों को अपने साथ पहचान के लिये आधार कार्ड या उसकी फोटो कॉपी साथ लानी होगी। बताया कि मरीजों की जांच उनकी टीम की ओर से की जाएगी।

झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी ने हुंडरू फॉल पर्यटक मित्रों को किया सम्मानित

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। हुण्डरु जलप्रपात पर्यटक स्थल के पर्यटक मित्रों के साहसिक कार्य को देखते हुए उन्हें हौसला अफजाई के लिए समाजिक कार्यकर्ता सह झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी ने आज हुण्डरु फॉल में एक सम्मान समारोह आयोजित कर शॉल एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विदित हो कि इन पर्यटक मित्रों ने पिछले 12 मार्च को हजारीबाग मटवारी से हुण्डरु फॉल घूमने आये एक ही परिवार के सात सदस्यों को, जो जलप्रपात के सबसे गहरे जलाशय योगिया दह में बच्चे को बचाने के चलते डूब रहे थे, को अपनी जान जोखिम में डालकर गहरे जल से सकुशल बाहर निकाला था। हादसे में शामिल परिवार के सदस्य भावुकता में इन पर्यटक मित्रों को भगवान का दूत तक की संज्ञा दे रहे थे। मुस्तफा अंसारी ने पर्यटक मित्रों की कफी प्रसंशा की और भविष्य में भी इस तरह के साहसिक कार्य करते रहने की सलाह दी। मौके पर अनगड़ा जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, असकर बेदिया, अमानत अंसारी, सुनिल महतो आदि शामिल थे।

बेड़ो के डोरंडा पिपरटोली में निकाला गया सरहुल जुलूस

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रकृति पर्व सरहुल पर डोरंडा पिपरटोली गांव में बुधवार की शाम जुलूस निकाला गया। इससे पूर्व सरना स्थल में विधिवत पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की गयी। वहीं गांव के बच्चे, महिलाएं व पुरुष जुलूस में शामिल हुए और मांदर की थाप पर पारंपरिक लोक नृत्य कर खूब झूमे। मौके पर आइंदा पहान, किनुवा पहान, देवी पुजार, श्रीकांत कुमार, अमित उरांव, देवेंद्र उरांव, नरेश भगत, सोमनाथ उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

बेड़ो में इफको ने कराया बिक्री केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के झखराकुम्बा सभागार में बुधवार इफको के तत्वावधान में बिक्री केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेडो, नगड़ी, मांडर व रातू प्रखंड के 50 खुदरा एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आने वाले खरीफ के मौसम में की जानेवाली धान, मक्का, मडुआ एवं अन्य खरीफ फसलों की खेती पद्धति व उन्नत एवं वैज्ञानिक विधि आदि विषयों पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में इफको के राज्य विपणन प्रबंधक उपेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि आज कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाले सभी आदान काफी महंगे हो गए हैं। ऐसे में इनके उपयोग में यदि नई तकनीकों के साथ नहीं कर परम्परागत तकनीक से ही खेती करेंगे तो हमें वांछित एवं अधिकतम लाभ नहीं मिल पाएगा। इसीलिए खेती में सम्पूर्ण एवं समन्वित पद्धति को समाहित करना होगा। यह तभी संभव है जब आप नवीनतम एवं आधुनिक कृषि प्रणाली की जानकारी प्राप्त कर उसे किसानों के खेतों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। आज खेती में उपयोग होने वाले पारम्परिक उर्वरकों के जगह पर नैनो तकनीक आधारित उर्वरक का आगाज हो चुका है। जो ना केवल उपयोग दक्षता में श्रेष्ठ है वरन इसका मूल्य भी कम है। यह न केवल किसानों के खेती में लागत को कम करता है बल्कि उत्पादन में वृद्धि कर उनके आय में दोतरफा वृद्धि करता है कइफको ने विश्व में पहली बार इफको नैनो यूरिया तरल का निर्माण किया है। जो खेती को लाभकारी करते हुए मिट्टी, हवा,पानी एवं वातावरण को भी प्रदूषण मुक्त रखता है। मौके पर नगड़ी के प्रगतिशील कृषक एवं किसान मित्र प्रभात महतो को उनके नैनो यूरिया के प्रयोग एवं अन्य किसानों को जागरूक करने के किए गए रहे सराहनीय प्रयास के लिए सम्मानित भी किया गया। किसानों को नैनो यूरिया के छिड़काव को और आसान करने के लिए उपस्थित विक्रेताओं के बीच पावर एवं बैट्री चालित मशीन का वितरण किया गया।

स्टेशन के कायाकल्प को लेकर डीडीयू के कल्याण निरीक्षक ने किया निरीक्षण

मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित होगा जपला रेलवे स्टेशन

जपला के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक से जुड़ी पहचान को मूर्त रूप देने पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। जपला रेलवे स्टेशन का कायाकल्प और सभी यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने को लेकर डीडीयू के कल्याण निरीक्षक बीके सिन्हा समेत अन्य अधिकारियों ने बुधवार को निरीक्षण किया। अधिकारियों ने रेलवे के एरिया का निरीक्षण करने से पहले विकास संबंधित तैयार रूपरेखा को लेकर बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने जपला के पौराणिक, धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल के बारे में जानकारी संग्रह की। कल्याण निरीक्षक ने बताया कि जपला स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन स्किम के तहत मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित करने की योजना है। इस योजना के तहत अवांछित संरचनाओं को हटाकर आधुनिक रूप दिया जाएगा। इसके साथ ही समर्पित पैदल मार्ग, पार्किंग क्षेत्र, समुचित प्रकाश समेत यात्रियों को आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराना शामिल होगा। इसी कड़ी में जपला के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक से जुड़ी पहचान को भी स्टेशन परिसर में मूर्त रूप दिया जाएगा। इसके लिए आम लोगों की भी सहभागिता जरूरी है। इस दौरान वरीय भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, सुनील प्रसाद आदि ने कल्याण निरीक्षक को सात सूत्री मांग पत्र सौंपकर यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग की।



कल्याण निरीक्षक को मांग पत्र सौंपते भाजपा नेता।

पंचायत के हर गांव व टोला के विकास के लिए संकल्पित हूं : नरेश पासवान

पथरा पंचायत सचिवालय में मोतियाबिंद स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। प्रखंड के पथरा पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार की ओर से संचालित नेत्र ज्योति अभियान के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर मोतियाबिंद स्क्रीनिंग कैंप के माध्यम से मरीजों की जांच की गयी। डॉ दयानंद कुमार ने कई जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि सहिया व एमपीडब्ल्यू 50 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वैसे व्यक्ति जो मोतियाबिंद के संभावित मरीज हो सकते है उनकी स्क्रीनिंग होगी। नेत्र सहायकों की जांच में मोतियाबिंद पाए जाने पर मरीज को जिला स्तर पर सदर अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की जाएगी। मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर सामान्य तौर पर वहीं ऑपरेशन किया जाएगा। गंभीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज भेजा जाएगा।। इसके अलावा सभी प्रकार के पेंशन योजना के लाभुकों की प्रपत्र व स्थिति की सत्यापन की गयी। इस दौरान वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन आदि के लाभुक भी पहुंचे थे। जिन्हें योजना के तहत अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही गयी। मुखिया नरेश पासवान ने सरकार द्वारा दिए जा रहे लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत के हर गांव व टोलों के विकास के लिये सक्रियता से कार्य जारी है। आप सभी को भी अपने हक व अधिकार के लिये जागरूक होना होगा। मौके पर पंचायत सचिव सूर्यदेव राम, रोजगार सेवक मोतीलाल यादव, डॉ दयानद कुमार, जयप्रकाश, कुणाल, कुसुम देवी, अरविंद कुमार, धर्मेंदर दास, कन्हाई मेहता, जमुना बैठा आदि थे।

संत मरियम स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। नावाटोली स्थित संत मरियम स्कूल के छात्रावास के बच्चों का बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि छात्रावास परिसर का परिणाम घोषित किया गया है। कल कजरी और नावाहाता परिसर का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। सभी अभिभावक तय किए गए समय में विद्यालय आकर अपने बच्चों का रिजल्ट ले लें। प्राचार्य ने सभी अभिभावकों को सूचित किया कि स्कूल के नए सत्र की शुरूआत 20 मार्च से होगी। सभी अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से पहले संबंधित यूनिफॉर्म और पुस्तक ससमय ठीक कर लें। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि अपने अथक परिश्रम और असीमित ऊर्जा का प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों ने पूरे दमखम के साथ वार्षिक परीक्षा में बेहतर परीणाम हासिल किया है। बेहतर मार्गदर्शन और शिक्षकों के सफल सामूहिक प्रयास से स्कूल के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर परिणाम हासिल कर रहे हैं। इस मौके पर उपस्थित अभिभावकों ने भी उत्कृष्ट शिक्षा के लिए स्कूल का आभार प्रकट किया।

हरिहरगंज आकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता

बैठक में शामिल पदाधिकारी व कर्मी।

हरिहरगंज/पलामू। बीडीओ जयप्रकाश नारायण की अध्यक्षता में मंगलवार को आकांक्षी कार्यक्रम की पहली बैठक ब्लॉक सभागार में हुई। जिसमें बताया गया कि केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से पूरे पलामू जिले में हरिहरगंज प्रखंड को आकांक्षी ब्लॉक के रुप में चयन किया गया है। इसके अंतर्गत कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य स्किल डेवलपमेंट को आधार बनाया गया है। जिसमें स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा आधारभूत संरचना के तहत प्रखंड कार्यालय का रखरखाव एवं प्रधानमंत्री आवास, कौशल विकास, कृषि और जल स्त्रोत वित्तीय समावेश सामाजिक विकास आदि शामिल है। इन सभी विभागों के लिए अलग-अलग नंबर दिया गया है। बैठक में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किल डेवलपमेंट पर जिला प्रोग्राम मैनेजर अनिल कुमार गुप्ता ने विशेष रूप से चर्चा किया। बैठक में हरिहरगंज सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह प्रखंड कृषि पदाधिकारी बृजेश कुमार बीआरपी अनुज मिश्रा जेएसएलपीएस के मुकेश कुमार आदि शामिल थे।

हुसैनाबाद बसपा कार्यालय में मनायी गयी कांशीराम की जयंती

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। दलित,शोषित, आदिवासी और ओबीसी के अधिकारों के संघर्ष करने वाले बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 89वीं जयंती बुधवार को पार्टी कार्यालय में मनाई गई। बसपा कार्यकर्ताओं ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बसपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व बसपा प्रत्याशी शेर अली ने कहा कि पार्टी के संस्थापक जिन्हें बहुजन नायक के नाम से जाना जाता है, वह एक कुशल राजनेता और समाज सुधारक थे। जिन्होंने भारत में जाति व्यवस्था के निचले भाग अछूत समूहों सहित बहुजनों, पिछड़ी व निचली जाति के लोगों के उत्थान और राजनीतिक लामबंदी के लिए काम किया। कांशीराम ने दलितों की आवाज बुलंद की। उन्होंने ऊंचे समुदाय के खिलाफ आवाज उठाते हुए देश में बदलाव की लहर लायी। वहीं, पुनित अंबेडकर ने मान्यवर साहब के संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि कांशीराम जी ने पार्टी को स्थापित करने के लिए अपना विशेष योगदान दिया। कहा कि साल 2024 में देश का गरीब मजदूर, किसान समेत नागरिक बदलाव चाहता है। इसके लिए पार्टी और कांशीराम की विचार धारा को अपनाना होगा। इस मौके पर बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय भारती, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरि यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र राम, प्रणव सुमन, श्रवण राम, सुमंत कुमार, नुरुल खान, जुल्फिकार अली, वकील सिद्दीकी, सद्दाम कादरी, रमेश प्रजापति, गणेश चौधरी, सुमित पासवान, गुड्डू सिंह और अमित यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

लेस्लीगंज जैप 8 में प्रशिक्षण ले रहे जवान ने की खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित जैप 8 पुलिस मुख्यालय में चल रहे आईआरबी 1,2,3,4,5 पुलिस फोर्स जगुआर में हवलदार पद का प्रशिक्षण ले रहे जवान अवनीश कुमार वर्मा बैच न.468 ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में कई जवानों का आरोप है कि डीएसपी दीपक कुमार, ट्रेनर जयप्रमानंद सिंह, ट्रेनिंग मेजर कमलेश दुबे द्वारा जवान को छुट्टी नहीं दिया जाना इसका मुख्य कारण है। जानकारी के मुताबिक सुबह में रूटीन के हिसाब से पीटी के लिए जवान ग्राउंड में गए थे तभी अचानक सूचना मिली की मेस मैनेजर अवनीश कुमार वर्मा ने अपने बैरक में फांसी लगा खुदकुशी कर ली। इसकी सूचना पाकर सारे जवान घटनास्थल पर पहुंचे तो आईआरबी तीन के हवलदार का ट्रेनिंग ले रहा जवान अवनीश कुमार वर्मा झूलता हुआ मिला। घटना से आहत जवानों ने जमकर हंगामा किया। इसकी सूचना लेस्लीगंज थाने को दी गयी। सूचना मिलने ही लेस्लीगंज थाना प्रभारी गौतम कुमार राय तत्काल मौके पर पहुंचे और जवान को फंदे से उतारा। उसके बाद आनन-फानन में उसे लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया गया। जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना की सूचना पाकर पलामू एसपी सह जैप 8 के कमांडेंट चंदन कुमार सिन्हा मौके पर पहुंचे। सभी जवानों को समझाया और मामले को शांत कराया। साथ ही विभागीय जांच कर उचित करवाई करने की बात कहीं। हालांकि जवान द्वारा फांसी लगाने के असल कारणों का पता नहीं चल सका है। वहीं, जवानों की मानें तो मृतक जवान के घर में कोई दुर्घटना हो गई थी जिस कारण उसने डीएसपी दीपक कुमार को छुट्टी का आवेदन दिया था। पर छुट्टी नहीं मिली। पलामू एसपी ने बताया कि जवान द्वारा खुदकुशी किए जाने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

14 साल का गुलशन छह दिनों से लापता

आजाद सिपाही संवाददता

हरिहरगंज/पलामू। औरंगाबाद जिले के अंतर्गत माली थाना क्षेत्र के बिसाई गांव निवासी दुर्गा यादव के 14 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार विगत छह दिनों से लापता है। इसकी जानकारी हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुलहिया के टोला फुलवरिया निवासी गुलशन के मौसा ललेंद्र यादव ने दी। उन्होंने बताया कि ट्यूशन फीस के लिए वह अपने घर से पास के गांव खंभा में आधार से 500 रुपये निकालने के लिए गया था। पैसा निकालने के बाद से लापता है। काफी खोजबिन के बाद 14 मार्च को माली थाना कांड संख्या 31/23 दर्ज करा दी गई है।

कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से करायें परीक्षा का संचालन : डीसी

जिले में मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा शुरू, डीसी ने किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड अधिविध परीक्षा परिषद (जैक) की ओर से वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा-2023 की विधिवत परीक्षा शुरू हो गई है। कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन को लेकर डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने गिरीवर प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसी ने केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों को शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन का निर्देश दिया। उन्होंने पलामू जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षकों को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने का सख्त निर्देश दिया है। कहा कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के प्रवेश के दौरान ही प्रवेश पत्र की जांच सख्ती से करना सुनिश्चित करें। मैट्रिक के विद्यार्थियों के लिए वाणिज्य एवं गृहविज्ञान की परीक्षा प्रथम पाली में आज की परीक्षा 18 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई। मैट्रिक परीक्षा के लिए 1359 आवंटित परीक्षार्थियों में से 1341 उपस्थित हुए, जबकि 18 अनुपस्थित रहे।

वहीं इंटरमीडिएट में अनिवार्य मूल विषय मातृभाषा, हिन्दी-ए, बी एवं अंग्रेजी-ए की परीक्षा दूसरे पाली में आज की परीक्षा 35 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई। इसमें कुल आवंटित 14088 परीक्षार्थियों में से 13730 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 358 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त खैरियत रिपोर्ट के अनुसार किसी भी परीक्षा केन्द्रों पर निष्कासन की सूचना नहीं प्राप्त हुई है। जिलेभर में परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

स्पोर्ट्स

क्रिकेट के सबसे लंबा और चैलेंजिंग फॉर्मेट टेस्ट क्रिकेट आज पूरे 146 साल का हो गया। 15 मार्च 1877 को इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलियाई टीमें मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार इंटरनेशनल मैच खेली थी।

15 मार्च 1877 में हुई थी शुरुआत : सचिन शतक सम्राट, तो मुरलीधरन हैं विकेट-किंग

146 साल का हुआ टेस्ट क्रिकेट, इंग्लैंड ने खेले सबसे ज्यादा मैच

एजेंसी

नई दिल्ली। क्रिकेट का सबसे लंबा और चैलेंजिंग फॉर्मेट टेस्ट क्रिकेट आज पूरे 146 साल का हो गया। 15 मार्च 1877 के दिन इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमें मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भिड़ीं। तब से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरूआत भी हो गई। भारत ने 1932 में पहली बार टेस्ट मैच खेला और पहली जीत दर्ज करने में 20 साल लगा दिए। 1877 से लेकर 15 मार्च 2023 तक दुनिया भर में 12 देश टेस्ट क्रिकेट खेलने लगे, जिन्होंने अब तक कुल 2499 मैच खेल लिए हैं। 1971 में वनडे और 2004 में टी-20 क्रिकेट का फॉर्मेट भी आ गया। जिसने टेस्ट को और भी मनोरंजक बना दिया है। बतातें चलें कि टेस्ट में अब तक 2,499 मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें से 1,711 के नतीजे निकले। दो मैच टाई रहे और 786 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए। इंग्लैंड ने सबसे ज्यादा 1,060 मैच खेले, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा 405 जीते हैं। इंग्लैंड ने ही सबसे ज्यादा 318 मुकाबले हारे भी हैं। वहीं,ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा मैच (2) टाई किए है। पहला मैच साल 1960 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिस्बेन में और दूसरा 1986 में भारत के खिलाफ चेन्नई में।

भारत ने 55 साल बाद शुरू किया टेस्ट क्रिकेट

टीम इंडिया ने 24 जून 1932 को पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा। टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच खेला, जिसमें हमें हार मिली। 1952 में टीम इंडिया को इस फॉर्मेट में पहली जीत नसीब हुई। टीम ने इंग्लैंड को ही पारी और 8 रन से हराया था। भारत ने इस फॉर्मेट में अब तक 569 मैच खेले हैं। 172 में जीत और 175 में टीम को हार मिली। एक मैच टाई और 221 टेस्ट ड्रॉ भी रहे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सबसे ज्यादा 32 बार हराया है। वहीं इंग्लैंड ने हमें सबसे ज्यादा 50 टेस्ट हराए हैं। टेस्ट में भारत का टॉप स्कोर 759 रन है, जो टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ बनाया है। वहीं टीम इंडिया का सबसे छोटा स्कोर 36 रन है, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बना है।

17 मार्च को होगा 2500वां मुकाबला

2 दिन बाद शुक्रवार 17 मार्च को न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच 2 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला वेलिंगटन में खेला जाएगा। जो टेस्ट क्रिकेट का 2500वां मुकाबला होगा। न्यूजीलैंड ने पहला टेस्ट आखिरी बॉल पर 2 विकेट से जीता था। न्यूजीलैंड ने कुछ दिनों पहले ही अपने घर में इंग्लैंड के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज 1-1 से जीती। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला तो न्यूजीलैंड ने फॉलोऑन मिलने के बाद महज एक रन से जीता।

जब 271 ओवर बॉलिंग कर गई टीम इंडिया

6 अगस्त 1997 को कोलंबो टेस्ट में श्रीलंका ने भारत के खिलाफ पूरे 271 ओवर बैटिंग कर 6 विकेट के नुकसान पर 952 रन बना डाले। यह टेस्ट क्रिकेट में बना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। श्रीलंका के सनथ जयसूर्या ने इस मैच में 340 और रोशन महानमा ने 225 रन अकेले ही बना डाले। भारत के 3 गेंदबाजों ने इस टेस्ट में 70 से ज्यादा-ज्यादा ओवर बॉलिंग की। श्रीलंका ने दूसरी पारी में यह स्कोर बनाया था, वहीं भारत ने अपनी पहली पारी 537/8 के स्कोर पर डिक्लेयर की थी।

पांकी विधायक की पहल पर होगा शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता की पहल पर पांकी मुख्य बाजार चौक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा लगने जा रहा है। 23 मार्च को पांकी कपूर्री चौक से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसमें विधायक ने सभी लोगों को शामिल होने की अपील की है। प्रभात फेरी के बाद शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। जिसके बाद पांकी मुख्य बाजार चौक को शहीद भगत सिंह चौक के नाम से जाना जाएगा। विधायक ने दर्जनों लोगों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। इस मौके पर पांकी बजरंग दल के अध्यक्ष संस्कार सोनी, विधायक प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, मनोज सिन्हा, शंकर प्रसाद गुप्ता, श्यामनंदन ओझा, जय किशोर प्रसाद, राजदेव मेहता, रोशन सिंह, देव दीप सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

भारतीय वायुसेना में नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू, 17 से होगा पंजीकरण

- अग्निवीर योजना के तहत की जाएगी भर्तियां
- भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर ए प्रदीप रेड्डी पलामू के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों का करेंगें दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायु सेना में नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अग्निवीरवायु के लिए पंजीकरण 17 मार्च 2023 को 10 बजे से शुरू होगी और 31 मार्च को शाम पांच बजे तक अंतिम आवेदन लिया जाएगा। भारतीय वायु सेना में नियुक्ति को लेकर सेना के कमान अधिकारी विंग कमांडर ए प्रदीप रेड्डी पलामू जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में 17 से 31 मार्च तक विजिट करेंगे। इस संबंध में विंग कमांडर ए प्रदीप रेड्डी ने बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अग्निवीर को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक और अभिप्रेरित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में जाकर छात्र-छात्राओं से मिलकर संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि पलामू जिले के युवा छात्र छात्राओं को भारतीय वायुसेना में भर्ती होने के लिए सुनहरे अवसर का फायदा उठाना चाहिए। भारतीय वायु सेना में भर्ती होकर युवाओं को अपने देश के प्रति देश प्रेम जाहिर करने और अपने परिवार को गौरवान्वित महसूस कराने का यह सुनहरा अवसर है।

दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने महुदा स्टेशन सहित रैक लोडिंग साइडिंग का किया निरीक्षण

ट्रेनों का सुरक्षित आवागमन, यात्रियों की सुविधा और राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करें :अर्चना जोशी

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा/कतरास। दक्षिण पूर्व रेलवे (दपूरे) की महाप्रबंधक (जीएम) अर्चना जोशी ने बुधवार को आद्रा डिवीजन के महुदा खानुडीह रेलखंड अंतर्गत पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों के साथ बीसीसीएल एरिया वन और ब्लॉक टू के बेनीडीह मेन व केकेसी लिंक रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया। अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिया। जीएम ने कहा कि सुरक्षित तरीके से ट्रेनों का आवागन व यात्रियों को सुविधा मिल सके यह सुनिश्चित करें। रेलवे के राजस्व में वृद्धि को लेकर रैक लोडिंग बेहतर हो। उन्होंने रेलवे साइडिंग पर उपस्थित बीसीसीएल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि साइडिंग से होकर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का परिचालन होता है। रैक लोडिंग के दौरान रेलवे ट्रैक पर गिरे कोयला व धूल की सफाई समय-समय पर हो जिससे ट्रेनों की गति प्रभावित ना हो और दुर्घटना की संभावना नहीं रहे। साइडिंग पर समुचित लाईट की व्यवस्था किया जाए। उधर, निरीक्षण के दौरान बाघमारा नागरिक समिति के सदस्यों और बाघमारा विधायक की पत्नी सावित्री देवी, बाघमारा प्रखंड प्रमुख गीता देवी, गिरीडीह सांसद प्रतिनिधी विजय शर्मा, गौतम गोप, सुरेश साव, भाष्कर सेन गुप्ता आदि ने पूर्व की मांगों को दोहराते हुए जीएम को मांग पत्र सौंपा। मौके पर डीआरएम मनिश कुमार सहित कई अधिकारी और आरपीएफ के अधिकारी-जवान मौजूद थे। वहीं, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी एवं बाघमारा नागरिक समिति के सदस्यों ने जीएम से कोरोनाकाल से बंद आनंद विहार ,संतरागाछी एक्सप्रेस ट्रेनों को अविलंब चलाने की मांग की। लगे हाथ स्टेशन रोड की जर्जर स्थिति पर चर्चा की और खानुडीह फाटक पर फ्लाईओवर बनाने की मांग की गई। इस पर जीएम ने कहा कि हम लोग इस पर जल्द ही विचार कर उचित कार्यवाही करेंगे। बंद पड़े ट्रेनों को चालू कराने की दिशा में भी उन्होंने जांच कर कदम उठाने का आश्वासन दिया।

निरीक्षण के क्रम में लोगों से मिलकर बातें करती व उनकी समस्याएं सुनती दपूरे की जीएम अर्चना जोशी। चिल्ड्रेन पार्क का उद्घाटन करती दपूरे की जीएम।

पूर्व मंत्री व जिप अध्यक्ष ने सौंपा स्मार पत्र

महाप्रबंधक, डीआरएम मनीष कुमार सहित रेलवे के वरीय पदाधिकारियों के साथ महुदा रेलवे स्टेशन पहुंची। स्टेशन, साइडिंग, प्लेटफार्म, टिकट काउंटर श्रमिक कोलोनी, चिकित्सालय आदि क्षेत्रों के रखरखाव, यात्रियों की सुविधा, श्रमिक कॉलोनी की दशा, उनकी चिकित्सा व्यवस्था समेत जन सरोकार से जुड़े मूलभूत समस्याओं व उसकी वस्तु स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में जीएम ने चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन भी किया। वहीं जीएम के महुदा पहुंचते ही प्रदेश के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो, पूर्व मुखिया संपद घोषाल, पंसस समिति सदस्य अजय दास, प्रदीप सिंह आदि ने महुदा रेलवे के आस-पास रह रहे ग्रामीणों को जर्जर सड़क व अन्य व्यवस्था , हो रही परेशाने से अवगत कराया। साथ ही अन्य मौलिक असुविधाओं के लिए एनओसी देने की मांग।

कर्मचारी की पत्नी ने सुनायी समस्या, जीएम ने दिये निदान के निर्देश

निरीक्षण के दौरान रेलवे कर्मचारी सपन कुमार हरि की पत्नी रूबी देवी ने जीएम अर्चना जोशी से मिलकर कर्मचारी क्वार्टर के बाउंड्री वाल, बरसात में छत से पानी टपकने सहित अन्य समस्याओं को लेकर शिकायत की। कहा कि मैम (जीएम) आपसे शिकायत करने से पहले डीआरएम व अन्य अधिकारियों से मिलकर समस्या से अवगत करा चुकी हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर जीएम ने एक अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल इनके क्वार्टर की जांच कर मरम्मत का काम शुरू कराया जाए।

भाकपा माले निरसा एरिया कमेटी की समीक्षा बैठक, महाधिवेशन को बताया ऐतिहासिक

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। भाकपा माले के निरसा एरिया कमेटी की बैठक बुधवार को सेंट्रलपुल कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें केंद्रीय कमेटी सदस्य सह धनबाद जिला प्रभारी कॉमरेड जनार्दन प्रसाद उपस्थित थे। इस दौरान भाकपा माले के 15-20 फरवरी को पटना में संपन्न हुए महाधिवेशन व लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ रैली की समीक्षा की गई। लगे हाथ आगे के आंदोलना व अन्य कार्यक्रमों के अलावा 22 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस की तैयारी पर चर्चा की गई। जनार्दन प्रसाद ने कहा कि पार्टी के 11वां अधिवेशन व रैली ऐतिहासिक रही। जन संगठनों को मजबूती प्रदान करके ही पार्टी को मजबूत किया जा सकता है। मार्च के अंत तक निरसा व एग्यारकुण्ड लोकल कमेटी की बैठक होगी। 15 अप्रैल तक निरसा व केलियाशोल प्रखंड-अंचल कार्यालय पर जन समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है। बैठक का संचालन निरसा एरिया कमेटी के सचिव नागेन्द्र कुमार ने किया। मौके पर उपेंद्र सिंह, मनोरंजन मलिक, हरेंद्र सिंह, जगदीश शर्मा, सुनील गिरि, गणेश महतो, बीपीन मंडल, संजीत राऊत, सत्येन्द्र चौहान, लक्ष्मीनारायण दास, राजनारायण महतो, जमाल अंसारी और बजरंगी पासवान आदि थे।

कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

पत्रांक– 186 /दिनांक–15.03.2023

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR F2-53/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-292349 water resource(2022-23).D है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 292705 Water Resource(22-23)#D

कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

पत्रांक– 184 /दिनांक–15.03.2023

निविदा स्थगन सूचना

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**WRD/MID/LATEHAF2-51/2022-23** विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका **PR No-292347 water resource(2022-23).D** है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 292702 Water Resource(22-23)D

महत्वपूर्ण न्यूज

मंत्री चंपई सोरेन के निर्देश के बाद चालू हुई असहाय सुगिया देवी की पेंशन

बेरमो (आजाद सिपाही)। सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता के पहल के बाद सुगिया देवी का पेंशन मात्र 24 घंटे के भीतर चालू हो गया। बतातें चलें कि सुगिया देवी फूसरो स्थित घुटियाताड़ की रहने वाली है। उनकी एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी है। देखभाल के लिए पति और पत्नी ही एक-दूसरे का सहारा है। ऐसे में घर का खर्च चला पाना मुश्किल हो रहा था। सुगिया देवी का कहना था कि पेंशन मिल जाता तो जीवन यापन का एक सहारा हो जाता। सुगिया देवी ने जरिडीह बाजार निवासी राजेश वर्मा को आपबीती बताई। राजेश वर्मा ने सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता से संपर्क कर सुगिया देवी के पेंशन के लिए गुहार लगाया। इस पर विकास गुप्ता ने मामले को लेकर मंत्री चंपई सोरेन को ट्वीट कर अवगत कराया। मंत्री चंपई सोरेन ने मात्र आधे घंटे के भीतर मामले को संज्ञान में लेकर बोकारो डीसी को मदद करने का निर्देश दिए। डीसी ने मामले को संज्ञान में लेकर 24 घंटे के भीतर पेंशन स्वीकृत कर दिया। सुगिया देवी को जैसे ही पता चला कि पेंशन स्वीकृत हो गया वह बेहद खुश हुई और मंत्री चंपई सोरेन, विकास गुप्ता और डीसी को धन्यवाद दिया।

बीएसएल के ब्लास्ट ने बनाया नया कीर्तिमान

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में चार फर्नेस परिचालन से हॉट मेटल उत्पादन का एक नया कीर्तिमान बनाया है। टीम ब्लास्ट फर्नेस ने इस वित्त वर्ष में मंगलवार तक चार फर्नेस के परिचालन से 4275843 टन हॉट मेटल का उत्पादन किया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में चार फर्नेस के परिचालन से 4264800 टन हॉट मेटल का उत्पादन हुआ था। अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी और मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) एमपी सिंह के नेतृत्व में ब्लास्ट फर्नेस की टीम ने उत्कृष्टता के इस नए बेंचमार्क को स्थापित किया है। बोकारो स्टील प्रबंधन ने टीम ब्लास्ट फर्नेस और इस उपलब्धि को हासिल करने में सहयोगी सभी विभागों को बधाई दी है।

जूनियर विश्व कबड्डी विजेता सागर का बोकारो में हुआ भव्य स्वागत

बोकारो (आजाद सिपाही)। जूनियर विश्व कबड्डी विजेता टीम इंडिया के ऑल राउंडर खिलाड़ी सागर के बोकारो आगमन पर जिला कबड्डी संघ की ओर से भव्य स्वागत किया गया। भारतीय स्टार प्लेयर सागर के आगमन की सूचना बोकारो के खिलाड़ियों को पहले ही हो चुकी थी, जिस कारण सैकड़ों लोग बोकारो स्टेशन पहुंच गए। जैसे ही जन शताब्दी ट्रेन स्टेशन पर पहुंची, पूरा स्टेशन भारत माता की जय और बोकारो का लाला सागर जिंदाबाद ने नारों से गूंज उठा। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने पुष्प गुच्छ देकर सागर का अभिनंदन किया। इसके बाद सागर को स्टेशन से नया मोड़ होते हुए बोकारो परिसदन तक जुलूस की शक्ल में पहुंचाया गया। जहां सागर ने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बोकारो परिसदन में सागर के सम्मान में आयोजित समारोह में जिला कबड्डी संघ की ओर से 50 हजार रुपये की राशि चेक के रूप में देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव बिपिन कुमार सिंह, कोच तेजनारायण, नीरज, संजय, प्रेम प्रकाश, प्रद्युम्न, पवन सिंह, चंदू प्रसाद, विक्की, मंजू, धीरज, कृष्ण कुमार आदि मौजूद थे।

रानी रोड में 25 वर्ष पुराने माता शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार, भक्तगणों ने किया श्रमदान

धनबाद (आजाद सिपाही)। रानी रोड, भुदा स्थित शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। प्रथम तल की ढलाई में मजदूरों के साथ मोहल्ले के लोगों ने श्रमदान किया। विदित हो कि करीब 25 वर्षो से पुरानी करकट की छत के नीचे मां शीतला विराजमान थी। मंदिर कमेटी के सदस्यों और आसपास के लोगों के आर्थिक सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मौके पर सत्येंद्र शर्मा, मनोज आदि थे।

चिरकुंडा नप में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यालय के समक्ष राजद का महाधरना

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। चिरकुंडा नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर युवा राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड प्रदेश की ओर से एक माह पूर्व दिए गए 11 सूत्री मांग पत्र को लेकर बुधवार को चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय महाधरना दिया गया। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ बिट्टू मिश्रा ने कहा कि किसी भी योजना की घोषणा तो होती है पर धरातल पर नहीं उतरती। वह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है। आम जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाता है। पानी, फाउंटेन पार्क के नाम पर घोटाला, टेंपो, बसस्टैंड की कोई व्यवस्था नहीं, दो रास्ता स्वीकृति हुआ लेकिन निर्माण नहीं हुआ। सरकारी जमीन का घोटाला और बिक्री के मामले की जांच नहीं हुई। इस सभी को लेकर आज चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय महाधरना दिया गया है। अगर मांगें शीघ्र पूरी नहीं हुई तो कार्यालय के गेट के अंदर बैठ कर प्रदर्शन करेंगें। महाधारना में बिट्टू मिश्रा, सुनीता सिंह, शहजाद अंसारी, सोनू यादव, सोनू खान, हरेराम यादव, उपेंद्र यादव, मोहम्मद नवाब, मोहम्मद नौशाद, लक्ष्मी देवी, शबाना खातून आदि मौजूद थे।

दामोदर नदी पर पुल बनने से लाभान्वित होंगे झारखंड व बंगाल के लोग: पूर्णिमा

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। विधायक सह सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह ने बजट सत्र के दौरान पथ निर्माण विभाग से किए गए तारांकित प्रश्न में धनबाद जिला के बलियापुर प्रखंड अंतर्गत झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली सेरसाकुंडी-चेलियामा-करगली के बीच दामोदर नदी पर पुल निर्माण की मांग की। विधायक ने कहा कि उक्त नदी पर पुल निर्माण होने से एक तरफ जहां झारखंड वासियों को सुविधा मिलेगी वहीं, बंगाल के लोगों को भी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण होने से दोनों राज्यों की दूरी भी काफी कम हो जाएगी। साथ ही दोनों राज्यों के बीच आपसी व्यवसायिक सबंध बनने की दिशा में लाभ होगा। विधायक ने कहा कि उक्त स्थान पर पुल निर्माण के लिए सबंधित वाली भाग द्वारा डीपीआर तैयार किया गया है। पर निविदा नहीं निकाला जा सका है। इस सवाल के जवाब में सरकार द्वारा बताया गया कि उक्त पुल निर्माण का प्रस्ताव झारखंड व बंगाल राज्य के बीच है। उक्त पुल अंतरराज्यीय होगा। जिसमें बंगाल अंतर्गत पहुंच पथ व पुरुलिया मुख्य मार्ग से संपर्क पथ के निर्माण की आवश्यकता है। संपर्क पथ के सबंध में भविष्य की योजनाओं की जानकारी बंगाल सरकार से मांगी गयी है। प्रतिवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

शुद्धि–पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, लोहरदगा द्वारा निकाले गए सैरातो की बन्दोबस्ती हेतु आमंत्रित की गई खुली डाक जिसका PR 292074 Lohardaga(22-23)#D है, दिनांक– 20.03.2023 को पूर्वाहन् 11:00 बजे निर्धारित थी। अपरिहार्य कारण वश सैरातो की बन्दोबस्ती हेतु खुली डाक का आयोजन दिनांक– 21.03.2023 पूर्वाहन् 11:00 बजे निर्धारित किया जाता है।

नोटः– पूर्व में निकाली गई सैरात बन्दोबस्ती के नियम व शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 292662 (Lohardaga)22-23*D

ज्वलंत मुद्दों को लेकर संयुक्त मोर्चा ने जीएम से की वार्ता

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बांसजोड़ा कोलियरी के ज्वंलत मुद्दों को लेकर संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने बुधवार को सिजुआ जीएम अनूप कुमार राय के साथ वार्ता की। मोर्चा नेताओं ने जीएम के समक्ष बांसजोड़ा क्षेत्र मे बढ़ती आग, बिजली, पानी, मजदूरो के पदोन्नती सहित अन्य समस्याओं को रखा। इस पर जीएम ने नेताओं को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

सांसद खेल महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की अपील

धनबाद के युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने का सुनहरा अवसर : रागिनी सिंह

18 को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री करेंगे झरिया में खेल महोत्सव का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। जेलगोड़ा स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने को लेकर बुधवार की शाम कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक के बाद प्रेस वार्ता की गई। जिसमें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, कार्यक्रम संयोजक सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा जिला महामंत्री नितिन भट्ट, जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, कार्यक्रम के झरिया प्रभारी दिलीप भारती, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वरूप भटाचार्य, झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव, शैलेश चंद्रवंशी, अभिषेक पांडेय आदि मौजूद थे। इस अवसर पर रागिनी सिंह ने कहा कि धनबाद के बच्चे-युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने और सुनहरा अवसर है। इस लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में खेल महोत्सव में भाग लें और कृतिमान स्थापित कर जिले का नाम रोशन करे। उन्होंने बताया कि खेल महोत्सव का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति व संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। महोत्सव 18 एवं 19 आयोजित किया गया है। मोहत्सव में भाग ले रहे सभी लोगों के रहने, खाने व इलाज संबंधित सभी व्यवस्था की गई है। वहीं, मानस प्रसून ने बताया कि तीन हजार से भी ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुआ है जिसमें जिला के कई स्कूलों के बच्चे भाग ले रहे है। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने सबसे पहले खुद का रजिस्ट्रेशन कराया है। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश मैदान से मैराथन दौड़ के साथ होगा। वहीं 18 मार्च की रात को चैता आयोजन किया जाएगा।

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करती रागिनी सिंह।

झारखण्ड–सरकार
श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान, गढ़वा
प्राचार्य का कार्यालय

प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला

RDSDE झारखण्ड रांची के माध्यम से **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में दिनांक –20.03.2023 (दिन सोमवार)** को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 10:00 बजे पूर्वाहन में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME / Manufacturing Sector / Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/ Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नात्तक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in** पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी **शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहुँचकर पंजीयन करा सकते है।**

अतः गढ़वा जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक के सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

नोटः–अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा एवं जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
गढ़वा।

PR 292602 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

GOVERNMENT OF JHARKHAND
SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND
(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)
Gate No. 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi
e-mail- sajha9@gmail.com

TENDER NOTICE

Notice No. 38, Dated : 14/03/2023

The undersigned, invite the sealed Tenders in two parts, Part-I (Technical part) and Part-II (price part) subscribed on sealed envelope from the reputed tenderers having good experience and financial soundness of following similar type of civil works and having sound financial status

NIT No.	Name of the works	Estimated cost in Rs./-	Earnest money to be deposited in Rs./-	Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./-	Time of completion of work.
1/PR/SAJHA /2022-23	Renovation of Hostel Building Nadia High School at Lohardaga.	22,16,061/-	44,500/-	5,000/-	2 months
2/PR/SAJHA /2022-23	Repair of Hostel Building of Mega Sports Complex, Khelgaon, Hotwar, Ranchi.	12,37,069/-	24,750/-	2,500/-	45 Days
Last date and time for submission of tender			Up to 29/03/2023 up to 5.00 PM		
Date and time for opening of Tender Part -I (Technical and Commercial)			At 3.30 PM on 31/03/2023		
Date and time for opening of Tender Part -II (Price Part)			Will be Communicated later on		
Tendering Officer and address for communication			Executive Director office, SAJHA, Morabadi, Ranchi		

1. Tender documents can be purchased from the office of Civil wing SAJHA from 23/03/2023 to 28/03/2023 upto 10:00 am to 4:00 pm after depositing cost of BoQ (Non-refundable) on office working hour, in the name of **SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND, Morhabadi, Ranchi** in shape of Bank Draft.
2. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/to extend the date of sale/submission and opening of tender/distribute the works among the tenderers of reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

Sd./- Executive Engineer
Sports Authority of Jharkhand

PR 292619 Art Culture Sports and Youth Affairs (22-23)_D

एच 3 एन 2 वायरस से अब तक 9 लोगों की मौत

महाराष्ट्र में 352 मरीज मिले हैं

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, लैब में टेस्ट किये गये 79% इंफ्लूएंजा सैंपल्स में एच3एन2 वायरस पाया गया है।

देश में एच3एच2 वायरस का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देशभर में इस वायरस की वजह से अब तक 9 लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

वायरस का सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र में है। यहां अब तक वायरस के 352 मामले सामने आ चुके हैं। पुडुचेरी में सभी स्कूल 16 से 26 मार्च तक बंद कर दिए गए हैं। इधर, दिल्ली में भी लगातार मिल रहे नए केस को देखते हुए बेड और डॉक्टरों की सुविधा बढ़ाई जा रही है। राजधानी के छठखढ अस्पताल में 20 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है।



इसके अलावा 15 डॉक्टरों की टीम को भी विशेष तौर पर नियुक्त किया गया है। असम में भी बुधवार को एच3 एन 2 वायरस का एक मामला सामने आया है।

महाराष्ट्र में वायरस से दो मौतों का दावा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महाराष्ट्र में इस वायरस से कथित तौर पर अब तक दो लोगों की मौत हुई है। इनमें अहमदनगर में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा एक युवा पिछले हफ्ते अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए अलीबाग गया था। वहां से लौटने के बाद उसकी तबीयत खराब होने लगी।

जांच में पता चला कि वह कोविड-19 और एच 3 एन2 वायरस से संक्रमित था। अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। वहीं, नागपुर में वायरस से संक्रमित 78 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई।

गुजरात में भी वायरस से महिला की मौत

गुजरात के वडोदरा में भी इसी वायरस से 58 साल की एक महिला की मौत का दावा किया जा रहा है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि महिला की जांच रिपोर्ट अभी लैब में भेजी गई है, वहां से पुष्टि होने के बाद ही मौत की वजह सामने आ पायेगी।

अडाणी मामले में विपक्ष के 16 दलों का पैदल मार्च

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। विपक्ष के नेता जहां अडाणी मामले की जांच के लिए जेपीसी की मांग पर अड़े रहे, वहीं भाजपा के सांसद लंदन में दिये गये बयान को लेकर राहुल गांधी से माफी की मांग पर डटे रहे। इधर, सुबह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर विपक्ष के 16 नेताओं ने बैठक की। आज ही राहुल गांधी विदेश से लौटे और एक बार फिर अडाणी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। सत्र शुरू होने से आधे घंटे पहले यानी सुबह साढ़े 10 बजे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के पार्लियामेंट चैंबर में विपक्ष के 16 दलों के नेताओं ने बैठक की। इसमें हिंडनबर्ग-अडाणी रिपोर्ट की जांच के लिए खढउ की मांग को लेकर सरकार पर और दबाव बनाने पर सहमति बनी। सभी दलों ने एक सुर में अडाणी मामले में सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाये। इसके अलावा बैठक में यह भी तय हुआ कि अडाणी मामले की जांच को लेकर एक चिट्ठी लिखी जायेगी, जिस पर सभी विपक्षी सांसदों के दस्तखत होंगे। इसे इडी को सौंपा जायेगा और जांच की मांग की जायेगी। इसके लिए संसद से लेकर इडी ऑफिस तक पैदल मार्च किया जायेगा। इससे पहले संसद सत्र के तीसरे दिन भी भाजपा और कांग्रेस के बीच राहुल और अडाणी मुद्दे को लेकर जमकर टकराव हुआ।

विश्व ग्लूकोमा सप्ताह एम्स भुवनेश्वर में मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। विश्व में अब ग्लूकोमा के 78 मिलियन रोगी हैं, जिनमें से 16 मिलियन केवल भारत में रहते हैं। एम्स भुवनेश्वर में नेत्र ओपीडी में आने वाले हर 100 मरीजों में ग्लूकोमा के चार-पांच मरीज पाए जाते हैं। विश्व ग्लूकोमा सप्ताह समारोह के अवसर पर एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने कहा कि अधिकतम रोगियों ने बिना किसी लक्षण के अंतिम चरण में ग्लूकोमा का पता लगाया। नेत्र विज्ञान विभाग द्वारा कल आयोजित कार्यक्रम में मरीजों से बातचीत करते हुए डॉ. बिस्वास ने सभी रोगियों और 40 वर्ष से अधिक उम्र के जोखिम वाले लोगों, ग्लूकोमा के पारिवारिक इतिहास और मधुमेह और उच्च रक्तचाप वाले रोगियों को ग्लूकोमा की जांच करने की सलाह दी क्योंकि इसे रोका जा सकता है अगर बहुत जल्दी पता चला। उन्होंने ग्लूकोमा के मरीजों को दवा के किट भी बांटे।

हर साल मार्च के दूसरे सप्ताह को दुनिया भर में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है ताकि इस अंधेपन की बीमारी के बारे में जन जागरूकता पैदा की जा सके जिसे रोका जा सकता है और ऑप्टिक तंत्रिका को होने वाली क्षति अपरिवर्तनीय है। इस वर्ष की थीम है 'विश्व उज्ज्वल है, अपनी दृष्टि बचाओ'। कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिश्वास, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार परीदा और डीन डॉ. प्रशांत राघब महापात्र ने एक जागरूकता वार्ता और बैठक में भाग लिया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुचेता परीजा ने ग्लूकोमा के संबंध में और जोखिम आबादी के बारे में बताया। डॉ. भगवत नायक ने एम्स भुवनेश्वर में ग्लूकोमा के इलाज की उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया।

एम्स लेजर में वयस्क और बाल चिकित्सा ग्लूकोमा दोनों के लिए सर्जरी की सुविधा है। ग्लूकोमा का पता लगाने के लिए सभी प्रकार के उन्नत परीक्षण जैसे पेरिमेट्री, ओसीटी, यूबीएम भी यहां उपलब्ध हैं। डॉ. संदीप कुमार साहू ने ग्लूकोमा की जांच और पता लगाने के लिए सामुदायिक स्तर पर एम्स द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। अतिरिक्त। कार्यक्रम में प्रोफेसर एनाटॉमी डॉ प्रवेश रंजन त्रिपाठी, डॉ बिजन्या पांडा, डॉ ब्रुटेंदु मोहराना, डॉ प्रियदर्शिनी मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

विशेष रूप से ओडिशा के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड जैसे पड़ोसी राज्यों से ग्लूकोमा के सभी प्रकार के रोगी एम्स भुवनेश्वर में आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार कोविड-19 के कारण कई मरीजों को समय पर उचित इलाज नहीं मिल पाया और उनकी आंखों की रोशनी चली गई।

लिंग की परवाह किए बिना 40 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ने के लिए अंतःस्रावी दबाव की वार्षिक जांच होनी चाहिए। लोगों को विभिन्न नेत्र विकारों के लिए स्टेरॉयड आई ड्रॉप्स के काउंटर पर उपयोग से बचना चाहिए। ग्लूकोमा के मरीजों के फर्स्ट-डिग्री रिश्तेदारों को अधिक बार आंखों की जांच करानी चाहिए क्योंकि उनमें ग्लूकोमा विकसित होने की संभावना अधिक होती है।

पूर्व मध्य रेल

सांकेतिक अधिसूचना

अनुबंध के आधार पर आनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट की नियुक्ति

अनुबंध के आधार पर DRH/DHN और SDRH/PTRU के लिए मानद विजिटिंग विशेषज्ञ को नियुक्त करने का प्रस्ताव है। इच्छुक डॉक्टर जो नीचे निर्दिष्ट योग्यता/पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, उपरोक्त अनुबंध हेतु आवेदन कर सकते हैं। यह नियुक्ति विशुद्ध रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर होगी जिसे नए अनुबंध के रूप में वर्ष दर वर्ष के आधार पर नवीनीकृत किया जा सकता है यानी 2 साल या योजना उपलब्ध है, इनमें से जो भी पहले हो। कुल रिक्ति – 05 **क्र.सं. 1. मंडल/रेलवे:** DRH/DHN **रिक्ति:** 02 **विशेषज्ञ:** जनरल सर्जन **योग्यता:** जनरल सर्जरी में MS/DNB **विशेषज्ञ:** पेडियाट्रीसीअन **योग्यता:** पेडियाट्रीक्स में MD/DCH/DNB **क्र.सं. 2. मंडल/रेलवे:** SDRH/PTRU **रिक्ति:** 03 **विशेषज्ञ:** फिजिसियन **योग्यता:** जनरल मेडिसिन में MD/DNB **विशेषज्ञ:** जनरल सर्जन **योग्यता:** जनरल सर्जरी में MS/DNB **विशेषज्ञ:** गायनिकोलोजिस्ट **योग्यता:** MS/DGO/DNB in Obst & Gynecology **कार्य समय:** 2 घंटे/दिन, 6 दिन/ सप्ताह के लिए **4.** आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि : सीएमएस/मंडल रेलवे अस्पताल/ईसीआर/धनबाद मंडल, धनबाद, झारखंड, पिन कोड–826001, रजिस्टर पोस्ट के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से दिनांक 30.03.2023 या उससे पहले) **5.** साक्षात्कार का समय एवं स्थान: उचित समय पर सूचित किया जायेगा। अनुबंध हेतु आवश्यक योग्यता, पारिश्रमिक, आयु सीमा, आवेदन कैसे करे, सामान्य शर्तें और अन्य सुविधाएँ, आवेदन के लिए प्रोफोर्मा और अन्य जानकारी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश पूर्व मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ecr.indianrailways.gov.in** (Dhanbad>personnel>notification) से डाउनलोड किया जा सकता है।

पीआर/2318/डीएचएन/पीईआर/एन/22–23/80 मंडल रेल प्रबंधक (का०) पूर्व मध्य रेल, धनबाद

माछकुंड पुलिस को फिर मिली कामयाबी, 1 करोड़ 26 लाख का गांजा जब्त

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कोरापुट पुलिस को एक और कामयाबी। एक करोड़ 26 लाख कीमत का गांजा जब्त। माछकुंड पुलिस ने छापेमारी कर गांजा जब्त किया। यह गांव मालकानगिरी जिले और माओवाद प्रभावित क्षेत्र की सीमा पर है। कोरापुट एसपी के निर्देश पर नंदपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में माछकुंड और लमतापुट पुलिस ने स्वतंत्र टीम गठित कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान खड़ापुट गांव के एक घर से भारी मात्रा में गांजा जब्त किया गया। पुलिस की छापेमारी को देखते हुए घर का मालिक मौके से फरार हो गया। हालांकि घर की तलाशी लेने पर 49 बोरियों में 12 सौ 60 किलो गांजा बरामद हुआ.पुलिस ने बताया कि इस गांजे की कीमत 1 करोड़ 26 लाख रुपये होगी। माछकुंड पुलिस ने फरार मकान मालिक की पहचान कर पकड़ ने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं।

पूर्व तट रेलवे ने राजकोषीय समाप्ति से पहले ही स्क्रैप निपटान का लक्ष्य हासिल कर लिया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे ने चालू वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित अपने स्क्रैप निपटान लक्ष्य को पार कर लिया है। पूर्व तट रेलवे पूरे क्षेत्र को कबाड़ मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करता है। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने स्क्रैप डिस्पोजल सिस्टम से जुड़ी पूरी टीम की सराहना की और बधाई दी.इस वित्तीय वर्ष के अंत के कुछ दिनों से पहले, पूर्व तट रेलवे ने रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित 215 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले स्क्रैप निपटान से 215.75 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व आय किया है। इससे वाल्टेयर डिवीजन ने 79.1 करोड़ रुपये, खुर्दा रोड डिवीजन ने 58.21 करोड़ रुपये, संबलपुर ने 51.93 करोड़ रुपये, मंचेश्वर कैरिज रिपेयर वर्कशॉप ने 22.19 करोड़ रुपये कमाये हैं। इस वित्त वर्ष के दौरान, पूर्व तट रेलवे ने अपने अधिकार क्षेत्र में 174 ई-नीलामी की है जिसमें वाल्टेयर, खुर्दा रोड, संबलपुर में इसके सभी

डिवीजन शामिल हैं, साथ ही मंचेश्वर कैरिज रिपेयर वर्कशॉप और रीसायकल के लिए रेल व्हील फैक्ट्री (आरडब्ल्यूएफ) को सामग्री भेजना और अन्य सामग्रियों में परिवर्तित करना शामिल है। वित्तीय वर्ष के अंत तक 18 और ई-नीलामी आयोजित करने की योजना बनाई गई है। स्क्रैप किसी भी औद्योगिक गतिविधि में उत्पन्न होता है जिसमें मशीनरी, उपकरण और अन्य संपत्ति शामिल होती है। इन संपत्तियों का जीवन काल पूरा होने के बाद बेहतर प्रदर्शन और सुरक्षा के लिए इन्हें बदला जाना है। स्क्रैप का समय पर निपटान किया जाना चाहिए ताकि इसे अन्य उपयोगी रूपों में परिवर्तित करने के लिए पुनर्नवीनीकरण किया जा सके। यह पर्यावरण को सुरक्षा और स्वच्छ बनाने में भी मदद करता है। पूर्व तट रेलवे ने समय पर स्क्रैप निपटान के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। स्क्रैप निपटान की गतिविधि इ-नीलामी के माध्यम से की जा रही है जो पूर्व तट रेलवे में पूरी तरह से ऑनलाइन है। पूर्व तट रेलवे का स्टोर विभाग 2013 से अपने समर्पित आईआरईपीएस (भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी कर रहा है, जो स्क्रैप सामग्री के निपटान के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया है और यह पारदर्शी तरीके से सभी बोलीदाताओं को समान अवसर देता है। किसी भी मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त। पोर्टल में 4000 से अधिक विक्रेता पहले से ही पंजीकृत हैं। इ-नीलामी प्रक्रिया में, अप्रयुक्त और स्क्रैप की गई वस्तुओं को भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाता है और नीलामीकताओं को उन्हें ऑनलाइन प्रोसेस करने की अनुमति दी जाती है। यदि उच्चतम बोली पूर्व निर्धारित आरक्षित मूल्य से ऊपर प्राप्त होती है, तो बोली को सिस्टम द्वारा स्वीकार कर लिया जाता है और प्रतिभागी को लॉट की बिक्री घोषित कर दी जाती है। पूरी प्रक्रिया बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के ऑनलाइन है।



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**